लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -240, पृष्ठ -16+4, मूल्य-5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों जरूरी हो जाती है इच्छामृत्यु व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 38.0° अधिकतम तापमान, 24.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 39, सूर्यास्त 18 : 36

कानपुर, रविवार, 21 अप्रैल 2024

सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज...-2

यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का दबदबा, हाईस्कूल के 89.55%, इंटरमीडिएट के 82.60% विद्यार्थी उत्तीर्ण

10वीं में प्राची, 12वीं में शुभम टॉपर

- हाईस्कूल में प्राची को मिले 98.5%, फतेहपुर की दीपिका दूसरे व सीतापुर की नव्या को तीसरा स्थान
- इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा को मिले 97.8% बागपत के विशु दूसरे व अमरोहा की काजल को तीसरा स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए। शनिवार को घोषित परिणामों के अनुसार, दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जहां छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 7.35 ज्यादा रहा वहीं इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 10.64 अधिक रहा। हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी जबकि इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए। 10वीं के परीक्षाफल में जहां टॉप 3 में छात्राओं ने बाजी मारी वहीं 12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 अंक के साथ टॉप किया।

दरअसल, इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के ही परीक्षार्थियों ने उप्र. में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं।

हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक और 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। इस परीक्षा में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 जबकि, बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इंटरमीडिएट में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक और 9,82,778 बालिकाएं हैं। इसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 29,36,353 संस्थागत एवं 11,982 व्यक्तिगत समेत कुल 29,47,335 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें 27,38,999 संस्थागत और 10,365 व्यक्तिगत यानी कुल 27,49,384 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में से 14,39,243 बालक जबकि 13,10,121 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें 24,55,041 संस्थागत और 6.985 व्यक्तिगत समेत कुल 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.63 और व्यक्तिगत का उत्तीर्ण प्रतिशत 67.39 है। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 22.24 अधिक है। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 94802 परीक्षकों द्वारा संपन्न किया गया। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.59 की कमी जबकि, बालिकाओं के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.06 की वृद्धि हुई है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.23 प्रतिशत की कमी आयी है।

कानपुर के अर्रा स्थित शिवा जी इंटर कॉलेज में परीक्षाफल घोषित होने के बाद छात्र-छात्राएं खुशी जाहिर करते हुए। ● अमृत विचार

हाईस्कूल टॉपर

प्राची निगम — दीपिका — नव्या

इंटरमीडिएट टॉपर

शुभम वर्मा — विशु — काजल

इंटरमीडिएट में फर्स्ट डिवीजन छात्र बढ़े

लखनऊ। इंटरमीडिएट में 24,25,426 संस्थागत और 15,25,581 व्यक्तिगत समेत कुल 25,78,007 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। 23,16,910 संस्थागत और 1,35,920 व्यक्तिगत समेत कुल 24,52,830 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में 13,41,356 बालक और 11,11 .474 बालिकाएं रहीं। वहीं 19,08,647 संस्थागत तथा 1,17,420 व्यक्तिगत समेत कुल 20,26,067 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 .38 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86 .39 रहा। वर्ष 2023 की तुलना में इण्टरमीडिएट के कुल परीक्षार्थियों की संख्या में 1,90,173 की कमी हुई है। ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2 .54 की वृद्धि तथा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2 .83 की वृद्धि हुई है।

12 कार्य दिवस में जारी किया परिणाम

प्रयागराज। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ. महेन्द्र देव और माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकान्त शुक्ल ने बताया कि इस साल यूपी बोर्ड ने पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा संपन्न कराई है और साथ ही रिकार्ड 12 कार्य दिवसों में ही परिणाम जारी किया। परीक्षाएं 22 फरवरी से 09 मार्च के मध्य 8,265 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई थीं। मूल्यांकन 16 मार्च, से 30 मार्च के बीच 259 मूल्यांकन केंद्रों पर मात्र 12 कार्य दिवसों में संपन्न हुआ।

ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने मारी टक्कर, 4 महिलाओं की मौत

छिबरामऊ-कन्नौज। मैनपुरी क्षेत्र में भोगांव के एनएच 34 कट पर शनिवार सुबह खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी। चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि करीब 24 लोग घायल हो गए।

कोतवाली छिबरामऊ क्षेत्र की चौकी करनौली के गांव कुंवरपुर लोधपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री मैनपुरी के थाना बिछवां के गांव बेलधारा में ब्याही है। पुत्री ने 10 दिन पहले बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार होना था। वीरेंद्र परिजनों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर ट्राली से ही घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुरी के पास पहुंचने पर ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट ठीक करने लगा। बताते हैं कि तभी पीछे से आए ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर समेत ट्राली पलट गई। हादसा होते ही चीखपुकार मच गई। ट्राली में सवार फूलमती (48) पत्नी अवधेश, रमाकांति (45) पत्नी दफेदार, संजय देवी (42) पत्नी राजेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि 25 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी (56) पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर लोधपुर छिबरामऊ के निवासी हैं। गंभीर रूप से 11 घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

एक नजर

जोमैटो को 11.82 करोड़ का कर नोटिस

नई दिल्ली। जोमैटो को जीएसटी प्राधिकरण से 11 .82 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माना देने का आदेश मिला है। कंपनी के जुलाई 2017 से मार्च 2021 के बीच भारत के बाहर स्थित उसकी सहायक कंपनियों को दी गई निर्यात सेवाओं के संबंध में यह नोटिस मिला। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, गुरुग्राम ने जारी किया। इसमें 5,90,94,889 रुपये की जीएसटी मांग के अलावा 5,90,94,889 रुपये का ब्याज और जुर्माना शामिल है। जोमैटो ने शुक्रवार देर शाम शेयर बाजार को बताया कि कंपनी उचित प्राधिकारी के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी को सजा

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी एक व्यवसायी को रिश्वतखोरी और कर चोरी के जुर्म में 18 महीने की परिवीक्षा और 200 घंटे की सामुदायिक सेवा की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अरमान आमिरशाही (46) कई रिश्वतखोरी संबंधी कई योजनाओं में शामिल था। इनको मैरीलैंड स्थित कैपिटल हाइट्स के एंथनी मेरिट और डीसी ऑफिस ऑफ टैक्स एंड रेवेन्यू (ओटीआर) के पूर्व प्रबंधक विंसेंट स्लेटर ने बनाया था।

भाजपा ने अमीरों को पैसा बांटा, हम गरीबों को देंगे

अमरोहा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली और विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मिनी स्टेडियम में जनसभा को किया संबोधित
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है भाजपा

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने जितना पैसा अमीरों को दिया, हम गरीबों को देंगे। केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो उद्योगपतियों को दिया गया पैसा किसानों और गरीबों को दिया जाएगा।

युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की नाम से योजना लागू होगी। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएट युवाओं को अप्रेंटिस का हक दिया जाएगा। अग्निवीर योजना को रद कर दिया जाएगा। युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा ने ठगा है। पहले युवाओं को सेना में रोजगार और पेंशन मिलती थी। शहीद होने का दर्जा मिलता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह सब बंद कर दिया। अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है। जितनी भी परीक्षाएं हुईं, सबका पेपर लीक हुआ है। भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है।

मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का निधन

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को दिल्ली में निधन हो गया। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मुरादाबाद सीट से उन्हें चौथी बार प्रत्याशी बनाया था। वह 2009 से लगातार लोकसभा चुनाव में भाजपा से प्रत्याशी रहे। जिसमें 2014 में वह इस सीट से चुनाव जीत कर सांसद बने। जबकि 2019 में वह सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन से हार गए। 2024 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें फिर से प्रत्याशी बनाया। वह 12 अप्रैल को मुरादाबाद में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा में मंच पर आए थे। उनके निधन की सूचना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शोक जताया और कहा कि कुंवर सर्वेश का निधन भारतीय जनता पार्टी और उनके लिए व्यक्तिगत आघात है। वह पार्टी के स्तंभ थे। एक बार सांसद व पांच बार पार्टी के विधायक रहे।

रहस्य-रोमांच | बैंगनी बैक्टीरिया में कई प्रकार की परिस्थितियों में पनप सकता है जीवन

बैगनी रंग के ग्रहों में छिपा हो सकता एलियंस का जीवन

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : एलियंस की तलाश पृथ्वी के हरे रंग के विपरित बैगनी रंग के ग्रहों में करनी होगी। बैंगनी वह रंग है, जिसमें बैक्टीरिया कई प्रकार की परिस्थितियों में जीवन पनपाने में सक्षम है। एलियंस की तलाश में जुटे वैज्ञानिकों को यह सुझाव कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दिया है।

दरअसल कई दशक बीत जाने के बावजूद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश अभी भी अधूरी है। एलियंस की खोज की दिशा में दुनिया के कई संस्थाओं के वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। मगर कोई सुराग आजतक हाथ नही लग सका है। अब एक नया सुझाव सामने आया है। जिसमें पृथ्वी के हरे रंग की विशेषता बताई गई है और किस प्रकार से अन्य ग्रहों पर बैगनी मे जीवन हो सकता है, इस संदर्भ में बताया गया है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार जब हम अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखते हैं तो पृथ्वी हरे रंग में रंगी नजर आती है। हरे रंग का अर्थ जीवन होता है। यह पेड़, घास, फसलों और क्लोरोफिल की मदद से उगने वाली हर चीज़ का प्रतिनिधित्व करता है। क्लोरोफिल एक वर्णक है, जो लगभग सभी पौधों में पाया जाता है जो सूर्य से ऊर्जा को अवशोषित करने और प्रकाश को ईंधन में बदलने के लिए प्रकाश संश्लेषण का उपयोग करता हैं। क्लोरोफिल पौधों को हरा रंग भी देता है, लेकिन सूर्य के प्रकाश या ऑक्सीजन के बिना पृथ्वी के वातावरणों में जीवन ऊर्जा के लिए अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इनके अलावा कई बैक्टीरिया बैंगनी रंग के होते हैं। अब सोचने वाली बात है कि क्या किसी अन्य ग्रह की दुनिया में जीवन सूर्य के प्रकाश के बजाय अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इस सोच की वजह से हमें बैंगनी ग्रहों की तलाश करनी होगी।

रसायनिक तकनीक आधारित दूरबीनों का निर्माण हो

नैनीताल : तकनीकी रूप से बैंगनी बैक्टीरिया के कई रंग होते हैं, जिनमें पीला, नारंगी, भूरा और लाल रंग शामिल हैं। ये सभी बैक्टीरिया ऐसी स्थितियों में रहते हैं जो जीवित रहने के लिए अवरक्त प्रकाश या गर्मी का उपयोग करते हैं। वर्तमान में एलियंस की तलाश में एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप और हैबिटेबल वल्ड्र्स वेधशाला जुटी हुई हैं।



विनेश, रीतिका और अंशु को ओलंपिक कोटा

बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन

कोरियाई खिलाड़ी को हराने के बाद विनेश फोगाट। ● एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

वहीं, अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलायें सीमा बिस्ला, विनेश, अंशु और सोनम मलिक शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा। विनेश ने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा।अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश का सामना अलीरजा से

टोरंटो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनाएं पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। टूर्नामेंट का सबसे अहम मुकाबला नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है जबकि नेपाम्नियाश्चि अकेले खिलाड़ी हैं जो 12 मुकाबलों में अपराजेय रहे हैं। फेबियानो कारूआना भी जीत के दावेदारों में से हैं जिनके सात अंक है। उनका सामना भारत के आर प्रज्ञानानंदा से और आखिरी दौर में नेपोम्नयाश्चि से होगा। गुकेश को आखिरी दौर में नकामूरा से खेलना है।

लड़कियों के खेलों को दें बढ़ावा : सचिन

रांची। चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लाएंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिए पहुंचे। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा कि मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं। कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लाएंगे।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

दिल्ली के गेंदबाजों पर बरसे हेड

हैदराबाद ने दिल्ली को दिया 267 का लक्ष्य, ट्रेविस ने 32 गेंदों में खेली 89 रनों की तूफानी पारी

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रैविस हेड (32 गेंदो पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदो पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझीदारी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले खेलते हुए सात विकेट पर 266 रन बनाए।

अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुए हैदराबाद ने पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की। हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। इस साझीदारी को तोड़ने के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने अपने विश्वनीय गेंदबाज कुलदीप को गेंद थमायी और उन्होने अभिषेक का विकेट लेकर दिल्ली की धड़कनों को काबू कर लिया। अभिषेक ने मात्र 12 गेदों पर दो चौके और छह जानदार छक्के जड़े। कुलदीप ने अपने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर नए बल्लेबाज एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। लगातार दो विकेट गिरने से हैदराबाद के तेवर नरम पड़ गए और इस बीच शतक की ओर बढ़ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप के अगले ओवर में उनका तीसरा शिकार बने जब ऑफ स्टांप से बाहर जा रही गेंद को पुल करने के प्रयास में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स ने आगे की ओर डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लपक लिया। पारी के दसवें ओवर में अक्षर पटेल ने क्लासन (15) को क्लीन बोल्ड आउट कर रनो की रफ्तार को पूरी तरह काबू में कर लिया।

इसके बाद नितीश कुमार रेड्डी (37) ने हालांकि कुछ अच्छे शाट्स खेल कर रन गति को बढाने का प्रयास किया मगर कुलदीप की नजरों से वह भी नहीं बच सके। आखिरी के ओवरों में शाहबाज अहमद (59 नाबाद) ने तेज गति से रन बटोरते हुए टीम के स्कोर को 250 के पार पहुंचाया। कुलदीप यादव 55 रन देकर चार विकेट झटके जबकि मुकेश कुमार और अक्षर पटेल को एक एक विकेट मिला।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाते दिल्ली के खिलाड़ी। ● एजेंसी

125 रन पहले पॉवर प्ले में ठोंक कर ट्रैविस हेड और अभिषेक ने आईपीएल और टी20 क्रिकेट के इतिहास में बनाया रिकॉर्ड

46 रन महज 12 गेंदों में बनाकर अभिषेक शर्मा ने दिलाई मजबूत शुरुआत

हैदराबाद 266/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 5

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रेविस हेड का स्टब्स बो कुलदीप	89	32	11/6
अभिषेक शर्मा का अक्षर बो कुलदीप	46	12	2/6
ऐडन मार्कराम का अक्षर बो कुलदीप	1	3	0/0
हेनरिच क्लासेन बो अक्षर	15	8	0/2
नीतिश कुमार रेड्डी का वार्नर बो कुलदीप	37	27	2/2
शाहबाज अहमद नाबाद	59	29	2/5
अब्दुल समद का नोर्किया बो मुकेश	13	8	1/1
पैट कमिंस रन आउट	1	1	0/0
वाशिंगटन सुंदर नाबाद	0	0	0/0

गेंदबाजी : खलील 3-0-51-0, ललित 2-0-41-0, नोर्किया 3-0-31-0, कुलदीप 4-0-55-4, मुकेश 4-0-57-1, अक्षर 4-0-29-1

चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग

लखनऊ। महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन' बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता।

42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा कि यह प्रेरणास्पद है ना, अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है।

खेल डायरी

सिटसिपास बार्सीलोना ओपन के सेमीफाइनल में

बार्सीलोना। कैस्पर रूड और स्टेफानोस सिटसिपास ने बार्सीलोना ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और दोनों की टक्कर लगातार दूसरे फाइनल में हो सकती है। रूड ने मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की। वहीं सिटसिपास ने फाकुंडो डियाज को 4-6, 6-3, 7-6 से मात दी। रूड का सामना अब थॉमस मार्टिन ई से होगा जिन्होंने कैमरन नॉरी को 7-6, 7-6 से हराया। वहीं सिटसिपास की टक्कर डुसान लाजोविच से होगी जिन्होंने आर्थर फिल्स को 6-4, 3-6, 6-2 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव दूसरे दौर में हार गए।

ओनाकोया ने बनाया 60 घंटे शतरंज खेलने का रिकॉर्ड

न्यूयार्क। नाइजीरिया के शतरंज चैम्पियन और अधिवक्ता टुंडे ओनाकोया ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के लिए न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में 60 घंटे तक लगातार शतरंज खेला। ओनाकोया (29 वर्ष) को बुधवार को शुरू हुए रिकॉर्ड प्रयास के जरिए पूरे अफ्रीका में बच्चों की शिक्षा के लिए 10 लाख डॉलर जुटाने की उम्मीद है। उन्होंने 58 घंटे तक शतरंज खेलने के लिए तैयारी की थी, लेकिन शनिवार सुबह करीब 12 :40 बजे 60 घंटे तक शतरंज खेलते रहे।

दीक्षा ने चार अंडर का कार्ड खेला, पांचवें स्थान पर

जोहानिसबर्ग। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शनिवार को जोबर्ग लेडीज ओपन के तीसरे दौर में चार अंडर 69 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। लेडीज यूरोपीय टूर में दो बार की विजेता दीक्षा ने 73, 71 और 69 के कार्ड खेले हैं। इससे उनका कुल स्कोर छह अंडर का है। अगर दीक्षा को करियर का तीसरा खिताब की कोशिश करनी है तो उन्हें अंतिम दौर में अच्छा स्कोर बनाना होगा।

विश्व कप से युवाओं के लिए खुले रास्ते : नाइट

लंदन। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की चाहत है कि साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर टीम में चयन के लिए आगे आएं। नाइट ने घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्वकप के लिए अपना नाम दावेदारी में रखने के अवसरों का संकेत दिया है। इंग्लिश समर की शुरुआत 21 अप्रैल को 50 ओवर की राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के साथ होगी, जिससे घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्व कप टीम की योजनाओं में खुद को शामिल करने का मौका मिलेगा। ईसीबी की राष्ट्रीय टेप-बॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोलते हुए नाइट ने कहा कि अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो उनके लिये चयन के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे। पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्रीय खेलों का स्तर काफी नीचे चला गया है, इसलिए उनका प्रदर्शन अधिक मायने रखता है।

मनु का दमदार प्रदर्शन, अनीश ने दर्ज की अप्रत्याशित जीत

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल टी1 (ओएसटी टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए चार प्रतिद्वंदी महिलाओं को शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनियमन जीत हासिल की।

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन प्रतियोगिता के अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में मनु शीर्ष पर रहीं, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया।

सूर्या की मदद करने के लिए डेविड, पोलार्ड पर जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है। इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है।

आईपीएल ने कहा कि डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। दोनों ने उल्लंघन स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी द्वारा लगाया जुर्माना स्वीकार कर लिया है। मुंबई इंडियंस की पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी जो लाइन के बहुत करीब थी। उन्होंने इस पर शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन मैदानी अंपायर ने इसे वैध गेंद माना, लेकिन टीवी कैमरों में दिखाया गया कि मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर सूर्यकुमार को इशारा कर रहे थे कि यह गेंद वाइड है।

धीमी ओवरगति पर राहुल-ऋतुराज की फीस कटी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12-12 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल पर जुर्माना लगाया। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज पर भी धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया है।

बॉलीवुड हलचल

सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, हो गया है। इस फिल्म मे दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा है, मेरी हीरो...रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण। दीपिका पादुकोण को इस पोस्टर में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है। उनकी आंखों पर चश्मा है और सिंघम वाला पोज है।

अरमान के रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' में मेहमान बने कैलम स्कॉट

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार अरमान मलिक ने अपने रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' के दूसरे एपिसोड में अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट के साथ बातचीत की। अपनी असाधारण संगीत प्रतिभा के लिए मशहूर, गायक-गीतकार अरमान मलिक एप्पल म्यूजिक पर अपना रेडियो डेब्यू करने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उनके शो 'ओनली जस्ट बिगन' में संगीतकार सलीम मर्चेंट पहले अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसे दुनिया भर के प्रशंसकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। दूसरे एपिसोड में, अरमान मलिक के साथ अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट शामिल हुए, जिनके साथ उन्होंने अपने नए सिंगल 'ऑलवेज' के लिए सहयोग किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार, कैलम स्कॉट 'यू आर द रीजन', 'डांसिंग ऑन माई ओन', 'एट योर वर्स्ट' और अन्य हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। अरमान मलिक के साथ उनका नवीनतम गाना एक प्रेम गीत है जिसमें दोनों ने पियानो और ऑर्केस्ट्रा के साथ गायन किया है। रेडियो शो के बारे में बात करते हुए, अरमान मलिक ने कैलम स्कॉट के साथ दिल को छू लेने वाली बातचीत से शुरुआत की और उनसे भारत और मुंबई में उनके अनुभव के बारे में पूछा।

खराब फॉर्म से जूझ रही आरसीबी के सामने केकेआर नाम का पहाड़

कोलकाता, एजेंसी

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे।

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था कि गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आ गया है। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाए हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है।

जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी गुजरात

मुल्लांपुर। लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

इंटर में प्रदेश में आठवां स्थान पाने वाली मधूलिका का मिठाई खिलाते माता-पिता।

हाईस्कूल में जिले में दसवीं रैंक पाने वाली छात्रा दीपिका।

नेहरू इंटर कालेज में टॉपरों को मिठाई खिलाते प्रबंधक व शिक्षक। अमृत विचार

झींझक की बेटी शिखा का प्रदेश में छठवां स्थान

इंटरमीडियट में प्रदेश स्तर पर सातवीं, आठवीं, नौवीं व दसवीं रैंक में जिले के छह मेधावी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में इस बार जनपद के छात्र-छात्राओं का खूब दबदबा रहा। इंटरमीडिएट में अवंतीबाई इंटर कालेज झींझक की छात्रा शिखा सिंह गौतम ने 96.80 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में जहां छठवां स्थान पाया। वहीं इंटरमीडिएट में ही प्रदेश स्तर की टॉप टेन लिस्ट में जनपद के छह छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई। फिलहाल हाईस्कूल में जनपद का परीक्षाफल 94.34 प्रतिशत व इंटर में 80.97 प्रतिशत रहा है।

शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट रिजल्ट जारी होने के चलते छात्रों में सुबह से ही उत्सुकता रही। दोपहर करीब दो बजे परीक्षाफल जारी होते ही छात्र इंटरनेट कैफे, स्मार्ट फोन आदि से परिणाम जानने में जुट गए। इंटरमीडिएट की परीक्षा में झींझक के अवंतीबाई इंटर कालेज की छात्रा शिखा सिंह गौतम ने 500 में 484 अंक पाकर प्रदेश स्तर पर छठवां और जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसकी जानकारी मिलते ही स्कूल में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। शिक्षकों से लेकर सहपाठी छात्रों ने शिखा को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर बधाई दी। वहीं इंटरमीडिएट में ही एसए सिंह इंटर कालेज असवी की हिमांशी देवी व श्यामलाल आदर्श इंटर कालेज दया का पुरवा की दिव्या यादव ने 96.60 प्रतिशत अंक संयुक्त रूप से प्रदेश स्तर पर सातवां स्थान पाया। इसी तरह एसए सिंह इंटर कालेज असवी की छात्रा मधूलिका सिंह ने 96.40 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में आठवां, एनएस इंटर कालेज शाहजहांपुर के अक्षत साहू व आरपीएस इंटर कालेज रसूलाबाद के दीपक पाल ने 96.20 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से प्रदेश स्तर पर नौवां तथा एमएबी होल्कर इंटर कालेज हवासपुर की सालिहा फातिमा ने 96 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश स्तर पर दसवां स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में जनपद के सात छात्रों के प्रदेश स्तर पर स्थान बनाने पर उनके परिजनों, शिक्षकों व लोगों ने बधाई दी है।

परीक्षा में अव्वल आने पर खुशी जताते मां अन्नपूर्णाजी इंटर कालेज कांधी के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कोई डीएम तो कोई बनना चाहता फ्लाइंग आफीसर

■ सिकंदरा/राजपुर। जुगराज सिंह इंटर कॉलेज गुरदही खुर्द की बारहवीं की छात्रा शिवांसी ने जिले स्तर पर नौवां स्थान हासिल किया। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने गुरु अनिल शास्त्री को दिया। शिवांसी इंजीनियर बनना चाहती हैं। राज इंटर कालेज सिकंदरा के दसवीं के छात्र हर्ष कटियार ने जिले में चौथा स्थान पाया है। वह आईएएस बनना चाहते हैं। राजपुर क्षेत्र के नेहरू स्मारक कॉलेज के इंटरमीडिएट के छात्र राज ने 500 में 475 अंक हासिल कर जिले में दसवां स्थान हासिल किया है। उन्होंने वायुसेना में आफीसर बनने की इच्छा जाहिर की है। दसवीं में जिलेस्तर पर छठवीं रैंक पाने वाली श्रेया कटियार आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती हैं।

इंटर में प्रदेश स्तर पर छठां व जिले में पहला स्थान पाने वाली छात्रा शिखा सिंह।

राजपुर के पंडित दीनदयाल कॉलेज में मेधावियों को सम्मानित करते शिक्षक।

इंटर में जिले में नौवीं रैंक पाने वाली छात्रा शिवांसी। अमृत विचार

अव्वल रहे मेधावियों का मेडल पहनाकर सम्मान

मूसानगर। क्षेत्र के दहेली गांव स्थित स्व. देवी सहाय इंटर कॉलेज में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। प्रधानाचार्य सर्वेश सैनी ने बताया कि कक्षा 12 में वर्तिका दीक्षित पुत्री अशोक कुमार ग्राम सनाया खेड़ा ने विद्यालय मे 94.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्पिता पाल निवासी मूसानगर व दीपाली सचान 98.3 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर आद्रिका सचान व गीता यादव 93.4 अंक हासिल किए। वहीं हाईस्कूल में मूसानगर के अमित ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ओम बाबू 94.67 प्रतिशत अंक व तृतीय स्थान पर अवनी यादव गुढ़ा शेरपुर ने 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम अच्छा आने पर विद्यालय के प्रबंधक इंद्रपाल सचान ने सभी अध्यापकों को धन्यवाद और बच्चों को शुभकामनाएं दी। अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशीष तिवारी, दीपेश सचान, सुलक्षणा मिश्रा, सीमा सचान, परशुराम पटेल, आदित्य, कौशल, वसीक कुरैशी आदि रहे।

नेहरू इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया मान

राजपुर। क्षेत्र के नेहरू इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जिले का टॉपर होने का गौरव हासिल कर कालेज का नाम रोशन किया है। कालेज के इंटर छात्र अक्षत शाहू ने 96.20 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में नौवीं व जिले की सूची में चौथी रैंक हासिल की है। अक्षत साहू ने सफलता का मंत्र माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। अक्षत फ्लाइंग आफीसर बनकर देश सेवा करना चाहते हैं। इसी कालेज के इंटर छात्र राज ने 500 में 475 अंक हासिल कर जिले की सूची में दसवां स्थान हासिल किया है। राज भारतीय वायु सेना में जाकर देश सेवा करना चाहते हैं। इसी तरह कालेज की बालिकाओं ने हाईस्कूल में भी सफलता की नई इबारत लिखी है। छात्रा शिवांशी ने 600 में 573 अंक हासिल कर जिले में पांचवीं रैंक पाई है। शिवांशी ने सिविल सेवा में जाने की इच्छा जाहिर की है। वहीं हाईस्कूल की श्रेया कटियार ने 95.3 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। श्रेया ने इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की है। मेधावियों को कालेज प्रबंधक मोहनलाल कटियार, प्रधानाचार्य रामआसरे कटियार व अन्य शिक्षकों ने फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया है।

दसवीं के टॉपटेन मेधावी

1-अर्निका, एसएसबीएम हायर सेकेंडरी स्कूल झींझक 96.33%
2-शिफा, एसओएएसएस इंटर कालेज रनियां 96%
2-मानस पांडेय, कृष्ण कुमार दुबे एमपीएस रसूलाबाद 96 %
3-अनोखी साहू, बाबूराम रुक्मिणी देवी इंटर कालेज मूसानगर 95.83%
4-रिया तिवारी, श्रीमती एसकेडी इंटर कालेज मंगलपुर 95.67%
4-हर्ष कटियार, राज इंटर कालेज मालवीय नगर सिकंदरा 95.67%
5-शिवांश, एनएस इंटर कालेज शाहजहांपुर 95.50%
5-सृष्टि यादव, पं. केपीटी इंटर कालेज गुजराईं 95.50%
6-श्रेया कटियार, एनएस इंटर कालेज शाहजहांपुर 95.33%
6-आदर्श कटियार, पीडीडीयूएसएसएम इंटर कालेज राजपुर 95.33%
6-शुभा राठौर, अवंतीबाई इंटर कालेज झींझक 95.33%
7-शवानी, अकबरपुर इंटर कालेज अकबरपुर 95.17%
7-सात्विक सचान, श्रीमालवीय इंटर कालेज मुंगीसापुर 95.17%
7-ऋषभ देव सिंह, पं. रामजी लाल इंटर कालेज बनीपारा 95.17%
7-आदित्य सिंह, केके वैदिक इंटर कालेज चांदपुर 95.17%
7-अदनान खान, आर्य यूएमवी बिछियापुर 95.17%
8-दीक्षा तिवारी, एसएसवीएमएचएसएस झींझक 95%
8-अमन कुमार, एमएबी होल्कर इंटर कालेज हवासपुर 95%
8-सौम्या कुशवाहा, एसओएएसएस इंटर कालेज रनियां 95%
8-मोना यादव, ब्राइट एंजेल एजूकेशन सेंटर अकबरपुर 95%
8-बॉबी, श्रीजगदीश नारायन जगत नरायन इंटर कालेज कांधी 95%
9-अभिन्य सिंह कुशवाहा, अकबरपुर इंटर कालेज अकबरपुर 94.83 %
9-वैष्णवी, चिरौंजी देवी बालिका इंटर कालेज रूरा 94.83%
9-गुनगुन, ग्राम विकास इंटर कालेज बुधौली 94.83%
9-साक्षी पाल, भारतीय ज्ञान स्थली गजनेर रोड लालपुर 94.83%
9-कौशिकी सिंह, श्रीसदगुरू देवी इंटर कालेज सरैंया लालपुर 94.83%
9-सिद्धार्थ कुमार, आर्यभट्ट विद्या मंदिर इंटर कालेज मंगलपुर 94.83%
9-कन्हैया यादव, राजरानी दुलीचंद्र कालेज अहरौली शेख पुखरायां 94.83%
10-दीपिका, एसएसवीएमएसएस झींझक 94.67%
10-श्रेया गुप्ता, वीणा वादिनी एचएसएस रूरा 94.67%
10-आंचल, एसबीएम इंटर कालेज पुखरायां 94.67%

बारहवीं के टॉपटेन मेधावी

1-शिखा सिंह गौतम, अवंतीबाई इंटर कालेज झींझक, 96.80%
2-हिमांशी देवी, एसए सिंह इंटर कालेज असवी, 96.60%
2-दिव्या यादव, श्यामलाल आदर्श इंटर कालेज दया का पुरवा, 96.60%
3-मधूलिका सिंह, एसए सिंह इंटर कालेज असवी, 96.40%
4-अक्षत साहू, एनएस इंटर कालेज शाहजहांपुर, 96.20%
4-दीपक पाल, आरपीएस इंटर कालेज रसूलाबाद, 96.20%
5-सालिहा फातिमा, एमएबी होल्कर इंटर कालेज हवासपुर, 96%
6-प्रगति द्विवेदी, आरपीएस इंटर कालेज रसूलाबाद, 95.60%
6-मधू देवी, मां अन्नपूर्णाजी इंटर कालेज कांधी, 95.60%
6-खुशी दीक्षित, एसबीएम इंटर कालेज पुखरायां, 95.60%
6-नैंसी, जय जागेश्वरी इंटर कालेज शिवली, 95.60%
7-नामरा, आरपीएस इंटर कालेज रसूलाबाद, 95.40%
7-अर्चिता शर्मा, वीएसकेडी इंटर कालेज सरवनखेड़ा, 95.40%
8-कविता देवी, श्रीजगदीश नारायन जगत नारायन कालेज कांधी 95.20%
9-शिवांसी, जेएस इंटर कालेज गुरदही खुर्द, 95%
10-राज, एनएस इंटर कालेज शाहजहांपुर, 94.80%
10-छवि, आरपीएस इंटर कालेज रसूलाबाद 94.80%
10-पलक यादव, शांतिदेवी विद्या निकेतन इंटर कालेज भोलानगर झींझक 94.80%

इंटरमीडियट के टॉप-10 मेधावी

जिले में दसवीं रैंक पाने वाली छात्रा पलक।

जिले में दसवीं रैंक पाने वाले छात्र राज।

प्रदेश में नौवीं रैंक पाने वाले छात्र अक्षत।

प्रदेश स्तर पर सातवीं स्थान पाने वाली छात्रा हिमांशी।

जिले में छठवीं रैंक पाने वाली छात्रा नैंसी के साथ प्रधानाचार्य।

मां अन्नापूर्णा की मधु ने जिले में पाया छठवां स्थान

संदलपुर। डेरापुर तहेशील क्षेत्र के कांधी स्थित मां अन्नपूर्णाजी इंटर कालेज की छात्रा मधु देवी ने इंटरमीडिएट में 95.6 प्रतिशत लाकर जिले में छठवां व विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। छात्रा के माता-पिता व स्कूल प्रबंधक मनोज तिवारी ने मधु को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

हाईस्कूल में जिले में आठवीं रैंक पाने वाली छात्रा दीक्षा तिवारी।

हाईस्कूल में नौवीं रैंक पाने वाली छात्रा वैष्णवीं परिवार के साथ।

हाईस्कूल के टॉप-10 मेधावी

जिले में नौवां स्थान पाने वाले छात्र सिद्धार्थ कुमार।

जिले में पहली रैंक पाने वाली छात्रा अर्निका।

जिले में छठवीं रैंक पाने वाली शुभा राठौर।

जिले में चौथी रैंक पाने वाली छात्रा रिया तिवारी।

जिले में चौथी रैंक पाने वाले छात्र हर्ष कटियार।

जिले में छठवीं रैंक पाने वाले श्रेया कटियार।

जिले में पांचवीं रैंक पाने वाली शिवांसी।

जिले में दसवीं रैंक पाने वाली श्रेया गुप्ता।

साधारण परिवार के बच्चों ने जनपद में दिखाई प्रतिभा

मूसानगर/रूरा। हाईस्कूल में जनपद स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने वाली बाबूराम रुक्मिणी देवी इंटर कालेज मूसानगर की छात्रा अनोखी साहू इंजीनियरिंग करना चाहती है। उनके पिता की किराने की दुकान है। मां अंजनी गृहणी है। वहीं बनीपारा स्थित पंडित रामजी लाल कालेज के हाईस्कूल छात्र ऋषभ देव सिंह ने 600 में 571 अंक लाकर जिले में सातवा स्थान प्राप्त किया। उनके पिता अनुरुद्ध सिंह किसान हैं और मां सुनीता गृहणी है। रूरा कस्बे के सीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज की हाईस्कूल छात्रा वैष्णवी ने 600 में 569 नंबर लाकर जिले में नौवां स्थान प्राप्त किया। छात्रा के पिता राज किशोर गुप्ता मिठाई की दुकान चलाते हैं। मां सोनी गुप्ता गृहणी हैं।

लोकसभा चुनाव-2024 | स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय में लगाई गई महिला मतदाता चौपाल

महिला चौपाल में मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने भी सहभागिता दिखाई है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आदेश के क्रम में परिषदीय विद्यालय में चौपाल लगाकर महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्हें मतदान के लिए संकल्प भी दिलाया गया। चौपाल को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह रहा।

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय नौहानौगांव विकासखंड रसूलाबाद में महिला मतदाता जागरूकता चौपाल आयोजित की गई। जिसमें प्रधानाध्यापक अमित मिश्रा द्वारा स्वीप कार्यक्रम के महत्व, सामाजिक संगठनों (युवक मंगल दल, स्वयं सहायता समूह, जल जीव मिशन समूह) द्वारा मतदान प्रक्रिया के महत्व पर परिचर्चा की गई। महिला मतदाताओं के पक्षों पर सहायक अध्यापक अविनाश चंद्र द्वारा रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मॉडल पोलिंग बूथ पर चर्चा की गई। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के पक्ष पर रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सहायक अध्यापिक पूनम मिश्रा, स्वेता कटियार, पूजा सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरला देवी, अनीता, समूह सखी रीतू सिंह समेत गांव की कई महिलाएं मौजूद रहीं।

नौहानौगांव स्कूल में मतदान के प्रति जागरूक करती महिलाएं। अमृत विचार

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

पुखरायां। पिपरी गांव के समीप से निकली एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लिया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहां से गुजरने वाले ग्रामीणों ने जब देखा तो घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हो मौके पर पहुंचे अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसके घर का नंबर निकालकर भाई गुड्डू से पुलिस ने बात की। गुड्डू ने मृतक की शिनाख्त अपने भाई संतोष (35) पुत्र श्रीराम निवासी पातेपुर अमरौधा के रूप में की। अमरौधा चौकी इंचार्ज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

एक शिक्षक अधिकतम दस प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● एक बैच में शिक्षकों की अधिकतम संख्या रहेगी पचास

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही शिक्षक अब अधिक समय तक विद्यालयों में पढ़ा सकेंगे। इसके लिए शिक्षक प्रशिक्षण कैलेंडर जारी कर दिया गया है।

शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से हुई इस पहल के बाद अब शिक्षक प्रत्येक वर्ष में सिर्फ दस ही प्रशिक्षण में सम्मलित हो सकेंगे। इसके लिए बीएसए और डायट प्राचार्यों को आदेश जारी किए गए हैं। विभाग के मुताबिक शैक्षिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए शिक्षकों के बहुआयामी सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण की बहुत आवश्यकता है।

शैक्षिक वर्ष 2024-25 में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया है। इस कैलेंडर के लागू होने के बाद अब शिक्षकों को दिए जाने वाला प्रशिक्षण महानिदेशक की नई गाइडलाइन के अनुसार होगा। प्रशिक्षण में एआरपी व सभी डायट मेंटर्स व नामित संदर्भदाता की ओर से प्रतिभाग किया जाएगा। प्रभावी संचालन के लिए प्राचार्य डायट की ओर से भौतिक संसाधनों की कमीं को दूर करना होगा। एक बैच में शिक्षकों की अधिकतम संख्या 50 रहेगी।

विकासखंड व जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण के अनुसार शैक्षिक तकनीकों एवं गतिविधियों को कक्षा शिक्षण में लागू कराए जाने का उत्तरदायित्व प्रधानाध्यापक का होगा। प्रशिक्षण की ट्रैकिंग प्रेरणा पोर्टल के जरिए की जाएगी। यदि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक की ओर से छात्रों की शिथा का गुणवत्ता का स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया तो उक्त शिक्षक की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी।

शिक्षण कार्य के बाद की जा सकेंगी ऑनलाइन गतिविधियां

■ ऑनलाइन शैक्षिक प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक गतिविधियां विद्यालय के शिक्षण के बाद ही की जा सकेंगी। अकादमिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर गतिविधियां जैसे रैली, अलग-अलग प्रतियोगिताएं, खेलकूद, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगी परीक्षाएं सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को होंगी। इसके साथ ही प्रशिक्षण का वीडियो बनाकर भी देना होगा।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

ब्रेक न लगने से एनएचएआई टैंकर से भिड़ी रोडवेज बस, पांच घायल

बारा टोल के पास हाईवे पर हादसा, पौधों को पानी दे रहा था टैंकर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। कानपुर नगर से सवारियों को बैठाकर उरई जा रही रोडवेज बस बारा टोल के पास ब्रेक न लगने से हाईवे पर पेड़ों को पानी दे रहे एनएचएआई के टैंकर से भिड़ गई। हादसे में बस चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शनिवार की सुबह उरई डिपो की रोडवेज बस कानपुर नगर से सवारियों को भरकर उरई जा रही थी। तभी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा टोल प्लाजा के पास हाईवे कि बीचोबीच बने डिवाइडर में पौधों को पानी दे रहे एनएचएआई टैंकर में पीछे से रोडवेज बस भिड़ गई। जिससे सवारियों में चीख-पुकार मच गई। चालक सुनील सचान ने बताया कि हाईवे पर गुजरने के दौरान रोडवेज बस में ब्रेक न लगने से हादसा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में सवार यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में रोडवेज बस चालक सुनील सचान (48) निवासी गोपालपुर कोतवाली घाटमपुर कानपुर नगर, रूहिया बानो (29) निवासी मछरिया यशोदा नगर मछरिया कानपुर नगर, सुनील कुमार शिवहरे (32) निवासी बरगावां, थाना जरिया जनपद हमीरपुर, सहाबीन बेगम (60) निवासी अफसरिया थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात व ब्रिज नारायण (65) निवासी बीजापुर थाना आटा जनपद जालौन घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने उपचार किया। अकबरपुर कोतवाल सुनील कुमार ने बताया कि रोडवेज बस में सवार यात्रियों को दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। क्षतिग्रस्त बस को क्रेन की मदद से हाईवे से किनारे कर आवागमन सुचारू करा दिया गया है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

क्षतिग्रस्त रोडवेज बस को क्रेन से हाईवे से किनारे कराती पुलिस। अमृत विचार

आधा घंटे जाम में परेशान रहे राहगीर

बारा टोल के पास रोडवेज बस की टैंकर में भिड़ंत के चलते कानपुर नगर से झांसी व औरैया जाने वाली हाईवे की लेन पर भीषण जाम लग गया। जिसके चलते वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई। इस दौरान जिला मुख्यालय समेत अन्य सरकारी दफ्तरों में काम के लिए आ रहे नौकरी-पेशा लोगों के साथ ही दूरदराज जाने वाले मुसाफिरों को भी दिक्कत उठानी पड़ी। पुलिस ने मौके पर जाकर बस व टैंकर को हटवाया। जिसके करीब आधा घंटे बाद जाम खुल सका ।

रोडवेज की खटारा बसों से जोखिम में जान

शनिवार को कानपुर से यात्रियों भरी उरई डिपो की रोडवेज बस के टैंकर से भिड़ने के मामले में ब्रेक न लगने की बात सामने आई है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या बस की फिटनेस आदि की पहले से ही जांच नहीं की गई थी। या फिर से ब्रेक न लगने की समस्या के बावजूद चालक दर्जनों यात्रियों की जान जोखिम में डालकर बस ले जा रहा था।

लोगों से अभद्रता करते कोटेदार का वीडियो वायरल

किशनपुर। विजयीपुर ब्लाक के सरौली गांव में स्थित सरकारी राशन की दुकान में राशन वितरण के दौरान कार्ड धारक से कोटेदार का अभद्रता करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के सरौली गांव में सरकारी राशन की दुकान है जिसका संचालन विजय सिंह करता है। सरौली, पहोरा व खेमकरनपुर गांव के लोगों को मिलाकर करीब 450 कार्डधारक है। जिनको इस दुकान से राशन का वितरण किया जाता है। सरौली गांव की जगह खेमकरनपुर गांव से राशन का वितरण किया जाता है। शनिवार को खेमकरनपुर गांव में राशन वितरण के दौरान घटतौली के मामले को लेकर कार्ड धारक ने कोटेदार से सवाल-जवाब किया। जिस पर कोटेदार आग बबूला हो गया और कार्ड धारक को धमकाते हुए अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल करने लगा। जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और किसी ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो में कोटेदार पूरे मुहल्लेवासियों को राशन न देने की बात कह रहा है। हालांकि वीडियो की पुष्टि अमृत विचार करता है।

राशन लेने जा रही छात्रा की ट्रैक्टर की टक्कर से हुई मौत

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। कस्बे के आंबेडकर नगर में कोटे पर राशन लेने जा रही छात्रा को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पारुल।

राजपुर के अशोक नगर निवासी विनोद कुमार की बेटी पारुल (17) इंटरमीडिएट की छात्रा थी। शनिवार को इंटर का परीक्षा परिणाम आना था। जिसको लेकर पारुल बेहद खुश थी। सुबह पर मोहल्ले में कोटेदार के यहां राशन लेने जा रही थी। तभी कोटे की दुकान के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने छात्रा को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक छात्रा के पिता ने बताया कि पारुल दो भाइयों प्रांशू (12) व हिमांशु (10) से बड़ी थी।

पत्नी सुनीता की करीब दस वर्ष पहले मौत होने के बाद पारुल ही घर की जिम्मेदारी संभाल रही थी। शनिवार को बेटी का इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आने था। सुबह से घर में साफ-सफाई के बाद मोहल्ले में कोटेदार के यहां राशन लेने जा रही थी। तभी हादसा हो गया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में नाराजगी दिखाई और कहा कि गलियों में तेज रफ्तार ट्रैक्टर निकलने से पहले भी हादसे हो चुके हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी और आगे विधिक कार्रवाई की जायेगी।

छात्रा की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

पास होने की खुशी नहीं मना सकी पारुल

पारुल का शनिवार को इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आना था। वह बेहद उत्साहित थी। पिता विनोद कुमार ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूर हैं। शनिवार को पारुल ने अपने पिता को परीक्षा परिणाम आने का हवाला देकर मजदूरी कार्य के लिए जाने से रोका था। लेकिन उसे क्या पता था कि परीक्षा परिणाम में तो वह उत्तीर्ण हो जाएगी, लेकिन हादसे में उसकी जान चली जाएगी। परीक्षा परिणाम आने पर बाबा लालराम, दादी रामकली आदि बिलखते रहे।

जच्चा-बच्चा की मौत पर मदर केयर नर्सिंग होम सीज

संवाददाता फतेहपुर

- 72 घंटे बाद शुक्रवार को आइस बॉक्स में सौंपा था बच्चे का शव
- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर किया नर्सिंग होम सीज

अमृत विचार। जच्चा-बच्चा की मौत के मामले मे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मदर केयर नर्सिंग होम को सीज कर दिया। टीम ने नर्सिंग होम मे नोटिस भी चस्पा की हैं। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के पतरिया चक अब्दुल्लापुर निवासी पित्तांबर की पत्नी उर्मिला प्रसव पीड़ा होने पर 15 अप्रैल को नउआबाग स्थित मदर केयर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था।

उसका 16 अप्रैल को ऑपरेशन हुआ था। 18 अप्रैल को हालत बिगड़ी ती डॉक्टर ने प्रसव को बात शिपाकर उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में डॉक्टर ने प्रसव की बात बताई। वहीं इलाज के दौरान गुरुवार शाम महिला की मौत हो गई। परिजन शव लेकर नर्सिंग होम पहुंचे। जहां बच्चे का पता न लगने पर हंगामा किया। नर्सिंग होम बंद कर संचालक भाग निकला था। शुक्रवार को जिला अस्पताल की मार्च्युरी में प्रसूता के शव के पंचनामें की कार्रवाई चल रही थी। इसी दौरान नर्सिंग होम संचालक के दो करीबी नवजात का शव आइस बाक्स में लेकर परिजनों के पास पहुंचे। पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया था। मामले में सीएमओ डा. इस्तियाक ने बताया कि मामले की गंभीरता देखते हुए नर्सिंग होम सीज कर नोटिस चस्पा की गई ।

अस्पताल सीज करने पहुंचे सीएमओ व उनकी टीम।

अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शहर थाना क्षेत्र के खैरी रावतपुर गांव निवासी छोटा का पुत्र राजेंद्र प्रसाद बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था जैसे ही वह सुधवापुर गांव के पास पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसी क्रम में हथगाम थाना क्षेत्र के पयागदासपुर गांव निवासी स्व. दुलारे का पुत्र भिखारीलाल शुक्रवार की रात बाइक से निमंत्रण से घर वापस आ रहा था जब वह शाहपुर के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसहन गांव निवासी कृष्णपाल का पुत्र निर्मल कुमार बांदा जनपद के कर्बी में कास्ट्राल कंपनी में काम करता है।

दो मजदूरों की मौत, चार झुलसे

संवाददाता फतेहपुर

- मिक्सर मशीन में करंट उतरने से हुआ हादसा
- एफसीआई गोदाम के अंदर हो रहा था निर्माण कार्य

अमृत विचार। शहर के पक्का तालाब स्थित एफसीआई गोदाम में शनिवार को बड़ी घटना हो गई। गोदाम में निर्माणाधीन छत का काम हो रहा था। छत पड़ने के बाद मिक्शर मशीन हटाने के दौरान ऊपर से गुजरी बिजली के तार से मशीन छू गई। जिससे आधा दर्जन मजदूर करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह से झुलस गए। घटना में दो मजदूरों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। वहीं चार मजदूरों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब स्थित एफसीआई गोदाम में दो कमरों का निर्माण कार्य जारी था। शनिवार को दोनों कमरों की छत डालनी थी। जहां दोपहर में करीब डेढ़ दर्जन मजदूर मिक्शर मशीन के साथ पहुंचे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक छत डालने का काम किया गया था। एफसीआई गोदाम के वरिष्ठ भंडार निरीक्षक संदीप सिंह गौतम ने बताया कि छत डालने के बाद दोपहर में करीब ढाई बजे मशीन को मजदूरों द्वारा हटाया जा रहा था। गोदाम में ढलान होने के चलते मशीन एक दीवार में जा टकराई और ऊपर से गुजरी बिजली की लाइन से मशीन छू गई। जिसके चलते मशीन को पकड़े मजदूर केशचंद्र निवासी मुस्तफापुर असोथर, अनीश निवासी सनगांव, सोनू, सरोज व धर्मेंद्र कुमार समेत एक अन्य मजदूर करंट की चपेट में आ गए। घटना होती देख अन्य मजदूरों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां केशचन्द्र और अनीश को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं अन्य झुलसे मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई थी, दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

इसी गोदाम में हुई दुर्घटना। अमृत विचार

आग से 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। मैथा तहसील क्षेत्र के विक्रमपुर व भाटुआमऊ गांव में शनिवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में खेतों में आग लग गई। जिससे खड़ी करीब 25 बीघा गेहूं की फसल जल गई।

तहसील क्षेत्र के विक्रमपुर भटुआमऊ गांव निवासी महेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, उदयवीर सिंह की गांव के ही किनारे लगभग 25 बीघे खेती है। जिसमे इस समय गेहूं की फसल खड़ी है। शनिवार की दोपहर में खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों आग लग गई। हवा तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही कई बीघे गेंहू की फसल को चपेट में लिया। आग लगने पर ग्रामीणों ने पुलिस व दमकल को सूचना देते हुए आग बुझाने का काम शुरू किया। सूचना पर चौकी इंचार्ज अनूप पांडेय, तहसीलदार अनिल चौधरी, लेखपाल हर्षित त्रिपाठी, सुजीत सिंह, मोहित कनौजिया के साथ मौके पर पहुंचे और क्षति का आकलन किया। इधर दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। एसडीएम जितेंद्र कटियार ने बताया कि तहसील से सक्षम अधिकारी मौके पर गए थे।

डेढ़ सौ बीघा फसल के अवशेष जले

पुखरायां। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के कैथरा गांव में गेंहू की फसल के अवशेष में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के द्वारा आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक करीब 150 बीघा फसल के अवशेष जल गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तहसीलदार सुनील कुमार, लेखपाल अभिषेक भांति ने क्षति का आकलन किया। आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो सका। तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

अधेड़ की पीट कर हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार

संवाददाता राजपुर, कानपुर देहात

- आरोपी के पास से खून से सना डंडा हुआ बरामद

अमृत विचार। कथरी गांव में बीते सोमवार को गालीगलौज करने के दौरान हुए झगड़े में अधेड़ की डंडे से पीट पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खून से सना डंडा बरामद कर लिया है।

सट्टी थाना क्षेत्र के कथरी गांव में बीती 15 अप्रैल की रात गांव के नाहर सिंह (50) की घर के बाहर लकड़ी के डंडे से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर परिजनों से जानकारी ली थी। मृतक के बेटे आजाद ने पड़ोसी अश्वनी के खिलाफ पिता की डंडे से पीटकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस हत्यारोपी की तलाश कर रही थी।

सटटी थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि नाहर सिंह का हत्यारोपी अश्वनी डढ़ी पुलिया के समीप खड़ा है। पुलिस ने आनन फानन में अश्वनी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खून से सना डंडा बरामद किया है।

अधेड़ का शव मिलने से सनसनी नहीं हुई शिनाख्त

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के बीएसए आफिस गेट के पास शनिवार की सुबह रोड किनारे अचेतावस्था में पड़े 55 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी जेब में मिले सरकारी पर्चे के अनुसार यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उसका नाम कृष्णपाल व गाजीपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने शव को सदर अस्पताल के माच्र्युरी हाउस में रखवा दिया है और शव की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।

लाखों हड़पने वाले प्रबंधक पर रिपोर्ट

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- स्कूल बेचने का झांसा देकर हड़पे थे 19 लाख रुपये
- कल्यानपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार। फर्जी प्रबंधक बनकर बंद स्कूल बेचने का झांसा देकर 19 लाख रुपये हड़पने का तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। औंग के मूल निवासी श्रीराम वर्मा वर्तमान में कानपुर चकेरी थाने आदर्श बिहार न्यू पीएसी लाइन में रहते हैं। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गांव पहुर निवासी ओमप्रकाश गुप्ता हरसिंहपुर गांव में शिवगोपाल गुप्ता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित करते थे।

उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि चौडगरा में स्व. शिव गोपाल गुप्ता इंटर कॉलेज है। कालेज बंद चल रहा है। मौहार के कालेज संस्थापक शिव गोपाल के पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता छोटे भाई सुनील कुमार वर्मा के परिचित हैं। छोटे भाई से ओमप्रकाश गुप्ता ने बंद स्कूल परिसर बेचने का प्रस्ताव रखा। उसने मार्च 2023 में ओम प्रकाश गुप्ता व उसके भाई सत्य प्रकाश गुप्ता व पुत्र प्रज्ज्वल गुप्ता से संपर्क किया। संपत्ति का 39 लाख में सौदा हुआ। विभिन्न तिथियों में 34 लाख रुपये ओम प्रकाश गुप्ता के खाते में आरटीजीएस किया। कुछ दिन बाद बैनामे से इनकार कर दिया। रुपये वापसी की बात की। उसे 15 लाख रुपये लौटाए। इसी दौरान पता लगा कि ओम प्रकाश व उसका भाई, बेटा धोखाधड़ी कर विद्यालय संचालित किए है। ओम प्रकाश के पिता शिव गोपाल गुप्ता की मृत्यु वर्ष 2014 में हो गई। विद्यालय का संचालक 2023 तक ओम प्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रज्जवल गुप्ता प्रबंधक, अध्यक्ष पद रहकर किया। मृतक शिव गोपाल गुप्ता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सरकारी कार्यालयों में पत्राचार करते रहे। उसे भी स्कूल की समिति में मृत पिता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शामिल करने की बात कही थी। मना करने के बाद भी ओम प्रकाश गुप्ता ने समिति में उसे और पुत्रों को फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शामिल किया है।

रूरा रेलवे स्टेशन किनारे घास-फूस में लगी आग

रूरा। स्टेशन से सटे प्लेटफार्म नंबर चार की तरफ डीएफसी लाइन किनारे घासफूस में अचानक आग लग गई। रेल कर्मचारियों ने डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया। शनिवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे रूरा रेलवे स्टेशन के डीएफसी लाइन के किनारे बाउंड्री वॉल के पास घासफूस में अचानक आग लग गई। लपटें इतनी तेज हो गई कि रेलवे का हजारों रुपये का रखा निष्प्रोज्य सामान भी जलकर राख हो गया। जानकारी पर रेल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दोपहर में रेलवे लाइन किनारे खड़ी झाड़ियों में आग लगने की सूचना मिली थी। कर्मचारियों ने काबू पा लिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

जागरुकता | मेडिकेटेड सनस्क्रीम लगाने की दी जा रही सलाह, त्वचा में सूजन के साथ लालिमा आ रही

धूप से हो रहा फोटोडर्मेटाइटिस का हमला

संवाददाता फतेहपुर

- डॉक्टर तेज धूप से बचने की दे रहे सलाह

अमृत विचार। जिला अस्पताल में अप्रैल के दूसरे हफ्ते में फोटोडर्मेटाइटिस के मरीज बढ़ने लगे हैं। इस बीमारी में शरीर के उस अंग की त्वचा में सूजन, लालिमा आ जाती है जो सूर्य के प्रकाश के सम्पर्क में सीधे आती है। ऐसे मरीजों को डॉक्टर दवा व क्रीम से अधिक तेज धूप से बचना जरूरी बता रहे हैं।

बता दें कि जिला अस्पताल में मौजूदा समय में कोई भी त्वचा रोग विशषेज्ञ नहीं है। फिजीशियन की ओपीडी में रोजाना करीब एक सैकड़ा मरीज आ रहे हैं। वरिष्ठ फिजीशियन डा. एनके सक्सेना ने बताया कि अप्रैल के पहले हफ्ते में फोटो डर्मेटाइटिस के एक-दो मरीज आ रहे थे। लेकिन पिछले चार से पांच दिनों से इसके मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। शनिवार को ऐसे मरीजों की संख्या 15 पार कर गई। ऐसे मरीजों को डॉक्टर समझा रहे हैं कि त्वचा सूर्य की तेज रोशनी के प्रति संवेदशील होने की वजह से प्रतिक्रिया कर रही है। इससे उनके माथे, हाथ, गर्दन व पैर के खुले हिस्सों पर सूजन, लालिमा व छोटे-छोटे दाने निकल रहे हैं। यही छोटे दाने आपस में मिलकर पैच बना लेते हैं तो अधिक जलन व खुजली होने लगती है। इसलिए ऐसे लोगों को अपनी त्वचा को तेज धूप से बचाना चाहिए।

> अप्रैल के दूसरे हफ्ते से ऐसे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे लोगों को दवा के साथ यह समझाया जा रहा है कि उनकी त्वचा धूप के प्रति अधिक संवेदनशील है। इसलिए तेज धूप में त्वचा को खुली न रखें। किसी भी कंपनी का सनस्क्रीम लगाने की बजाय मेडिकेटेड सनस्क्रीम का ही इस्तेमाल करने की सलाह दी जा रही है।
>
> डा. एनके सक्सेना, फिजीशियन

क्या हैं लक्षण

- त्वचा लाल होना
- त्वचा में सूजन आना
- त्वचा में खुजली होना
- त्वचा में जलन व दर्द
- सांस लेने में कठिनाई

ऐसे करें बीमारी से बचाव

- त्वचा को हमेशा नमीयुक्त बनाए रखें
- शक्तिशाली साबुन का इस्तेमाल न करें
- त्वचा पर चकत्ता दिखते ही डॉक्टर से मिलें
- शरीर के सभी अंग ढकने वाले कपड़े पहनें
- कास्मेटिक नहीं फार्मा कंपनी के सनस्क्रीम लगाएं

बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता...

संवाददाता फतेहपुर

- पांच हजार से अधिक दिव्यांगों की वोटिंग का लक्ष्य

अमृत विचार। स्वीप के तहत जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन में प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है, इस उद्देश्य से प्रयासरत स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा जय मां सरस्वती ज्ञान मन्दिर इंटर कालेज राधानगर में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी उपस्थित रहे। डॉ अनुराग द्वारा बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया गया एवं सभी नागरिकों, बुजुर्गो व दिव्यांगजनों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए आग्रह किया। यह भी बताया कि अभी भी वोटर हेल्पलाइन एप व फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं एवं सिविजिल एप व जनपद फतेहपुर के 5000 से अधिक दिव्यांगजनों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनपद का नाम लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के प्रयास के बारे में भी जानकारी दी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। विवेक कुमार द्विवेदी, विनय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रदेश टॉप-10 की सूची में इंटर के मेधावी

97.40%
आकांक्षा विश्वकर्मा
एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर

97.20 %
लवी
एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर

96.60%
एंजल केशरवानी
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा

96.60 %
आरती देवी
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा

96.40%
आकांक्षा देवी
विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद

96.40%
सौरभ सोनी
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा

96.40 %
कशिश तिवारी
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा

96.20 %
अग्रिका सिंह
चौ. आरएसएस बीएस इंटर कालेज बेलई

96.20 %
आयुष द्विवेदी
सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वीआईपी रोड फतेहपुर

96.20%
नंदनी सिंह
सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वीआईपी रोड फतेहपुर

96.20 %
खुशबू
जय मां सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज राधानगर फतेहपुर

96.00 %
नित्या त्रिपाठी
सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वीआईपी रोड फतेहपुर

96.00 %
अवनीश कुमार
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज रघुवंशपुरम फतेहपुर

96.00 %
उमा सिंह
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा

एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर में खुशियां मनातीं छात्राएं। अमृत विचार

जय मां सरस्वती इंटर कालेज राधानगर में सेल्फी लेतीं मेधावी छात्राएं। अमृत विचार

सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में मेधावियों को मिठाई खिलाते शिक्षक।

इंटर में आकांक्षा तो 10वीं में दीपिका ने लहराया परचम

प्रदेश स्तर पर इंटर में 15 तो हाईस्कूल में सात छात्रों ने बनाई जगह, परिजनों व गुरुजनों ने मिठाई खिलाकर दीं शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित हुआ। हाईस्कूल एवं इंटर में प्रदेश की टॉप-10 सूची में जिले के 22 छात्र-छात्राओं ने स्थान पाया। हाईस्कूल में सात छात्राओं समेत इंटर में विभिन्न स्कूलों के 15 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश सूची में स्थान प्राप्त किया।

दोपहर दो बजे के पहले से ही जिले के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं समेत उनके अभिभावक एवं स्कूल प्रशासन परिणाम के इंतजार में रहा। दो बजे के बाद जैसे ही परिणाम घोषित हुआ तो कई विद्यालयों के कई बच्चों का प्रदेश स्तर की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज मिला तो जश्न का माहौल हो गया। एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर की इंटरमीडियट की छात्रा आकांक्षा विश्वकर्मा ने 97.40 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में तीसरी रैंक हासिल किया। इसी विद्यालय की इंटर की छात्रा लवी ने 97.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में चौथा स्थान और सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा की छात्रा एंजल केशरवानी ने 96.60 फीसदी के अंक के साथ प्रदेश में 7वीं रैंक पाने में सफलता अर्जित की। इसके अलावा अन्य विद्यालयों के कुल 15 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश सूची में अपना स्थान बनाने में कामयाब रहे। ऐसे ही हाईस्कूल में एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर हुसेनगंज की छात्रा दीपिका सोनकर ने 98.33 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी स्कूल की छात्रा दीपिका देवी 97.83 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान एवं तुनश्री ने 97.50 फीसदी के अंक के साथ प्रदेश की टाप-10 सूची में 6वीं रैंक प्राप्त किया है। इसी तरह से हाईस्कूल में अन्य स्कूलों के कुल सात छात्र-छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर अपना नाम दर्ज कराकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि अपने विद्यालय समेत माता पिता का नाम रोशन किया गया। इनके अलावा जिले के अन्य विद्यालयों में भी अच्छा परिणाम आने पर जश्न मनाया गया। वहीं अपने पाल्यों की प्रतिभा देखकर उनके अभिभावक भी इतराते नजर आए। प्रदेश स्तर पर सबसे अधिक टापर देने वाले एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर में डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी, परीक्षा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव आदि पहुंच कर मेधाओं का मनोबल बढ़ाया और विद्यालय प्रशासन की सराहना की।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में होनहार विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाते शिक्षक। अमृत विचार

सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज रघुवंशपुरम में हर्ष जताते मेधावी बच्चे। अमृत विचार

प्रदेश टॉप-10 की सूची में हाईस्कूल के मेधावी

97.33 %
अर्पिता साहू, हाईस्कूल
एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर

97.17 %
निशा गुप्ता, हाईस्कूल
श्री एसएस सिंह इंटर कालेज बरयेपुर

97.17%
साक्षी साहू, हाईस्कूल
विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद

इंटरमीडिएट के छात्रों ने भी मनवाया लोहा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बीते साल का तोड़ा रिकार्ड इस बार जिला पहुंचा छठवें पायदान पर
- रिकार्ड तोड़ विभिन्न विद्यालयों के 15 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश में बनाई जगह

अमृत विचार। बीते वर्षो की अपेक्षा इस बार इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने रिकार्ड तोड़ दिया है। प्रदेश स्तर की टॉप टेन सूची में दोआबा के 15 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है।

बीते वर्ष 2022 के परीक्षा परिणाम में जिले का प्रतिशत 92.97 रहा और जिले की रैंक प्रदेश में 11वें स्थान पर रही। वहीं इस वर्ष उत्तीर्ण प्रतिशत घटकर 89.59 प्रतिशत पर आ टिका लेकिन जिले की रैंक में छह पायदान चढ़कर 11वें स्थान से छठवें स्थान पर आ गया। इस बार प्रदेश सूची में तीसरे स्थान पर एक, चौथे स्थान पर एक, सातवें स्थान पर दो मेधाएं रहीं। इसके अलावा आठवें स्थान पर तीन, नौवें स्थान पर 04, और दसवें स्थान पर 04 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश स्तरीय सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। मेधाओं को विद्यालय परिवार समेत स्वजनों ने मुंह मीठा कराते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मेधावियों के परिवार ही नहीं उनके शिक्षक भी शनिवार को फूले नहीं समाए। अपनी सफलता पर बधाई ले चुके तमाम होनहार देर शाम अपने अपने शिक्षकों का आशीर्वाद लेने उनके घरों तक पहुंचे। ऐसे में शिक्षकों के घरों पर भी तांता लगा रहा।

सख्ती के बीच खिलीं मेधाएं: शहर के जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज की इंटर की छात्रा खुशबू ने 96.20 फीसदी अंक लाकर प्रदेश स्तर की टाप-10 सूची में नौवां स्थान दर्ज कराया है। यहां पर बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की फौज पूरे परीक्षा के दौरान शुचिता जांचने के लिए बैठे रहे। प्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि विद्यालय हमेशा अच्छी शिक्षा के लिए जाना जाता है। यहां पर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाती है।

बेटियों ने बेटों से आगे निकल कर मारी बाजी

यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस बार भी जिले की बेटियों का दबदबा कायम रहा। प्रदेश स्तर की टाप-10 सूची में इंटर मीडियट में कुल 15 मेधावियों में मात्र 03 छात्र शामिल रहे। जबकि शेष 12 छात्राओं ने अपना जलवा कायम किया। इसी तरह से हाईस्कूल में कुल 07 मेधावियों में सभी छात्राएं ही रहीं। एक भी छात्र सफलता अर्जित नहीं कर सका।

आंकड़ों पर एक नजर

- हाईस्कूल के कुल परीक्षार्थी-38182
- इंटरमीडिएट के कुल परीक्षार्थी-29449
- हाईस्कूल उत्तीर्ण प्रतिशत-94 .22 प्रतिशत
- इंटरमीडिएट उत्तीर्ण प्रतिशत-89 .59 प्रतिशत
- प्रदेश में हाईस्कूल में जिले का स्थान-7वां
- प्रदेश में इंटरमीडिएट में जिले का स्थान-6वां

टॉपरों की संख्या बढ़ी, स्कूलों की संख्या घटी

मौजूदा शिक्षा सत्र में दोआबा में टॉपरों की संख्या बढ़ गई लेकिन शहरी स्कूलों की संख्या कम हो गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के कई विद्यालय टापर की सूची में शामिल हो गए। बता दें कि गत वर्ष हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के सात परीक्षार्थी प्रदेश टाप-10 की सूची में शामिल थे, इस बार प्रदेश टॉपटेन में इंटरमीडिएट में 15 और हाईस्कूल में 07 परीक्षार्थियों का नाम शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एसएस इंटर कालेज मुसतफापुर हुसेनगंज, श्री साधू शरण सिंह इंटर कालेज बरयेपुर खखरेरू, विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद, सरस्वती बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा, से पढ़ कर किसान और मजदूरों के बच्चों ने प्रदेश की सूची पर स्थान कायम किया है। उधर, परिणाम सामने आते ही मेधावियों के घरों पर शुभचिंतकों का आना जाना शुरू हो गया। मेधावियों के परिवार वाले भी अपनी संतान की सफलता पर इतराते रहे। देर रात तक होनहारों के घर पर रौनक बनी रही।

दसवीं के 94.22 तो इंटर में 89.59 फीसद छात्र उत्तीर्ण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्रदेश स्तर पर हाईस्कूल में जिला 7वें पायदान पर रहा

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल परिणाम में 94.22 प्रतिशत के साथ दोआबा ने लम्बी उछाल लगाई है। वर्ष 2023 में यह प्रतिशत 92.33 रहा है। दोआबा का प्रदेश में इस बार 7वां स्थान रहा। जबकि वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा का परिणाम 89.12 प्रतिशत एवं प्रदेश में जिले की रैंक 27वीं रही।

बीते वर्ष की तुलना में इस बार हाईस्कूल का परिणाम और बेहतर रहा। 27वें पायदान से ऊपर उठकर जिले की रैंक इस बार 7वीं पर आ गई। बीते वर्ष के परीक्षा परिणामों के सापेक्ष इस वर्ष बेहतर परिणाम रहा।

परिणाम में इस बार हाईस्कूल में प्रदेश स्तर पर दूसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं एवं आठवीं रैंक दोआबा के नाम पर रही। हाईस्कूल में विभिन्न स्कूलों की 07 मेधाओं ने प्रदेश स्तर की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराने में सफलता अर्जित की है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बहुआ। किसी काम से कहीं जाने के लिए घर से निकला बाइक सवार एक युवक शनिवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। बहुआ के पास बांदा की तरफ से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। ललौली थाना क्षेत्र के कोरारी गांव निवासी विजय पुत्र बदलू प्रसाद शिवहरे गांव में खेती किसानी करता था। शनिवार को वह बाइक लेकर घर से कहीं जाने के लिए निकला था। तभी वह बहुआ स्थित सैयद बाबा की मजार के पास ही पहुंचा था कि तभी बांदा से मोरंग लोड कर शहर की तरफ जा रहे ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक से गिरकर विजय ट्रक की नीचे आ गया। जिससे ट्रक ने उसे रौंद दिया।

अंधेरगर्दी | रजिस्ट्रेशन का सिर्फ आवेदन कर चल रहे हैं तमाम अस्पताल

सीज अस्पताल भी कर रहे इलाज

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- स्वास्थ्य विभाग के नियमों का माखौल बना कर अस्पताल संचालक कर रहे खेल

अमृत विचार। जिले में निजी अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग के नियमों का माखौल बना दिया है। रजिस्ट्रेशन के लिए सिर्फ आवेदन कर अस्पताल में मरीजों का इलाज कर रहे हैं। करीब दर्जन भर निजी अस्पतालों का मानक न पूरा कर पाने पर स्वास्थ्य विभाग ने रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया था, लेकिन सभी अस्पताल चल रहे हैं।

जनपद में बिना मानक के चल रहे अस्पतालों में लापरवाही से मौत के मामले कई बार आ चुके हैं। दो दिन पूर्व शहर के नउवाबाग स्थित मदर केयर अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत के बाद निजी अस्पताल के खिलाफ शुक्रवार को हंगामा हुआ था।

इस दौरान लोगों ने एक सवाल उठाकर चौंका दिया कि जब अस्पताल ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन ही किया है अभी उसका रजिस्ट्रेशन हुआ नहीं है तो इलाज कैसे शुरू कर दिया। इतना ही नहीं फायर ब्रिगेड की एनओसी, रजिस्टर्ड डॉक्टर आदि अन्य जरूरी शर्तें पूरी न कर पाने पर सीएमओ कार्यालय ने दो महीने पहले कई निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन रिनुअल करने से इनकार कर दिया। तमाम निजी अस्पतालों ने बिना नियम शर्तें माने मरीजों का इलाज शुरू कर दिया। बताते हैं कि रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है, प्रक्रिया चल रही है। खास बात यह है कि इसमें सीएमओ के अधीन काम करने वाले डॉक्टर व फार्मासिस्ट के भी निजी अस्पताल हैं।

> बिना रजिस्ट्रेशन हुए अस्पताल में मरीज भर्ती कर इलाज करना नियम विरुद्ध है। रजिस्ट्रेशन के लिए सिर्फ आवेदन करने भर से किसी को अस्पताल चलाने की छूट नहीं मिल जाती। ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ**

खाद्य प्रतिष्ठान 31 मई तक पोर्टल से करें रिटर्न दाखिल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। सहायक आयुक्त (खाद्य) देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद के सभी खाद्य विनिर्माण प्रतिष्ठानों के प्रोपराईटर, डाइरेक्टर, नामिनी वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक रिटर्न 31 मई तक पोर्टल के माध्यम से दाखिल करना सुनिश्चित करें। वार्षिक रिटर्न के तहत खाद्य विनिर्माण (राईस मिलर, आटा मिलर, नमकीन, कचरी, बेवरेजेज, मिल्क, पेय जल पैकेजिंग व अन्य) रिलेबलर, रिपेकर, निर्यातक श्रेणी के प्रतिष्ठान आच्छादित होंगे।

उन्होंने बताया कि रिटर्न केवल ऑनलाइन दाखिल किये जा सकेंगे। ऑनलाइन रिटर्न दाखिल किये जाने के लिए वेबसाइट में अलग-अलग प्रतिष्ठानों के लिए अलग-अलग रिटर्न दाखिल किया जायेगा। वार्षिक रिटर्न ईमेल या व्यक्तिगत रूप से प्रेषित किये जाने पर स्वीकार नही किये जायेंगे। वार्षिक रिटर्न विलम्ब से दाखिल किये जाने की स्थिति में प्रतिदिन सौ रुपए विलम्ब शुल्क आनलाइन देय होगा। विगत वित्तीय वर्षों के लिए अधिकतम विलम्ब शुल्क वार्षिक लाईसेंस शुल्क का पांच गुना देय होगा। वार्षिक रिटर्न दाखिल किये बिना खाद्य लाईसेंस का नवीनीकरण नहीं हो सकेगा। इसके लिए किसी भी सहायता के लिए हेल्प लाइन नम्बर 1800112100 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

बच्चों को दी गई चिकनपाक्स की दवा

फतेहपुर। चिकनपॉक्स के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा कम्पोजिट विद्यालय आदर्श मसवानी के 26 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव की दवा दी गई। बताया कि संक्रमण को कम करने एवं रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि दी गई है। सभी बच्चों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। फिर टीबी ट्रीटमेंट सुपरवाइजर व रेडक्रास सोसाइटी सचिव अजीत सिंह द्वारा टीबी के उपचार के उपाय भी बताए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मेरा नाम मो0 सलमान पुत्र मकसूद हसन निवासी ग्राम रामपुर तालुका पो0 ककवन जनपद कानपुर देहात है। लेकिन कई दस्तावेजों मे मेरा नाम केवल सलमान दर्ज है। अतः मुझे अब सलमान पुत्र मकसूद हसन के ही नाम से जाना जाए।

सूचना
रजि. सं. 797 बैनामा दिनांक 28/12/2017 वास्तव में कहीं रख-रखाव में खो गया है। मिलने पर सूचित करें। **-ज्ञान प्रकाश पुत्र राम दयाल मोबाइल नंबर-9838343062**

सूचना
मैं **अनन्या सिंह पुत्री श्री कृष्ण प्रताप सिंह, निवासिनी-गडवारा, गरवार, प्रतापगढ़, उ0प्र0** सूचित करती हूँ कि मैंने अपनी स्वेच्छा एवं बिना किसी दबाव के दिनांक 15.04.2024 को अपना घर छोड़ रही हूँ, चूंकि मैं बालिग हूँ (जन्मतिथि 14.08.2003) इसलिये अपने भविष्य एवं निजी जिंदगी के निर्णय स्वंय ले सकती हूँ। यह समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराती हूँ कि मेरा मेरे परिवार से किसी प्रकार का कोई लेनादेना नही है।

सूचना
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड रोल नंबर 5156848 वर्ष 2001 वास्तव में खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका है। **-एखलाक अहमद पुत्र कोतवाल अहमद ग्राम व पोस्ट शाहपुरकला मोतीपुर, बहराइच।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक किता बैनामा जिसका जिल्द नंबर 8514, पेज नंबर 263-280 क्रमांक 6766, दिनांक 25.07.2019 जो गाटा संख्या 1187 क्षेत्रफल 0.00718 हेक्टेयर ग्राम कटकाखानपुर, परगना बरौंसा, तहसील सदर जिला सुलतानपुर का लिया था। उक्त बैनामे के दस्तावेज से पेज संख्या 276-280 तक पन्ने वास्तव में खो गए हैं। **-श्रीमती पूनम देवी पत्नी राकेश कुमार, निवासी महिलो आशापुर, परगना बरौंसा, तहसील-सदर, जिला सुलतानपुर।**

सूचना
मैंने अपने छोटे भाई अभिषेक दीक्षित पुत्र कृष्णा दीक्षित के गलत कार्यो से आजिज आकर सदा के लिए संबंध विच्छेद कर लिए हैं, भविष्य में उसके द्वारा किये गये कार्यो व लेन देन व अपराध या मुकदमे से मेरा या मेरे परिवार का कोई संबंध न होगा। मनमोहन दीक्षित पुत्र कृष्णा दीक्षित निवासी म.नं. 109सी मेवाली कालोनी गुड़गांव हरियाणा। हाल पताः बागदौधी कछार परगही मंधना कानपुर नगर।

सूचना
मेरा नाम माधुरी उर्फ शिव देवी पत्नी शिवपाल निवासी नया निवादा ककवन की हूं। मेरे बैंक समेत दस्तावेजों मे शिव देवी नामं अंकित है। अतरू मुझे अब शिव देवी पत्नी शिवपाल के ही नाम से जाना जाए।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मैं **रामकुमारी पत्नी स्व.अनिल कुमार शुक्ला पुत्री स्व.जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी- ग्राम शेषपुर जाहिदअली थाना असंद्रा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी** अपने भाई पवन तिवारी, दुर्गेश तिवारी,आशीष तिवारी पुत्रगण स्व.जगदीश प्रसाद तिवारी को उनके गलत क्रिया कलापों के कारण अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में यह अपने लेनदेन व अन्य कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना
सूचित हो कि मैं **अरूण कुमार मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा, निवासी- न्यू पब्लिक स्कूल के पीछे हनुमानपुरी, सरोजनीनगर, जिला- लखनऊ**, मेरे अवयस्क पुत्र शिवांश मिश्रा के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों पर सही व वास्तविक जन्मतिथि 27/09/2011 अंकित है। जबकि मेरे भारतीय नौसेना के सेवा निवृत प्रमाणपत्र में मेरे पुत्र शिवांश मिश्रा की जन्मतिथि 27/09/2010 त्रुटिपूर्वक गलत अंकित हो गयी है। अतः मेरे भारतीय नौसेना के सेवा निवृत प्रमाणपत्र में मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 27/09/2011 दर्ज कर दिया जाये।

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल आर्य वीर पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय-256/210 ऐशबाग राम नगर कालोनी लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।
पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गये हैं :-अध्यक्षः वीरेन्द्र कुमार मिश्र, 347/48 टिकैतगंज लखनऊ। उपाध्यक्षः रमेश प्रकाश राव, 473/61 क. रूपपुर खदरा सीतापुर रोड लखनऊ। महासचिवः अजय कुमार मिश्र 63/एम.एमआ.लखनऊ। कोषाध्यक्षः डॉ. विनोद कुमार 538बी./1/247 रूपपुर खदरा लखनऊ। यदि किसी को आर्य वीर पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

जय श्रीराम

प्लाट चाहिए हमारे पास आइये

हीरा ग्रीन सिटी

लम्पर धमाका

श्री दौलेश्वर मार्ग तिर्वाखास

नवरात्रि एवं रामनवमी के शुभ अवसर पर 10% से 20% की विशेष छूट

कान्हा सोसायटी
महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के पास बंबा रोड, ककरहिया तिर्वा

कान्हा ग्रीन सिटी
तिर्वा–कन्नौज रोड चंदन होटल के सामने तिर्वा

कान्हा सोसायटी
कल्याण सिंह डिग्री कॉलेज के सामने रानी अवंतीबाई नगर तिर्वागंज

कान्हा सोसायटी
कन्नौज पब्लिक स्कूल के पास मानपुर रोड, आंबेडकर चौराहा, कन्नौज

सुविधा

आवासीय एवं व्यवसायिक प्लाट । 20 से 30 फुट चौड़ी आकर्षक रोड। मकान निर्माण को बैंकों से फाइनेंस सुविधा। सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें व पेयजल सुविधा

अमित यादव मो.-9616960000

मोहित गुप्ता लालू भैया मो.-9580997533

संदीप भदौरिया मो.-8922034444









प्रदेश मेरिट में अंशू व अनिकेत ने बिखेरी इत्रनगरी की खुशबू

अध्यापकों ने जिला टॉप रहे मेधावी विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं, आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। इत्रनगरी के होनहारों ने यूपी बोर्ड परीक्षाफल की जारी हुई मेरिट सूची में जगह बनाकर खुशबू बिखेरी है। हाईस्कूल के 15 और इंटरमीडिएट के 20 परीक्षार्थी सूबे की मेरिट लिस्ट में आए हैं। हाईस्कूल में अंशू की प्रदेश में पांचवीं और इंटरमीडिएट के अनिकेत शर्मा की चौथी रैंक आई है। दोनों ही छात्रों ने अपनी-अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर जनपद टॉप भी किया है। शिक्षकों ने मेधावियों को बधाई दी।

हाईस्कूल व इंटर में जिला टॉप आए दोनों ही तिर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के हैं। प्रदेश की मेरिट सूची में सर्वाधिक छात्र-छात्राएं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के हैं। इसके अलावा महेंद्र नीलम इंटर कॉलेज तिर्वा, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज गांधीनगर तिर्वा, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा, गौतम बुद्ध बालिका इंटर कॉलेज तिर्वा, मुन्नी देवी इंटर कॉलेज छिबरामऊ, सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज, आदर्श बाल विकास इंटर कॉलेज सौरिख, एसएसपी इंटर कॉलेज तिर्वा, जागृति पब्लिक स्कूल तालग्राम, भगवान गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज खड़िनी, मालती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तिर्वा के छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं। दूसरी ओर जिले में जिन विद्यालयों के छात्र-छात्राएं जगह बना पाए उसमें मां सरस्वती हायर सेकेंडी स्कूल सौरिख, टैगोर पब्लिक स्कूल छिबरामऊ, एएसएस हायर सेकेंडी स्कूल नगला पछू कन्नौज, श्रीराधे श्याम इंटर कॉलेज उमरपुर तालग्राम, माया देवी इंटर कॉलेज सरायमीरा कन्नौज, हीरा लाल वीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ, एमएस देवी इंटर कॉलेज डिगसरा, क्रांतिकारी शिक्षा सदन इंटर कॉलेज त्रिलोकपुर के परीक्षार्थी हैं।

हाईस्कूल में जिला टॉप करने वाला अंशू।

इंटरमीडिएट में जनपद में अव्वल आया अनिकेत शर्मा।

- **यूपी की मेरिट सूची में जनपद के हाईस्कूल से 15 व इंटरमीडिएट के 20 परीक्षार्थी शामिल**

कार्यालय में वेबसाइट पर परिणाम की जानकारी लेते डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह।

हाईस्कूल में 86.47, इंटरमीडिएट में 91.38 फीसदी परीक्षार्थी पास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **वर्ष 2022-23 की अपेक्षा बेहतर रहा यूपी बोर्ड का परीक्षाफल**
- **कन्नौज का प्रदेश में हाईस्कूल में 23वां व इंटर का 21वां स्थान**

अमृत विचार। यूपी बोर्ड ने वर्ष 2023-24 में हाईस्कूल का रिजल्ट 91.38 फीसदी और इंटरमीडिएट की 86.47 प्रतिशत रहा। पिछले साल की अपेक्षा इस बार दोनों ही कक्षाओं के परिणाम बेहतर रहे।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि हाईस्कूल का प्रदेश में जिले का 23वां स्थान आया है। बोर्ड परीक्षा के लिए 27,144 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसके सापेक्ष परीक्षा में 24,878 ही शामिल हुए। यूपी बोर्ड की ओर से जारी हुए परिणाम में 22,733 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इंटरमीडिएट का सूबे में कन्नौज का 21वां स्थान रहा। पंजीकृत 24,739 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 23,194 ने परीक्षा दी। 20,057 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। डीआईओएस का कहना है कि वर्ष 2022-23 में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 90.78 फीसदी रहा था। पंजीकृत 28,820 परीक्षार्थियों में से 25,827 शामिल हुए और 23,446 ने परीक्षा पास की।

इंटरमीडिएट में पंजीकृत 25,917 परीक्षार्थियों में से 23,030 ने इम्तिहान दिया और 18,345 छात्र-छात्राएं पास हुए। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 79.66 फीसदी रहा। इस मौके पर अनुज कटियार, अखिलेश कुमार, रजनीश सिंह व अभिषेक मिश्र मौजूद रहे।

इंटरमीडिएट के मेधावी

हर्षवर्धन राठौर, 96.80 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

शांभवी मिश्रा, 96.40 फीसदी, सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज, कन्नौज

अखंड प्रताप सिंह, 96.20 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

तान्या भदौरिया, 96 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

अमित यादव, 96 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

अदिति श्रीवास्तव, 95.80, माया देवी इंटर कॉलेज, सरायमीरा कन्नौज

प्रांशी शर्मा, 95.20 माया देवी इंटर कॉलेज, सरायमीरा कन्नौज

सैफ खान, 94.4 प्रतिशत, आकाश एजूकेशन सेंटर, गुरसहायगंज

सानिया, 93.8 प्रतिशत, आकाश एजूकेशन सेंटर, गुरसहायगंज

सत्यम शुक्ल, 92.2 प्रतिशत, आकाश एजूकेशन सेंटर, गुरसहायगंज

तनीषा गुप्ता, 92 फीसदी, माया देवी इंटर कॉलेज, सरायमीरा कन्नौज

गोल्डी पाठक, 90.5 प्रतिशत, पंचम लाल शिक्षा प्रचार समिति इंटर कॉलेज सियरमऊ, जलालाबाद

आस्था, 90 प्रतिशत पंचम लाल शिक्षा प्रचार समिति इंटर कॉलेज सियरमऊ, जलालाबाद

तान्या द्विवेदी, 90 प्रतिशत, पंचम लाल शिक्षा प्रचार समिति इंटर कॉलेज सियरमऊ, जलालाबाद

एकता, 90 प्रतिशत पंचम लाल शिक्षा प्रचार समिति इंटर कॉलेज सियरमऊ, जलालाबाद

यूपी की मेरिट सूची में हाईस्कूल के इन छात्रों ने बनाया स्थान

नाम	प्रदेश की रैंक	कुल अंक	विद्यालय
अंशू	पांचवीं	586	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
कंचन राजपूत	छठवीं	585	महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा
अधिराज सिंह	सातवीं	584	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
क्षितिज सिंह	सातवीं	584	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
रितिक कुमार	आठवीं	583	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
अक्षय गुप्ता	नौवीं	582	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
खुशी राजपूत	नौवीं	582	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
साक्षी	नौवीं	582	महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा
समृद्धि बाजपेयी	दसवीं	581	किसान इंटर कॉलेज तिर्वा
मनीष कुमार	दसवीं	581	महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा
अभिषेक कुमार	दसवीं	581	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
अरुण राजपूत	दसवीं	581	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
राहुल कुमार	दसवीं	581	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
देवेश यादव	दसवीं	581	गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज तिर्वा
चांदनी	दसवीं	581	मुन्नी देवी इंटर कॉलेज छिबरामऊ

हाईस्कूल के मेधावी

कंचन राजपूत, 97.50 फीसदी, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, तिर्वा

अधिराज सिंह, 97.33 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

क्षितिज सिंह, 97.33 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

रितिक कुमार, 97.17 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

अक्षत गुप्ता, 97 फीसदी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

साक्षी, 97 फीसदी महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, तिर्वा

राहुल कुमार, 96.83 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा

अरुण राजपूत, 96.83, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा- कन्नौज

अनन्या यादव, 95.18 फीसदी, माया देवी इंटर कॉलेज, सरायमीरा कन्नौज

दीपमाला कटियार, 93 फीसदी, माया देवी इंटर कॉलेज, सरायमीरा कन्नौज

अंजली द्विवेदी, 92.60 प्रतिशत, गुरू कृपा इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज

गर्विता मिश्रा, 92.16 प्रतिशत अन्नपूर्णा पन्नालाल उ.मा. विद्यालय जलालाबाद

स्वाति पाल, 90.8 फीसदी माया देवी इंटर कॉलेज, सरायमीरा कन्नौज

यूपी की मेरिट सूची में इंटर के इन छात्रों ने बनाया स्थान

नाम	प्रदेश में रैंक	कुल अंक	विद्यालय
अनिकेत शर्मा	चौथी	486	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
रिया	छठवीं	484	महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा
हर्षवर्धन राठौर	छठवीं	484	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
कुमकुम	सातवीं	483	महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा
समीक्षा	सातवीं	483	महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा
सौम्या राजपूत	सातवीं	483	महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा
शांभवी मिश्रा	आठवीं	482	सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज
हर्षित अवस्थी	आठवीं	482	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
अनुराग सिंह	आठवीं	482	आदर्श बाल विकास इंटर कॉलेज सौरिख
योगेश राजपूत	आठवीं	482	मालती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तिर्वा
अखंड प्रताप सिंह	नौवीं	481	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
मुस्कान	नौवीं	481	एसएसपी इंटर कॉलेज तिर्वा
दिब्यांशी देवी	दसवीं	480	महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा
अनकेत यादव	दसवीं	480	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
अमित यादव	दसवीं	480	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
तान्या भदौरिया	दसवीं	480	सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा
तनु	दसवीं	480	भगवान गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज खड़िनी
शिवानी देवी	दसवीं	480	श्रीराधेश्याम इंटर कॉलेज तालग्राम
आकांक्षा	दसवीं	480	जागृति पब्लिक स्कूल तालग्राम
सोनी देवी	दसवीं	480	जागृति पब्लिक स्कूल तालग्राम

यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने के बाद छात्र-छात्राओं के साथ खड़े शिक्षक व अन्य लोग। अमृत विचार

सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावियों ने किया नाम रोशन

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश में धाक जमाई है। प्रदेश मेरिट सूची में कई छात्र-छात्राएं शामिल हैं। जानकारी होने पर अभिभावकों व शिक्षकों में उत्साह बढ़ गया। विद्यालय बुलाकर मेधावियों का सम्मान किया गया। साथ ही मिठाई बांटी गई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल मिश्र ने बताया कि हाईस्कूल में 231 विद्यार्थियों के पंजीकरण थे। सभी ससम्मान उत्तीर्ण हुए। इंटरमीडिएट में 182 विद्यार्थियों में सभी प्रथम श्रेणी में पास हुए। उधर, हाईस्कूल की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा अंशू का प्रदेश सूची में पांचवां स्थान आने की जानकारी होते ही उसकी मां आशादेवी ने खुशी जताई।

मां आशा देवी के साथ खड़ा हाईस्कूल में सूबे में पांचवीं रैंक पर आया अंशू।

कंचन को मिठाई खिलाते उसके पिता, साथ में परिवार के अन्य सदस्य।

इंजीनियर बनकर कंचन करेगी देश की सेवा

तिर्वा। कस्बे के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से हाईस्कूल पास करने वाली जूड़ापुर्वा गांव निवासी सर्वेश कुमार की पुत्री कंचन चार बहनों में सबसे छोटी है। सर्वेश कुमार गांव में रहकर खेती करते हैं। कंचन ने हाईस्कूल परीक्षा में 97.50 फीसदी अंकर पाकर नाम रोशन किया है। प्रदेश सूची में उसकी छठवीं रैंक है। कंचन ने बताया कि आगे चलकर वह इंजीनियर बनेगी। नई-नई तकनीक का इस्तेमाल कर देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगी।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड : गुरसहायगंज के आकाशियंस ने मारी बाजी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम ने छात्र-छात्राओं को राहत दी है। सुबह से ही छात्र-छात्राओं, परिजनों व स्कूल संचालकों की परिणाम पर नजर थी।

नगर के रामगंज स्थित आकाश एजूकेशन सेंटर से हाईस्कूल में उदितराज ने 92.83 प्रतिशत, अरशद खान ने 91.33, हिमानी राजपूत ने 91.10 व रक्षा यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरु व परिजनों का नाम रोशन किया।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट में सैफ खान ने 94.4 प्रतिशत, सानिया ने 93.8, सत्यम शुक्ला ने 92.2 व शिखर प्रताप सैनी ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज, गीता इंटर कॉलेज, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, एबी इंटर कॉलेज, एचएम इंटर कॉलेज, डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज, बीजेपी इंटर कॉलेज तेराजाकेट, गुरूकृपा इंटर कॉलेज, एसईएन इंटर कॉलेज तेराजाकेट, विमला देवी ब्रज मोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग आदि कॉलेजों में भी छात्र-छात्राओं ने बेहतर अंक प्राप्त किए।

इस दौरान मेधावियों को डॉ. आरके कटियार, आकाश कटियार, अमित यादव, विजय मिश्र, शैलेश गुप्ता, प्रबल प्रताप सिंह, अरुण त्रिपाठी, ललित मोहन सिंह, संजीव चैहान सहित परिजनों व शिक्षिकों ने मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।w

यूपी बोर्ड परीक्षा में सफल होने के बाद उत्साहित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- **हाईस्कूल में उदित राज व इंटर में सैफखान अव्वल**
- **हाईस्कूल व इंटरमीडीएट के छात्रों में के खिले चेहरे**

छात्रों ने किया विद्यालय का नाम रोशन

तेराजाकेट। ग्राम मिश्रापुर स्थित चौधरी जयवीर सिंह इंटर कॉलेज में हाई स्कूल परीक्षा में शिवा कुशवाह, गगन, सुमित व इंटरमीडिएट में स्वेता, अंश राठौर व राजनीत ने विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। इस दौरान प्रबंधक प्रशांत सिंह, राहुल भदौरिया, आलोक यादव, राजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, सचिन राजपूत, संगम यादव, अतुल यादव, अजीत कुमार, संजीव मोहन शर्मा, अगम कुमार ने बच्चों को मिष्ठान खिलाया।

अनिकेत का लक्ष्य आईएएस बनकर देश सेवा करना

तिर्वा, कन्नौज। इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में अपना जलवा बिखरने वाले अनिकेत शर्मा का लक्ष्य आईएएस बनकर देश सेवा करना है। खास बात यह है कि वर्ष 2022 में हाईस्कूल की परीक्षा पास करने के दौरान भी मेरिट में चौथा स्थान आया था, जो इस बार भी कायम रहा। इस बार 97.20 फीसदी अंक इंटर में प्राप्त किए हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी अनिकेत शर्मा के पिता अनूप शर्मा ठठिया रोड पर लोहे की बेल्डिंग की दुकान किए हैं। पिता की मेहनत देखकर अनिकेत ने पढ़ाई कर सरकारी सेवा में जाने की ठान ली। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से ही हाईस्कूल व अब इंटरमीडिएट पास किया है। अनिकेत ने बताया कि पिता कठिन परिश्रम करके उसे शिक्षा दिला रहे। इस वजह से वह और मन लगाकर पढ़ाई कर रहा है। आगे चलकर वह आईएएस बनेगा और गरीबों की सेवा करेगा। जिससे किसी गरीब को अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने मे कठिनाई का सामना न करना पड़े।

अनिकेत शर्मा मिठाई खिलाती दादी व मां। अमृत विचार

सार-संक्षेप

चार शातिर अपराधी जिलाबदर किए गए

कन्नौज। थाना तालग्राम व थाना सौरिख पुलिस ने धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के चार आरोपियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। यदि यह आरोपी जिले में मिलते हैं तो गिरफ्तार कर जेल भेजे जायेंगे। तालग्राम थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने विवेक पुत्र हवलदार निवासी ग्राम रोहिली थाना तालग्राम, देवेंद्र पुत्र विश्वनाथ पाल निवासी ग्राम बलनपुर थाना तालग्राम, सौरिख थाना पुलिस ने अंशुल गुप्ता पुत्र दिनेश चंद्र निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना सौरिख, अंकित पुत्र दिनेश चंद्र निवासी मोहल्ला काशीराम कॉलोनी थाना सौरिख जनपद कन्नौज के खिलाफ कार्रवाई की है। उक्त आरोपी असामाजिक क्रियाकलापों में लिप्त होने का दोषी पाये जाने के कारण छह माह के लिये जनपद कन्नौज एवं उसकी सीमा से निष्कासित कर जिलाबदर कराया गया है।

पानी के छींटे पड़ने पर गर्भवती व पति को पीटा

छिबरामऊ-कन्नौज। कांशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 58 निवासी अंजलि ने बताया कि वह तीन माह की गर्भवती है। शनिवार को अपने आवास के सामने पानी से धुलाई कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस के रहने वाले व्यक्ति के ऊपर कुछ छींटे पड़ गई। इसी से नाराज होकर दबंग ने उस के साथ मारपीट की। बचाने आए पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

जानकारी देते घायल दंपति।

बोर्ड परीक्षा में पास आए विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते मदन चतुर्वेदी।

महेद्र नीलम के छह बच्चों को प्रदेश में जगह

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज। कस्बे के गांधीनगर स्थित महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन चतुर्वेदी ने बताया कि हाईस्कूल में 580 व इंटरमीडिएट में 618 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में शामिल सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की प्रदेश मेरिट में एक और इंटरमीडिएट की सूची में पांच परीक्षार्थियों ने स्थान बनाया। इससे जिले, विद्यालय व परिवार का नाम रोशन हुआ है। प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद शनिवार दोपहर छात्र-छात्राओं को बुलाकर फूलमालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही मिष्ठान वितरण हुआ।

परीक्षा परिणाम में अच्छे नंबरों से पास होने के बाद खुशी मनाते छात्र-छात्राएं।

बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास भीड़ ने युवक को पीटा

पॉक्सो समेत दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- लोगों ने आरोपी को पीटकर पुलिस को सौंपा

अमृत विचार। बहन के साथ घर से खेलने निकली बच्ची को गांव के युवक ने पकड़ लिया और अपनी दुकान पर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजनों सहित स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने जमकर पिटाई के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बच्ची को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बड़ी पुत्री (05) व छोटी (03) शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे घर से खेलने के लिए गई थीं। तभी रास्ते में गांव के सोनू वर्मा ने छोटी पुत्री को पकड़ लिया और दुकान पर ले गया। बड़ी पुत्री को नमकीन का पैकेट लेने के लिए दूसरी दुकान पर भेज दिया। इसी दौरान युवक ने बेटी के साथ अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। इससे उसके नाजुक अंग से खून बहने लगा। बच्ची चीखने चिल्लाने लगी। इसी बीच बड़ी बहन भी आ गई। छोटी बहन को बुरे हाल में देख उसने भी रोना चिल्लाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग व परिजन भी पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी और सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने घायल बच्ची को नगर के सीएचसी पहुंचाया और आरोपी पर एससी-एसटी, पॉक्सो समेत दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बालिका का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। इस संबंध में एएसपी संसार सिंह ने कहा कि प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा बच्ची का इलाज कराया जा रहा है।

रोती-बिलखतीं मृतक की मां व अन्य। अमृत विचार

बाइक की टक्कर से किशोर की मौत

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

- कोल्ड ड्रिंक लेकर घर लौटते समय हुआ दुर्घटना का शिकार

अमृत विचार। दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेकर लौट रहे किशोर को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सकरावा थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर निवासी मजरूद्दीन का तीन वर्षीय पुत्र हुसैन दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेने गया था कोल्डड्रिंक लेकर वापस आ रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। देखते ही देखते भीड़ एकत्र हो गई। बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और बाइक की तलाश शुरू कर दी। मृतक चार भाई एक बहन में सबसे छोटा था। पिता भट्ठे पर मजदूरी करता है। मां हिना का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था।

शीतगृहों में 24 फीसद जगह खाली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उद्यान विभाग ने जारी की 15 तक की अंतिम भंडारण रिपोर्ट
- कोल्ड स्टोर में पुलिस व सिफारिश नहीं लगानी पड़ी

अमृत विचार। जनपद के 171 कोल्ड स्टोरेज में इस बार औसत 24 फीसदी जगह खाली रह गई है। आलू भंडारण के लिए इस बार पुलिस नहीं लगानी पड़ी। न ही रात में आलू लदे वाहनों की वजह से रोड पर जाम की समस्या आई। अधिकारियों व नेताओं के भी भंडारण के लिए सिफारिश नहीं की। उद्यान विभाग ने 15 अप्रैल तक की अंतिम रिपोर्ट भी जारी कर दी है। उसमें कहा गया है कि शीतगृहों में 4,44,945.61 मीट्रिक टन आलू रखने की जगह बची है।

डीएचओ सीपी अवस्थी ने बताया कि जनपद में वर्ष 2023-24 में आलू की फसल करीब 52 से 53 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में हुई है। इस बार 171 कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारित किया गया है। हालांकि कोल्ड स्टोरेजों की संख्या अधिक है। इनमें 18 लाख 64 हजार 940.65 मीट्रिक टन आलू रखने की जगह है। इसके सापेक्ष 14 लाख 19 हजार 995.04 मीट्रिक टन आलू भंडारित हुआ है। कुल 76.20 फीसदी ही आलू कोल्ड स्टोरेजों में रखा गया है। डीएचओ ने बताया कि शीतगृहों के स्वामियों ने भंडारण शुल्क 250 से 280 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

कोल्ड स्टोर में रखा आलू। अमृत विचार

शुरू हो गई छिटपुट निकासी

जिले के कुछ शीतगृहों में आलू की निकासी भी शुरू हो गई है। हालांकि मई में निकासी तेज होने की संभावना है। कहा जा रहा है कि 15 अप्रैल तक आलू भंडारण हुआ है। इससे माना जा रहा है कि खोदाई देर तक हुई। कुछ किसानों के पास अब भी आलू रखा होगा। बाजार से जब आलू कम हो जाएगा तो कोल्ड स्टोरेजों में निकासी तेज हो जाएगी। कहा जा रहा है कि बाजार में आलू का फुटकर रेट 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा है।

रिश्तेदारों पर मारपीट व शादी में खलल डालने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर कोतवाली के करन जौली गांव का मामला

अमृत विचार। शादी कार्यक्रम में शामिल होने आये रिश्तेदारों ने शराब के नशे में मारपीट की। बारात में खलल डाला। मामले में सदर कोतवाली में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनजौली निवासी विकास पुत्र विश्वनाथ ने कानपुर देहात जनपद के बिहारीपुर शिवली निवासी उमेश, आशीष, अनुज पुत्रगण राज कुमार व सदर कोतवाली के गांव करनजौली निवासी मोहित पुत्र तुलसी राम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि 18 अप्रैल को वह अपनी बहन की शादी के कार्यक्रम में लगा था। द्वारचार की तैयारी चल रही थी। उसी समय उक्त लोग नशे में उसे व उसके

परिजनों को गालीगलौज कर बारात के कार्यक्रम में खलल डालने लगे। जब उक्त लोगों को रोका तो लाठी व लात घूसों से हमला बोल दिया। उसके व परिजनों संग मारपीट की। बचाने के लिये साला मोनू व रविंद्र आये तो उनको भी पीटा। गांव के कई लोग मौके पर आ गये तो उक्त लोग जान से मारदेने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

रवानगी से लेकर बूथ पर पहुंचने तक के बताये गुर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मतदानकार्मिकों को रवानगी स्थल से लेकर बूथ पर पहुंचने तक क्या-क्या काम करने होंगे, इसकी बारीकियां प्रशिक्षण में बताई गईं। अगले दिन वोट किस तरह पड़ेंगे, वहां क्या-क्या व्यवस्थाएं रहेंगी इसके बारे में भी जानकारियां दी गईं।

शहर के पुलिस लाइन मार्ग स्थित एक निजी विद्यालय में चल रहे लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर प्रशिक्षण में अलग-अलग मास्टर ट्रेनरों ने 14-14 कक्षों में दो-दो पालियों में वोट डलवाने के तरीके बताए। मास्टर ट्रेनर स्नेहलता द्विवेदी ने मतदान कक्ष के बाहर मतदान क्षेत्र केंद्र व मतदाताओं के ब्योरे का जिक्र करने को कहा। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची के बारे में बताया। कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व वीवीपैट को जोड़ने का

मतदान कार्मिकों को जानकारी देतीं मास्टर ट्रेनर स्नेहलता द्विवेदी। अमृत विचार

- मास्टर ट्रेनरों ने वोट डलवाने के तरीके बताए

तरीका बताया। साथ ही बैटरी को किस तरह लगाने व खोलने के टिप्स दिए गए। ईवीएम को सील करने, मतदाता की उंगुली में अमिट स्याही लगाने, सूची में नाम मिलाकर टिक करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर शुचि पांडेय, सुरजीत तोमर, गुंजन भदौरिया, अनुराग शुक्ल, ऋतम चतुर्वेदी व दीप्ति दुबे मौजूद रहीं।

स्वास्थ्य विभाग के 44 बाबू चुनाव ड्यूटी में लगे : स्वास्थ्य विभाग के 44 बाबुओं की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है। इनमें से तीन बाबू मय कंप्यूटर के प्रेक्षक के साथ लगाये गये हैं। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में स्वास्थ्य विभाग के 44 बाबुओं की ड्यूटी लगाई गई है। तीन बाबू प्रेक्षक के साथ लगाये गये हैं। ये अपने कंप्यूटर के साथ ही जाएंगे। पैरामेडिकल स्टाफ को पूरी तरह से मुक्त रखा गया है। इससे चुनाव के दौरान किसी भी अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी नहीं रहेगी। इस दौरान सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने डाक्टर से लेकर अन्य कर्मचारियों को मतदान शुरू से लेकर अंत तक अस्पताल में मुस्तैद रहने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने डॉक्टर व कर्मचारियों की निगरानी करने के लिये प्रभारी अधिकारी सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, सहायक प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी एसीएमओ डॉ. केपी त्रिपाठी व अपर शोध अधिकारी वाई के मंजुल को सौंपी है। यह अधिकारी मतदान व मतगणना में अस्पतालों का निरीक्षण कर पैरामेडिकल स्टाफ की निगरानी करेंगे।

सार-संक्षेप

हादसे में महिला गंभीर, बाइक चालक पर रिपोर्ट

कन्नौज। बाइक की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर कोतवाली में दूसरी बाइक के अज्ञात चालक पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मूसानगर निवासी दीपक चंद्र दुबे पुत्र सुरेश चंद्र दुबे ने सदर कोतवाली में बाइक के अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 16 अप्रैल को उसकी बहन आरती पत्नी देवकी नंदन अग्निहोत्री व भाभी नीरू दुबे पत्नी दीपक चंद्र अरौल बाजार करके टेंपो से सूरज केल्ड स्टोरेज के पास उतर कर पैदल गांव की ओर आ रही थीं। उसी समय कन्नौज की ओर से तेज रफ्तार बाइक ने आरती को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने बाइक पकड़ ली। चालक भाग निकला। आरती का इलाज निजी अस्पताल कानपुर में चल रहा है।

अनियंत्रित बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल, रिपोर्ट दर्ज

कन्नौज। जनरल स्टोर की दुकान पर खड़े वृद्ध को बाइक ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव आसकरनपुर्वा निवासी अरविंद पुत्र राधेश्याम ने न्यायालय के आदेश पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 31 दिसंबर 2023 को उसके पिता राधेश्याम तिर्वा कन्नौज मार्गपर जनरल स्टोर की दुकान पर खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उनको टक्कर मार दी। इससे पिता के गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के बाद बाइक का नंबर नोट कर मामले की जानकारी परिजनों को दी।सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और राधेश्याम की जांच कराई। इस दौरान पैर की हड्डी टूटी निकली। मामले की तहरीर पुलिस को दी पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर उन्होंने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

दहेज के लिए केरोसिन डालकर जलाने का प्रयास

तिर्वा, कन्नौज। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने केरोसिन डालकर विवाहिता को जलाने का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना ठठिया के गौरनपुर्वा गांव निवासी रीमा पुत्री सेवाराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी पिता ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से दहेज देकर 23 फरवरी 23 को औरैया जनपद के सहायल थाना क्षेत्र के जडकडू गांव निवासी सुखवेंद्र के साथ की थी। शादी मे मिले दहेज से असंतुष्ट पति सुखवेंद्र, ससुर रामबाबू, सास रामसखी, मिथलेश, सुखवीर, अवधेश उसका उत्पीड़न करने लगे। ससुरालियों ने 13 अप्रैल को मारपीट करके उस पर केरोसिन डालकर जलाने का प्रयास किया। वह अपने पिता के साथ घर आ गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सबमर्सिबल पंप का पाइप लगाने के विवाद में मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम सिंहपुर निवासी उमेश सिंह चौहान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 अप्रैल की शाम लगभग 06 बजे गांव के शिव प्रताप, राम प्रताप, ब्रह्म प्रताप और बाबू सिंह ने सबमर्सिबल पंप का पाइप लगाने को लेकर दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर भाई की बहू सोनी व भतीजी दुर्गा सिंह को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार कार पलटी, चालक घायल

सौरिख, कन्नौज। भाई की ससुराल से वापस घर जाते समय तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। इससे कार चालक घायल हो गया। जनपद मैनपुरी के ग्राम विद्यानगर निवासी कन्हैया पुत्र श्यामबाबू कार से अपने भाई राजीव कुमार को जनपद कन्नौज स्थित ससुराल आलम शाह पुरवा छोड़कर घर लौट रहे थे। सकरावा थाना क्षेत्र के ग्राम जसमेडी पहुंचते ही कार पलट गई। कार में फंसे चालक को ग्रामीणों ने बाहर निकाल कर एंबुलेंस से सौरिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। चालक मेडिकल कालेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया गया।

बिजली की चिंगारी से फसल राख

छिबरामऊ-कन्नौज। कसावा क्षेत्र के भाउलपुर में बिजली की 11 हजार लाइन के तार टूटने से गेहूं की फसल में आग लग गयी। जिससे चार बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गयी। किसान बाल गोविंद दुबे पुत्र बाबूराम दुबे के चार बीघा खेत में खड़ी फसल आग लगने से राख हो गयी। अखिलेश कुमार दुवे ने फायर व्रगेड को सूचना दी करीब दो घन्टे बाद पहुची फायर बिग्रेड लेकिन तब तक आग से चार बीघा फसल जल चुकी थी।

अभियान चला वोटरों को किया जागरूक

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। वार्ड 12 शास्त्रीनगर में अधिसाषी आधिकारी सुनील कुमार सिंह ने पालिका टीम के साथ भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने वार्ड में गोष्ठी आयोजित कर मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सभासद अग्निवेश यादव, पालिका के कर्मचारी अमरदीप, प्रदीप कश्यप, रमेश चन्द्र,अभय त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र, रामवीर, फिरोज, विनोद पांडेय, प्रवेश कुमार, मनोज राठौर, सुभाष चंद्र, कैलाश चन्द्र, सलाउद्दीन, राजीव कुमार, राजेंद्र कुमार नंद लाल बबलू शाक्य, दिनेश चन्द्र, रिंकल सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे। सिकन्दरपुर के वार्ड संख्या 3 व 6 नेहरू नगर, आज़ाद नगर में गोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य बाजार से जागरूकता रैली निकाली।

गुरसहायगंज में भी चलाया जागरुकता अभियान : गुरसहायगंज । शासन के निर्देश व जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने नगर के वार्ड 02 राजेंद्र नगर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

शनिवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित सहित पालिका टीम ने अभियान के तहत वार्ड में भ्रमण किया और नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। नागरिकों को आमंत्रण पत्र वितरित कर मतदाता शपथ भी दिलाई गई। ईओ ने लोगों से कूड़े का निस्तारण अलग-अलग करने की अपील की। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, अनिल प्रजापति, प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, वीर सिंह, अशोक शर्मा, राजन राजपूत, अशोक कुमार मौजूद रहे।

मतदाताओं को जागरूक करते ईओ सुनील कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

छह फार्म लिए गए, नामांकन एक भी नहीं

कन्नौज। 20 अप्रैल को 42-कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पांच अभ्यार्थी ने कुल छह नामांकन पत्र लिए। इस में राजेश सिंह चौहान निर्दलीय एक सेट, राधा रानी निर्दलीय ने एक सेट, इमरान बिन जफर बहुजन समाज पार्टी दो सेट, अंकुर प्रताप सिंह राष्ट्रीय जन संचार पार्टी एक सेट, आनन्द कुमार संयुक्त जनादेश पार्टी ने एक सेट खरीदा।

77 मतदान केंद्रों पर रहेगी ट्राई साइकिल की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 क़ी सम्पूर्ण तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बैठक में कहा कि बूथ केंद्रों क़ी व्यवस्थाएं अच्छी होनी चाहिए। दिव्यांग मतदाताओं से वार्ता करने के बाद 77 बूथ ऐसे चिन्हित किये गये, जहां पर व्हीलचेयर की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि 224 क्रिटकल बूथ चिन्हित है। जिलाधिकारी ने कहा कि चिन्हित बूथों पर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण की जाये। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ में पेयजल, टॉयलेट आदि की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। पूर्व के निर्वाचनों में पाया गया है कि खान-पान की समाग्री खरीददारी हेतु लोग इधर- उधर भटकते हुए पाये गये, जिसको ध्यान में रखते हुए इस बार उन्होंने मतगणना स्थल मंडी परिसर कन्नौज में जलपान की व्यवस्था हेतु एक स्टॉल लगवाएं जाने के निर्देश दिए।

14 मतदान कार्मिक गैरहाजिर

कन्नौज। प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि शनिवार को प्रशिक्षण के तीसरे दिन कुल 14 मतदान कार्मिक गैरहाजिर रहे। सभी अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल यानि आज प्रशिक्षण समाप्त हो जाएगा। गैरहाजिर रहने वालों में सचिन चौहान, विजय सिंह, सौरभ यादव, नीरज पांडेय, सुशोभित यादव, दीपक कुमार, उदय सिंह, रजनीकांत, जीतेंद्र कुमार, हिमांशु सक्सेना, अखिलेंद्र कुमार, विशद पांडेय, रामपाल सिंह व आकाश वर्मा शामिल हैं। यह लोग बेसिक शिक्षा, बैंकिंग, एआरटीओ, पॉलिटेक्निक, युवा कल्याण विभाग में कार्यरत हैं।

लापता युवक का शव तालाब में मिला

तिर्वा, कन्नौज। चौबीस घंटे से लापता युवक का शव तालाब में मिलने से हडकंप मच गया। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के जयसिह पुर्वा गांव निवासी रामाधार (52) पुत्र बद्रीप्रसाद शुक्रवार की शाम को पास के गांव में दावत खाने गया था। देर रात वह वापस नही आया तो परिजनो ने उसकी खोजबीन की। उसका कोई पता न चला। शनिवार की दोपहर गांव के बाहर तालाब में ग्रामीण मवेशियो को पानी पिलाने गए तो शव पड़ा देखा। जानकारी पर हडकंप मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव बाहर निकालवाया तो उसकी पहचान रामाधार के रूप में हुई। शव देखकर परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के भाई उदयभान ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच में जो भी आयेगा उसी के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

मार्ग दुर्घटना | अधिकारियों ने गांव पहुंचकर ली घटना की जानकारी

चारों महिलाओं के शव गांव पहुंचते ही मच गई चीख-पुकार

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। कुंवरपुर लोधपुर गांव के लोग एक दिन पहले मैनपुरी रिश्तेदारी में बच्चे के नामकरण संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां से लौटने के दौरान शनिवार की सुवह जीटी रोड पर सड़क हादसे का शिकार हो गए। इसमें में चार महिलाओं की मौत हो गई। 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंवरपुर लोधपुर के रहने वाले वीरेंद्र सिंह की पुत्री सुशीला की शादी मैनपुरी के बिछमा थाने के गांव बेलधारा में हुई थी। यहां बेटी को पुत्र रत्न की प्राप्ति पर गांव के लोग शुक्रवार को बच्चे के नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से शनिवार की सुबह लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। देर शाम चारों महिलाओं के शव आते ही गांव में चीख पुकार मच गई। तीन महिलाओं के शव अंतिम संस्कार के लिए पांचाल घाट फर्रुखाबाद लेजाये गए। मृतक द्रोपदी के बेटों के देर रात तक घर न पहुंचने पर अंतिम संस्कार नहीं हो सका। गांव बालों ने बताया कि बेटे मुम्बई में नौकरी करते हैं। हादसे की खबर मिलते ही एसडीएम उमाकांत तिवारी, कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए। यहां मृतकों के परिजनों से घटना की जानकारी ली। सांसद सुब्रत पाठक, विधायक अर्चना पांडे, विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, नरेंद्र राजपूत के साथ पार्टी के पदाधिकारियों ने जानकारी ली।

घटनास्थल पर पलटी पड़ी ट्राली व ट्रैक्टर। अमृत विचार



परिजनों को सांत्वना देते विधायक व सांसद। अमृत विचार

द्रोपदी। फूलमती। रमाकांति। संजय देवी।

हादसे में ये लोग हुए घायल

वीरेंद्र (60), श्रीदेवी पत्नी रामरतन (58), रवीना पुत्री दुर्वेश सिंह (25), सुहागा देवी पत्नी अमर सिंह (45), आनंद पुत्र अतर सिंह (35), संध्या पुत्री विनोद सिंह (10), हिमांशु पुत्र सुरेंद्र सिंह (20), रुचि पुत्री सिरेंद्र सिंह(20), दीक्षा पुत्री सुमित (15), गीता पत्नी अखिलेश (38), सुमन देवी पत्नी भगवत दयाल (30), रविता पुत्री विनोद कुमार (18), रामवती पत्नी वीरेंद्र (45), शालिनी पुत्री शिवमंगल (17), श्यामादेवी पत्नी राधेश्याम (65), कुसमा देवी पत्नी सुरजीत(25), कन्याश्री पत्नी सुरेंद्र सिंह (40), अनुज पुत्र जगराम (11), अनीता पत्नी रणवीर सिंह (35), तारावती पत्नी राकेश पाल (60), सुशाला पत्नी छविराम (31), मायादेवी पत्नी महराज सिंह (45), रामसखी पत्नी मोतीलाल (51) सभी निवासीगण कुंवरपुर कंडोली थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।

भीषण गर्मी से गोवंश का बचाव करने के निर्देश

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- अधिशासी अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने शनिवार को स्थानीय अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशों के गर्मी से बचाव की व्यवस्थाओं को देखा और अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने गोशाला में आग से बचाव हेतु फायर ब्रिगेड का नंबर दीवारों पर अंकित पाया। गोदाम में भूसा, दाना का समुचित स्टॉक मिला। ईओ ने गोवंशों को नियमित रूप से नहलाने व रात के समय चौकीदार को गौशाला में रुकने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, गौशाला इंचार्ज प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, केयरटेकर रमेश चंद्र, ऊधन सिंह, चैकीदार रूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

गौशाला का निरीक्षण करते अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित। अमृत विचार

हाई स्कूल परीक्षा में प्रियम राठौर ने किया जिला टॉप

अयान दूसरे व अक्षरा तीसरे स्थान पर, जिले का 86.99 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम, बच्चों को मिलीं शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। हाई स्कूल की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर श्यामनगर के प्रियम राठौर ने 95.5 फीसदी अंक प्राप्त करके जिले के गौरव को बढ़ाया है। प्रियम राठौर ने जिला टॉप किया है। वहीं दूसरी तरफ हाई स्कूल में राजकीय इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के अयान अंसारी ने 600 अंकों में से 571 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

स्वराज वीर इंटर कॉलेज की छात्रा अक्षरा ने 600 में से 570 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रह कर जिले का गौरव बढ़ाया है। बताते चले कि इस साल जिले से 24771 छात्र छात्रा माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमे21549 छात्र छात्रा उत्तीर्ण हुए है। हाई स्कूल में जिले का परीक्षा फल 86.99 फीसदी रहा है।

पास होने की खुशी मनाते विद्यार्थी। अमृत विचार

प्रियम का मुंह मीठा कराते प्रधानाचार्य व माता-पिता। अमृत विचार

बेटे की कामयाबी पर फूले नहीं समा रहे मां-बाप

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। हाई स्कूल परीक्षा में जिला टॉप करने पर प्रियम राठौर ने जहां जिले के गौरव को बढ़ाया है वही उसने सरस्वती शिशु मंदिर श्याम नगर का नाम भी ऊंचा किया है। प्रियम की सफलता की वजह से स्कूल में जश्न का माहौल है। प्रियम के जिला टॉपर घोषित होते ही बच्चे खुशी से उछल पड़े और उन्होंने प्रियम को हाथों-हाथ लेकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेई ने कहा कि प्रियम राठौर ने जहां अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वही विद्यालय के नाम का भी गौरव बढ़ाया है । उन्होंने कहा कि प्रियम राठौर बहुत ही होनहार बच्चा है।

इसके साथ-साथ थाना मऊ दरवाजा के मोहल्ला बाग रुस्तम के रहने वाले प्रियम राठौर के पिता वीर सिंह राठौड़ एक सरकारी स्कूल में अध्यापक हैं। अपने बेटे की कामयाबी पर वह फुले नहीं समा रहे हैं। प्रियम की बहन प्रिया और मां सुमन भी अपने बेटे की इस सफलता पर फूली नहीं समा रही है। प्रियम राठौर का कहना है कि वह आईआईटी करके इंजीनियर बनकर देश को आगे बढ़ना चाहता है।

86 प्रतिशत अंक के साथ अनुष्का कॉलेज टॉप

कायमगंज, फर्रुखाबाद। नगर के जाने-माने वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर विकास शर्मा की पुत्री अनुष्का शर्मा ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर के एसएनएम इंटर कॉलेज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रही अनुष्का शर्मा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। उसकी इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिक ब चिकित्सकों ने उसको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, कि वह एक चिकित्सक बनकर अपने बाबा डॉक्टर वी डी शर्मा, एवम पिता डॉक्टर विकास शर्मा की तरह ही समाज की सेवा करे।

अनुष्का शर्मा।

खुशी मनातीं छात्राएं। अमृत विचार

12वीं में कल्पना व उपासना संयुक्त जिला टॉपर

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के घोषित परिणाम में इंटरमीडिएट में बेटियों ने मेधा का परचम फहराया। इंटरमीडिएट में स्वराज वीर इंटर कॉलेज कमालगंज की छात्रा कल्पना राठौर और एस इंटर कॉलेज रानीपुर की छात्रा उपासना यादव ने 96.20 फीसदी अंक पाकर संयुक्त रूप से जिला टॉपर रहीं। दोनों छात्राएं संयुक्त रूप से प्रदेश की टॉपटेन सूची में 9वां स्थान पाकर जनपद का नाम रोशन किया है। वहीं हाई स्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर भोत पट्टी के छात्र प्रियम राठौर 95.50 अंक पाकर जिला टॉपर रहे। जीआईसी फर्रुखाबाद के छात्र अयान अंसारी 95.17 अंक पाकर दूसरे और स्वराज वीर इंटर कॉलेज कमालगंज की छात्रा अक्षरा ने 95% अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

शकुंतला देवी इंटर कॉलेज की सभी छात्राएं हुईं पास

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज कायमगंज का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम वर्ष 2024 शत् प्रतिशत् रहा।

जिसमें इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग में 63 छात्राओ ने परीक्षा दी जिसमें 47 प्रथम व 16 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रही। जिसमें अद्वितीय यादव ने सर्वाधिक 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं कला वर्ग में 32 छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें 26 प्रथम व 6 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिसमें श्रेया मिश्रा ने सर्वाधिक 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं वाणिज्य वर्ग में 06 छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें 04 प्रथम 02 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें अंजली चौहान ने सर्वाधिक 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

इधर हाईस्कूल की परीक्षा में 85 छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें पल्लवी ने सर्वाधिक 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। जिनमें से 84 छात्राओं ने प्रथम स्थान व 1 छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर की व सभी विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। वहीं विद्यालय के प्रबन्धक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व मोनिका अग्रवाल ने सर्वाधिक अकं प्राप्त करने वाली छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी व सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को उनकी लगन व मेहनत के लिए हार्दिक बधाई दी व प्रसन्नता जाहिर की। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं की मेहनत व लगन के लिए उन्हें शुभकामनायें दी व बच्चों को शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। इस मौके पर पर सन्तोष शर्मा, मनीष गौड़, विकास श्रीवास्तव, अमित कुमार, शायना खान, अक्षिता यादव, मनीष राजपूत, मनोज कुमार, प्रियांशी सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

छात्रा को मिठाई खिलातीं शिक्षक। अमृत विचार

बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए मनोज

मनोज अग्रवाल का स्वागत करते भाजपा नेता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आज बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए मनोज अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में मनोज अग्रवाल ने उनके विरुद्ध सपा बसपा गठबन्धन से चुनाव लड़ा था। अब मनोज अग्रवाल भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस वजह से 13 मई को होने जा रहे हैं चुनाव में भारतीय जनता पार्टी इस बार 4 लाख से पार चुनाव जीतेगी और प्रदेश में अपना रिकॉर्ड कायम करेगी। उन्होंने कहा कि मनोज अग्रवाल के भाजपा में आने से पार्टी को काफी ताकत मिली है। जिसकी वजह से इस चुनाव में भाजपा की भारी मतों से विजय होगी। उन्होंने कहा कि मनोज अग्रवाल जन प्रिय नेता रहे हैं। इस वजह से उनके भाजपा में आने से भाजपा को काफी बल मिला है और भाजपा एक सवल पार्टी बन गई है। इस मौके पर पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

तहसील रोड पर लगा जाम, फंसी रही एंबुलेंस

कायमगंज, फर्रुखाबाद। कायमगंज तहसील रोड से जामा मस्जिद तक फिर भीषण जाम लग गया। इसमें मरीज लेकर जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस गई।

आडे-तिरछे वाहन व जल्दी निकलने की होड़ में हर रोज जाम का सामना करना पड़ता है। वहीं पुलगालिव व मुख्य चौराहे पर लोगो ने पुलिस के जवान तैनात करने की मांग की है। तहसील रोड पर जाम के झाम से निजात नहीं मिल पा रही है। इस रोड पर तहसील, कालेज, सरकारी अस्पताल व न्यायालय परिसर है। ऐसे में भीड़ होना स्वभाविक है लेकिन जैसे ही इस रोड पर चोपहिया वाहन गुजरते है। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सोमवार को कई चैपहिया वाहन निकले तो जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जल्दी निकलने की होड़ में लोग सड़क के नियम भूल गए और दोपहिया वाहन स्वामियो व ईरिक्शा चालकों ने और जाम लगा दिया। इससे भीषण जाम लग गया। हाल यह हुआ जो जहां था वहीं रुक गया।

व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत

कार्यलय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र में दावत खा कर घर जा रहे व्यापारी की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की खबर पाकर व्यापारी के घर कोहराम मच गया।

कोतवाली कायमगंज के ग्राम अताईपुर जदीद निवासी तौफीक खां का बेटा ईशान (26) बीती रात बाइक से दावत खाने शहर आया था। ईशान बीती रात किसी समय घर जाने के लिए थाना मऊदरवाजा के ग्राम रमन्ना गुलजारबाग के जंगल वाले चिलसरा मार्ग से गुजर रहा था। उसी समय किसी वाहन की जोरदार टक्कर लगने से ईशान की मौके पर ही मौत हो गई। उसके सिर में गहरी चोट लगी चेहरा लहूलुहान हो गया और बाइक भी बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई। आज सुबह ईशान का शव सड़क के किनारे झाडी में पड़ा देखा गया। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईशान की मौत हो जाने का के कारण ईएमटी शव को नहीं ले गया। सूचना मिलने पर ईशान का भाई व मामा मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया की ईशान कायमगंज के ट्रांसपोर्ट बाजार में मोबाइल की दुकान चलाता था। वह घर से बीती रात दावत खाने निकला था। ईशान का दो वर्ष पूर्व निकाह हुआ था। उसके कोई संतान नहीं है। ईशान चार भाइयों में सबसे बड़ा था। दरोगा दीपक राजपूत ने मामले की जांच पड़ताल की। तथा शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

ईशान खां

घटना स्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

खड़े ट्रक में घुसा दुग्ध वाहन, चालक घायल

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जिला जेल चौराहा के पास खड़े ट्रक में पीछे से ज्ञान दूध से लदी डीसीएम घुस गई। बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। डीसीएम चालक को झपकी आने से हुई घटना, गनीमत रही बड़ा हादसा नहीं हुआ। डीसीएस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल ड्राइवर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीएम चालक पत्नी सहित परिवार को लेकर साथ में जा रहा था।

राजनीति | नारायण आश्रम में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने अध्यक्ष को बताया बूथ का मालिक

इंडिया गठबंधन में सभी प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं : बीएल वर्मा

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कोई भी नहीं हरा सकता है। इंडिया गठबंधन पर करारे प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष के लोग संविधान तोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। पहले सपा और बसपा का गठबंधन था। तब भी मोदी की सरकार बनी थी। अब इंडिया गठबंधन है। इंडिया गठबंधन नहीं ठग का गठबंधन है। इस गठबंधन में कोई भी नेता जमीनी स्तर का नहीं है और न ही कोई जिम्मेदार व्यक्ति है। इंडिया गठबंधन में सभी लोग प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। यह बात केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने शनिवार को नारायण आश्रम में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा बूथ अध्यक्ष बूथ का मालिक होता है। इसलिए बूथ अध्यक्ष को चाहिए कि मालिक की तरह ही कार्य करे। बिना नाम लिए कहा कि एक प्रधानमंत्री के दावेदार तो तिहाड़ जेल में बंद हैं। मोदी की सरकार में भ्रष्टाचारियों को जेल में डाला जा रहा है। माफिया गिरी खत्म हो गई है। मोदी 73 साल की उम्र में सबसे ज्यादा जनता के लिए काम करते हैं। चैत्र नवरात्र में मोदी ने एक दिन में पांच रैलियां व्रत में की हैं। उन्होंने कुछ भी नहीं खाया था। जब मोदी एक-एक दिन में पांच-पांच रैलियां बिना खाए कर सकते हैं। तो आप लोग बूथ स्तर पर लगन से कम करें । बूथ सम्मेलन में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ बीएल वर्मा, भाजपा सांसद व प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत, जिला प्रभारी शिव मोहन दुबे, जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भोजपुर विधायक, को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप गंगवार, अन्य पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री की तारीफ की, बोले मोदी ने एक दिन में पांच-पांच रैलियां बिना खाए कीं

गेहूं की फसल में आग लगाने की दर्ज हुई रिपोर्ट

नवाबगंज, फर्रुखाबाद। चौकीदार की गेहूं की फसल में दबंगों ने आग लगा दी। इससे चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। तीन लोगों के खिलाफ चौकीदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी राजाराम गांव का चौकीदार है। उसके गांव के पीछे चार बीघा जमीन में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी ।18 अप्रैल की रात्रि गांव के ही मनोज पुत्र रामअवतार ,राम बेटी पत्नी रामअवतार और राम अवतार ने उसके खेत में पुरानी रंजिश के चलते आग लगा दी। जिससे उसकी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। चौकीदार की तहरीर पर बीती रात तीनों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

जुआ खेलते चार गिरफ्तार

कायमगंज फर्रुखाबाद। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर में करौदे के बाग में जुआ खेलते हुए चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकद्मा दर्ज कर लिया है। कस्बा चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी को मुखविर से सूचना दी कि कुबेरपुर स्थित एक ग्रामीण के घर के पीछे करौदे के बाग में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। इस पर चोकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मौके पर चार जुआरियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों ने अपना नाम कुबेरपुर निवासी विनय पुत्र शीशराम, अबधेश पुत्र फूलचंद्र, विनोद कुमार पुत्र कामता प्रसाद, अकिल पुत्र फकरुद्दीन बताया। पुलिस को उनके पास से 630 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने चारो के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकद्मा दर्ज कर लिया है।

कच्ची शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

क़ायमगंज फर्रुखाबाद। कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब समेत एक गिरफ्तार कर लिया। कुआखेड़ा चोकी प्रभारी विश्वनाथ आर्य को मुखविर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिनौली मार्ग पर अवैध शराब लेकर जा रहा है। इस पर चोकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और आरोपित दुकानदार पुत्र महमूद दर्जी को पकड़ लिया। पुलिस को उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मुकद्मा दर्ज कर लिया है।

किशोरी ने पीया कीटनाशक, लोहिया अस्पताल रेफर

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी शिखा ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक का पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

बालिका झुलसी, सीएचसी में भर्ती

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव सिंकदरपुर अंगू निवासी अतुल का चार वर्षीय पुत्री रक्षा झुलस गई। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में नगर के मोहल्ला बगिया निवासी मूलचंद्र व फर्रुखाबाद के खपूर मढ़िया निवासी विजेंद्र घायल हो गया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उनका इलाज हुआ।

कार व ई-रिक्शा में टक्कर, हुई मारपीट

फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर निवासी ई-रिक्शा चालक अनिल कुमार अलेपुर की तरफ से थाना चौराहा की तरफ आ रहा था। उसी समय फैजबाग की तरफ से ढाई घाट की ओर से जा रही कार से आमने-सामने टक्कर हो गई। कर चालक ने ई-रिक्शा चालक को पीटना शुरू कर दिया। ई-रिक्शा चालक ने मोबाइल छीनने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने में ले आई। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि विवाद हुआ था कुछ संभ्रांत लोगों ने रिश्तेदारों के कहने पर समझौता करवा दिया है। तहरीर नहीं दी गई है।

मिडडे मील का राशन प्राप्त कर कोटेदार से रसीद लें शिक्षक

अमृतपुर फर्रुखाबाद। उपजिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी राजेपुर को निर्देशित किया है कि मिडडे मील का खाद्यान्न कोटेदार के यहां से प्राप्त करते समय शिक्षक प्राप्त रसीद अवश्य लें। खाद्यान्न या प्राप्त रसीद न देने पर कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। एसडीएम रविन्द्र सिंह के निर्देश पर खंड शिक्षाधिकारी राजेपुर अनूप सिंह ने शिक्षकों को लेटर जारी कर प्राप्त रसीद लेने के लिए निर्देशित किया है।

बाइक की टक्कर से बच्चा हुआ घायल

फर्रुखाबाद। थाना व कस्बा राजेपुर निवासी सितब्ली का 5 वर्षीय पुत्र रुद्र घर के बाहर खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने बालक के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल 5 वर्षीय बालक रूद्र को लाया गया है। सिर में गंभीर चोट आने के से उसको भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

विद्यालय का ताला तोड़कर 80 किलो गेहूं चोरी

संवाददाता फर्रुखाबाद। विद्यालय का ताला तोड़कर उसमें रखे गेंहू आदि चोरी कर लिए गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर आकर जांच की। थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव बदनपर कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता चौहान ने बताया कि उन्होंने 20 अप्रैल 2024 को सुबह जब विद्यालय का मुख्य द्वार खोला। तो कमरों के ताले टूटे पड़े थे। अलमारी खुली हुई थी। बखारी खुली हुई थीं। जिससे लगभग 80 किलो गेंहू गायब था। जिसकी सूचना प्रधानाचार्य सुनीता ने ग्राम प्रधान रामवीर सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी अनूप सिंह को दी। डायल 112 पुलिस को भी फोन पर सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पंहुची और जांच की। प्रधानाचार्य ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक को बाइक चालक ने मारी टक्कर

कमालगंज, फर्रुखाबाद। बारात जाने के लिए रिश्तेदार के घर के बाहर खड़े युवक को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोरी दर्ज कर ली है। कन्नौज जिला के तालग्राम थाना क्षेत्र के बिचपुरवा निवासी गोविंद कुमार ने कादरीगेट थाना क्षेत्र के नरैनापुर निवासी बाइक चालक चंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि गुरुवार शाम करीब 5 बजे उसका छोटा भाई अजय क्षेत्र के निनौरा श्रृंखलापुर निवासी फूफा के घर शादी समारोह में शामिल होने आया था। बारात जाने के लिए तैयार होकर भाई फूफा के घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान वहां से गुजर रही तेज रफ्तार बाइक ने भाई को टक्कर मार दी। जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है। आस-पास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वह भागने में सफल हो गया।

लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

कंपिल, फर्रुखाबाद। जमीनी विवाद में महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी समा का चार माह पूर्व जमीन को लेकर पड़ोसी कल्लन उर्फ सगीर अहमद से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उसने भाइयों कबीर अली, शकील अली व साथी अफजाल उर्फ गुड्डू मास्टर के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बचाने आए पति फइम अली के साथ भी मारपीट कर दी। इससे दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़िता ने शनिवार सुबह थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बहुजन क्रांति पार्टी के प्रत्याशी ने दाखिल किया पर्चा

फर्रुखाबाद। बहुजन क्रांति पार्टी के उम्मीदवार ने शनिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। फिलहाल अभी तक बसपा, सपा व भाजपा के प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल नहीं किये हैं। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्सुआ निवासी बहुजन क्रांति पार्टी के प्रत्याशी रंजीत सिंह पुत्र जीवा लाल ने अपना पर्चा दाखिल कर दिया|। अभी भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत, सपा प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य व बीएसपी से क्रांति पांडेय का नामांकन दाखिल प्रमुख रूप से होना है। जिस पर सभी की नजर बनी हुई है।

मामूली विवाद में वृद्ध को पीट कर मार डाला

फर्रुखाबाद। थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र में हुए विवाद में वृद्ध की पीटपीट कर हत्या कर दी गई। अन्य परिजनों को मार पीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र के गांव सितहू पुर निवासी अमन दुकान पर कुछ खरीदने जा रहा था। वहां मौजूद कुछ युवकों ने उसे गाली गलौज किया। जब उसने गाली का विरोध किया तो उसे मारने पीटने लगे।सूचना पर पहुंचे चाचा प्रेम चंद्र को भी दबंगो ने मार पीट कर बेदम कर दिया। घटना स्थल पर पहुंचे प्रेम चंद्र के चाचा ज्ञान दीन(80) की पीटपीट कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर घायल प्रेम चन्द्र को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष अमित गंगवार ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

सात बीघा गेहूं की फसल जल कर राख

फर्रुखाबाद। नवाबगंज नगर के मुहल्ला चंदनी निवासी रामदास सक्सेना के सात बीघा खेत मे गेहूं की फसल खड़ी थी। शनिवार दोपहर बाद लगभग एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। खेत से धुंआ व आग की लपटों को निकलता हुआ देखकर ग्रामीण खेत की तरफ भागे और आग पर पानी मिट्टी डालकर व समर से पानी चलाकर आग पर काबू पाया। आग लगने से रामदास सक्सेना के लगभग साढ़े पांच बीघा खेत व मुहल्ला दौलतपुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार बाथम के खेत मे खड़ी फसल से 10 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, इससे किसान काफी परेशान हो गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

वैदिक से आधुनिक काल तक लोक प्रशासन

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लंबा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है,लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था कि, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।" पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुंब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुंब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है कि ''समिति जनसाधारण की

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> रामचरित मानस में भी आदर्श राज व्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं।

संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।" उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन्' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिंधु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहन जोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिंधु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। संपूर्ण सिंधु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोनमुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी।

रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहां से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से 'मेड इन इंग्लैंड' के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे। मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस' के नाम से संकलित है। अंग्रेजी प्रशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय प्रशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं। राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के प्रति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर तैयार कराने में प्रशासन की मुख्य भूमिका होती है।

प्रश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बंध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अप्रिय कलह की खबरें आती रहती हैं। टेलीफोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है। अध्यक्ष विधानसभा के रूप में मेरा अनुभव रहा है कि समिति के भीतर जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए उत्तर अधिकारियों को नागवार लगते हैं। निर्वाचित सरकार के द्वारा बनाए गए कार्यक्रमों को पूरा करना सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विकास कार्यों को ठीक से सम्पन्न कराना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन तमाम राज्यों में भिन्न-भिन्न विभागों के लिए निर्धारित बजट का बड़ा भाग उपयोग में ही नहीं आता। आज के इस महत्वपूर्ण दिवस पर सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनकी कठिनाइयों पर बेबाक चर्चा होनी ही चाहिए।

व्यक्ति-व्यक्ति के साथ न्याय बनाम समूहों का ध्रुवीकरण

आगामी 4 जून देश के भविष्य का निर्धारण करने वाला एक अहम दिन है। बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को न्याय चाहिए। उसे व्यक्ति के रूप में न देखकर (जो वह गुप्त मतदाता के रूप में है,जिस पर जनतंत्र का शीराजा खड़ा है) किसी समूह से जोड़ देने पर न्याय की भावना पृष्ठभूमि में चली जाती है,लेकिन सत्तालोलुप को इसमें तात्कालिक लाभ नजर आता है और वह जोर-शोर से इसको बढ़ावा देता है। इसी को वोट बैंक की राजनीति कहते हैं। यह एक भेदकारी राजनीति है जो वर्ग-संघर्ष की सहधर्मी है। उसी का आयात है और सशस्त्र संघर्ष के लिए मुफीद हो सकती है, किंतु मताधिकार के प्रयोग से शांतिपूर्वक सत्ता-परिवर्तन की जनतांत्रिक प्रक्रिया में बहुत भ्रम उत्पन्न करती है। बहुत स्वांग, बहुत रेटरिक, बहुत विचलन को जन्म देती है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस भेद और विग्रह की राजनीति का केवल एक रूप नहीं,इसके अनेक रूप हैं और सबके सब जनतंत्र के लिए घातक हैं। इतिहास की दुहाई देना ही गलत है,जो जहां है,वहां है। वहीं पैदा हुआ और इस पैदा होने पर उसका कोई वश नहीं था। पीछे क्या हुआ,इसके लिए वह कतई जिम्मेदार नहीं,पिता के अपराध का दंड पुत्र को नहीं दिया जा सकता। यह न्याय नहीं,आदिम बर्बरता है।

किसके पूर्वज कब,कहां से आए या नहीं आए,उन्होंने क्या सही किया,क्या गलत किया, ये सवाल ही सिरे से अप्रासंगिक हैं, उलझाने वाले हैं, भेदकारी हैं और व्यक्ति के रूप में नागरिक के साथ न्याय निष्पादन में बाधा खड़ी करते हैं। शासक के लिए विहित कार्य के निष्पादन के मूल कर्तव्य से बचकर कदाचार में लिप्त होने की खिड़की भी खोलते हैं। यदि किसी भी समूह के हर व्यक्ति में हम यह प्रतीति नहीं उत्पन्न कर पाए कि उसके साथ जो भी होगा न्याय

> रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं।

होगा,भले ही वह उसके तात्कालिक व्यक्तिगत हित में न हो,समग्रता में यह उसके साथ तात्विक रूप से न्याय ही है,हम जनतंत्र को कमजोर करेंगे। इसके फलस्वरूप अंततः किसी के साथ न्याय नहीं हो पाएगा।

समाज और देश व्यक्तियों के योग से ही बनते हैं। जब किसी के साथ अन्याय होता है, जो किसी अन्य के साथ पक्षपात में निहित होता है तो वह पूरी व्यवस्था के स्वास्थ्य और स्थिरता को अनिवार्य रूप से प्रभावित करता है। फिर तो सब कुछ शासक वर्ग की मनमानी पर निर्भर हो जाता है और अंततः जिसको जो मिल रहा है, उसके भी लाले पड़ जाते हैं।

दूषित जनतंत्र में केवल दो वर्ग बन जाते हैं-शासक और शासित। शासक तरह-तरह की रेटरिक के बावजूद बड़ी पूंजी की गोद में जाकर बैठ जाता है और वही सब करता है,जो उसे नहीं करना चाहिए और उससे सर्वथा विरत हो जाता है,जो उसे करना चाहिए। रेटरिक के भिन्न-भिन्न नैरेटिव के बावजूद सबकी समान परिणति इसी में होती है। यह जनतंत्र नहीं,धनतंत्र है।

अंततः मतदाता के रूप में व्यक्ति ही ठगा जाता है। व्यवस्था में उसका विश्वास चिटक जाता है और वह आड़े-तिरछे रास्ते खोजने को विवश हो जाता है। एक बार विचलन शुरू हुआ तो क्रिया-प्रतिक्रिया से उसकी व्याप्ति बढ़ती जाती है और अंततः चीजें बेकाबू हो जाती हैं।

प्रथम चरण में कम वोटिंग से दलों में चिंता

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां, रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है।

चुनावों में मतदान के स्तर को अक्सर लोकतंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में देखा जाता है। प्रथम चरण के लिए 21 राज्यों की 102 सीटों पर हुए मतदान में 60 प्रतिशत वोटिंग हुई है। देखा गया है कि इस बार मतदान में पिछले चुनावों 2014 और 2019 के चुनावों के मुकाबले लोगों में कम उत्साह दिखा,कम लोग मतदान केंद्र तक पहुंचे। मतदाता उदासीनता का तात्पर्य चुनाव में मतदान करने के योग्य लोगों के बीच उदासीनता से है। ऐसा तब हो सकता है जब मतदाताओं का चुनावी प्रक्रिया से या राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मोहभंग हो जाता है या जब उन्हें नहीं लगता कि उनका वोट मायने रखेगा या जब उन्हें अपने आसपास के मुद्दों की ज्यादा परवाह नहीं है। सबसे अधिक 79.90 फीसदी मतदान त्रिपुरा में हुआ,जहां दो लोकसभा सीटों में से एक पर वोट पड़े। दूसरे नंबर पर 77.57 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ। यहां 42 में से तीन सीटों पर मतदान हुआ। पुदुचेरी, असम और मेघालय की दो सीटों पर भी 70 फीसदी से अधिक वोट पड़े। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों पर 62.19 फीसदी वोट पड़े। उत्तर प्रदेश में 57.61 फीसदी वोट पड़े। छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम मतदान बिहार में हुआ। यहां 40 सीटों में चार पर वोट डाले गए और 47.49 फीसदी ही मतदान हुआ। पहले चरण तमिलनाडु की सभी 39, उत्तराखंड की सभी पांच, अंडमान-निकोबार 1, अरुणाचल प्रदेश 2, लक्षद्वीप की एक,मेघालय की दो,मिजोरम 1,नगालैंड 1, पुडुचेरी 1 और सिक्किम की एक लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़े।

2019 में पहले चरण में लगभग 70 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार देश के किसी भी हिस्से में मतदान का प्रतिशत 80 तक नहीं पहुंच सका है। हैरानी का बात ये रही कि पिछले कुछ दिनों में सियासी रुप से सबसे हलचल वाले राज्य बिहार में सबसे कम मतदान देखने के लिए मिला। यहां केवल 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। बीजेपी की तरफ से मिशन 400 पार को लेकर ये माना जा रहा था कि हिंदी पट्टी के राज्यों यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान में पार्टी पहले के मुकाबले बेहतर स्थिति में है,इसलिए उम्मीद ये की जा रही थी कि इन राज्यों में बीजेपी को उम्मीद से अधिक अच्छे परिणाम मिलेंगे,लेकिन मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद इन इलाकों पर टिकी बीजेपी को नुकसान का मुंह देखना पड़ सकता है।

पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां,रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि किया मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है। उत्तर प्रदेश आज के समय में बीजेपी का सबसे मजबूत गढ़ है। यहां पार्टी 80 में 78 सीटें जीतने का दावा कर रही है। यूपी में पहले चरण में जिन क्षेत्रों में चुनाव हुए उसमें करीब 57 प्रतिशत वो पड़े,जबकि पिछले चुनाव में इन्हीं सीटों पर 67 प्रतिशत तक मतदान हुए थे। बिहार में जिन चार लोकसभा सीटों जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा मे पोलिंग हुई, उसमें लगभग 47 प्रतिशत मतदान हुआ,जबकि इन्हीं सीटों पर पिछले चुनाव में 53 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

मध्य प्रदेश में पहले चरण की वोटिंग में 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं,जबकि पिछले चुनाव में यहां 75 प्रतिशत वोट पड़े थे। राजस्थान में पहले चरण में केवल 50 प्रतिशत मतदान की खबर है,जबकि 2019 में यहां 64 प्रतिशत वोट पड़े थे। कम मतदान को लेकर अक्सर एक थ्योरी दी जाती है कि अगर वोटिंग प्रतिशत कम रहता है तो इसका मतलब है कि जनता सत्ता में बदलाव नहीं चाहती है। पिछले चुनावों में ये देखा गया है कि जब-जब बंपर वोटिंग हुई है, जनता घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक पहुंची है,सत्ता में परिवर्तन देखने के लिए मिला है। कहा जाता है कि जब जनता सरकार बदलना चाहती है तो अधिक मतदान होते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले 12 चुनावों के बारे में अगर देखा जाए तो ये देखा गया है कि सात बार जब-जब मतदान प्रतिशत बढ़े हैं,चार बार सत्ता में परिवर्तन हुआ है। वहीं पांच बार जब-जब मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है तो चार बार सत्ता बदली है।

ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत

फलित ज्योतिष शास्त्र की मूल धारणा है कि किसी जातक का व्यक्तित्व,उसके जीवन की घटनाएं और उसके द्वारा चुने गए रास्ते के निर्णायक वे ग्रह और नक्षत्र हैं,जो जातक के जन्म के समय एवं स्थान में प्रभावी रहे हैं और जिनकी गति और स्थिति गणितीय ज्योतिष से जानी जा सकती है।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इससे अलग हटकर कई बातें हैं। सबसे पहले, कर्म और कर्मफल का सिद्धांत (स्टैंडर्ड वर्सन) कहता है कि मनुष्य के इस जीवन के कर्म और पूर्वजन्म के संचित कर्म मिलकर उसके जीवन के रास्ते और घटनाओं को तय करते हैं। कर्म का एक हिस्सा जमा भी होता रहता है,जो अगले जन्म में प्रारब्ध बनता है। प्रारब्ध को अदृष्ट भी कहा गया है,जिसे देखा नहीं जा सकता।

दूसरे यह भी सर्वमान्य सत्य है कि जीव के गर्भ में आने के साथ ही उसके शरीर और भविष्य भी निर्णीत होने लगते हैं। फिर भी ज्योतिष जन्म को ही रेफरेंस प्वाइंट मानता है। जन्म के पहले के संचित कारणों से जन्म के बाद के जीवन को स्वतंत्र मानना कहां तक तर्कसंगत है यह जिज्ञासा का विषय है। व्यक्ति के जीवन की कुछ नगण्य घटनाओं के बटरफ्लाई इफैक्ट को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

तीसरे ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत दोनों ही व्यक्तिवादी हैं,लेकिन यह अनुभव आधारित सत्य है कि समाज और सिब्लिंग्स का व्यक्ति के जीवन पर बहुत असर होता है।

इन सारी बातों को एक साथ देखें तो विरोधाभास स्पष्ट हो जाता है। इस का एकमात्र हल है कॉस्मिक डिटरमिनिज्म। इसमें यह मानना होगा कि जातक के गर्भ में आने से जन्म तक और आगे जन्म की जगह और समय भी उसके प्रारब्ध पर निर्भर होता है। उसके माता-पिता,भाई-बहन, दोस्त-समाज सभी उसके प्रारब्ध पर निर्भर करते हैं। सभी घटनाएं,विश्व स्तर भी,उसके प्रारब्ध के वशीभूत हैं।

अब लोग तो करोड़ों हैं। इस सिस्टम का सिमुल्टेनियस फॉरमुलेशन और सोल्यूशन करना आदमी के वश का नहीं है। ज्यादा से ज्यादा इसका लोकल सोल्यूशन हो सकता है जिसमें बड़ी गलतियों की संभावना है। यह मुद्दा सोचने का है।

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रेः धर्म की खेती

कुरुक्षेत्र को न जाने कब से धर्मक्षेत्र कहा जाता रहा है? भगवद्गीता का प्रारंभ ही यहां से होता है-धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे। इस संदर्भ में एक मिथक-कथा है। मिथक-कथा अवश्य ही कहानी होती है,कहानी अर्थात् जो कही जाती है। कहानी कहने की बात है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक कथा इतिहास की घटना जैसी लगती है और उसकी कहने की एक परंपरा भी होती है,आत्मीय परंपरा। अपने बड़ों से सुनने की परंपरा। अपने बड़े तो आस्था के भी केन्द्र होते हैं। अपने बड़ों की परंपरा गलत कैसे हो सकती है? एक बात तो अपने और दूसरी बात बड़े। इसलिए उनकी कहन के प्रति एक विश्वास भी होता है कि यह बात गलत नहीं हो सकती। गलत तो नहीं है,किंतु फिर भी मिथक कथा इतिहास की घटना नहीं होती। उसका सच उन घटनाओं की गहराई में निहित होता है तो धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की भी एक मिथक कथा है कि युवराज कुरु ने भगवान शिव की तपस्या की और वरदान के रूप में कुछ समय के लिए नंदी प्राप्त कर लिया धर्म का वाहक।

सोने का हल बनवाया और पांच-पांच योजन परिक्षेत्र को जोतने लगे। देवराज इन्द्र आए-राजन। यह क्या कर रहे हैं? कुरु ने कहा कि धर्म की खेती करूंगा। इन्द्र चले गए। विष्णु आए। बोले-राजन्। बीज कहां से लाओगे? कुरु ने कहा-प्रभु। मेरा शरीर और मन,हाथ-पैर-जंघा और सिरः ये ही बीज हैं। इनसे तप,सत्य, दान, प्रीति, और ज्ञान की खेती होगी। तप,सत्य,दान, प्रीति और ज्ञान-मिथक-कथा ने कितने बड़े सच को उजागर किया है। कुरुधम्म जातक में कुरुधर्म की कथा है।

अष्टशक्तियों की अवधारणा का निहितार्थ

शक्ति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड का कार्य व्यापार संचालित होता है। किसी भी प्राणी,किसी भी प्रणाली,किसी भी व्यवस्था के क्रियाशील, प्रवृत्तिशील या सक्रीय होने के लिए शक्ति या ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसी सनातन सत्य पर आधुनिक विज्ञान का क्वांटम सिद्धांत आधारित है,यही सत्य ब्रह्मसूत्र में उद्घाटित किया गया है कि शक्ति के बिना परमेश्वर सृष्टा हो ही नहीं सकते। अध्यात्म अतीन्द्रिय चेतना के विकास का विज्ञान है,जो चेतन प्राणी को उसकी शक्ति का दिग्दर्शन कराती है।

आधुनिक विज्ञान वह अध्यात्म है जिसने प्रमाणित किया की संपूर्ण ब्रह्मांड और उसमे उपस्थित जड़-चेतन का अस्तित्व ताप,प्रकाश, ध्वनि, चुंबकत्व, विद्युत, ब्रह्मांडीय विकिरण, रेडियोधर्मी विकिरण और जीवनी शक्ति का कार्य व्यापार है। आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा-शक्ति के वृहद रूप में रूपांतरित होते रहते हैं। शास्त्रों में अष्टशक्तियों का उल्लेख आता है,जो अपने वाहनों से शक्ति का संचरण, संप्रेषण करती हैं। प्रथम शक्ति-ब्राह्मी है जिसके संबंध में कहा गया है -ब्राह्मी हंस समारूढ़ा। ब्राह्मी शक्ति का वाहन हंस है, वाहन का तात्पर्य माध्यम है जिससे ऊर्जा-शक्ति का संचरण होता है। हंस



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

> आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा शक्ति के वृहद् रूप में रूपांतरित होते रहते हैं।

जीवात्मा है,ब्राह्मी शक्ति से सृष्टि का सृजन होता है,यही क्रिया शक्ति है। जीवात्मा ही सृष्टि शक्ति का परिचालक है। दूसरी शक्ति है-माहेश्वरी। कहा गया है-माहेश्वरी वृषारूढ़ा। माहेश्वरी लय शक्ति है जिसका वाहन वृष या धर्म है,जो शास्त्रीय विधि विधान है। माहेश्वरी ही ज्ञानशक्ति है, जो धर्म के आश्रय से लय की और अग्रसर होता है। लय, सृजन से जुड़ा है प्रकृति में लय सृजन प्राकृतिक नियमों ऋतु के अनुसार होता रहता है।

तीसरी शक्ति है-कौमारी जिसके लिए कहा गया है-कौमारी शिखिवाहना। कौमारी चैतन्य शक्ति है जिसके संचरण का माध्यम है मयूर। मयूर सर्पभक्षी होता है। टेढ़ी चाल चलने वाले को सर्प कहते हैं,जो आसुरी भाव का द्योतक है। मयूरधर्मी जीवात्मा ही चेतनशील रह सकेगा। चौथी शक्ति है-वैष्णवी जिसके लिए कहा गया है-वैष्णवी गरुणासना। वैष्णवी पालन करने वाली शक्ति है,इस शक्ति का संचरण गरुण द्वारा होता है। गरुण वेदरूप हैं,जो ज्ञान और कर्म दो पंखों के सहारे गति करते हैं। गरुण का प्रतीक कुटिल तत्वों के नाशकर्ता के रूप में भी है। गरुणभाव से कुटिल तत्वों का विनाश करते हुए ज्ञान और कर्म से पालन शक्ति का संचरण संभव है।

पांचवी शक्ति है वाराही। वाराह का अर्थ काल होता है- काल अर्थात् टाइम स्पेस। मिथक है कि वाराह ने पृथ्वी को पाताल से अपने दांतों से निकला। इसका प्रतीकार्थ है,सृष्टि का कारण काल शक्ति है इसका कोई वाहन नहीं है। काल स्वतः ही आधाररूपा है।

षष्टम शक्ति नृसिंही है। नृ का तात्पर्य व्यक्ति से है और सिंह श्रेष्ठता का बोधक है। श्रेष्ठ शक्ति ब्रह्मविद्या है,जो हिरण्यकशिपु को समाप्त करता है। हिरण्य आत्मतत्व का वाचक है,कशिपु वह अहम है,जो आत्मा को ढक लेता है, इसका शमन ब्रह्मविद्या की शक्ति से होता है।

सप्तम शक्ति है ऐन्द्री। ऐन्द्री गजसमारूढ़ा। ऐन्द्री शक्ति का वाहन ऐरावत गज है,जो विशिष्ट गति से गतिमान होता है-ऐन्द्री, इंद्र की शक्ति है,इंद्र मेघराज हैं जिनकी शक्ति प्रकृति की तड़ित शक्ति है। अष्टम शक्ति है-चामुंडा। चंड और मुंड प्रकृति और निवृत्ति के प्रतीक हैं। चामुंडा शक्ति प्रकृति और निवृत्ति का विनाश करने वाली प्रलय शक्ति है जिसके लिए किसी आलंबन की आवश्यकता नहीं है।

तीर्थंकर महावीर के अहिंसा सिद्धांत का संदेश

'अहिंसा' शब्द के आशय का प्रथमतः जो बोध होता है,वह किसी प्रकार की मार-काट या किसी को क्षति पहुंचना परिलक्षित होता है,लेकिन इस शब्द की गहराई में उतरने पर लगता है कि इसका मूल भाव 'अमृत-मय जीवन' जीना है,क्योंकि हिंसक कार्य करने का जब भाव मन में जागृत होता है तब बाहरी जगत से पहले आंतरिक जगत पर उसका कुप्रभाव पड़ता है। अंतर्जगत में तो मां के गर्भ के नौ माह के दौरान स्नेह-प्रेम से भरा अमृत तत्व पीने को मिलता रहा है। इस अमृत को भूलकर जब विनाशशील वाह्य जगत में भौतिक आकर्षण के प्रति मन का लगाव होता है तो यह जहर पीने के समान होता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मग्रंथों में जितने महानायक और आदर्शपुरुष हुए हैं,उनकी जीवनशैली का अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हिंसा के खिलाफ वे कितनी मजबूती के साथ खड़े हुए है। महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण की भूमिका का मूल्यांकन किया जाए तो यह साफ दिखता है कि वे हिंसा के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। वास्तव में मुरली बजाने एवं खेत-खलिहान तथा यमुना-तट पर रासलीला करने वाले श्रीकृष्ण युद्ध करे,यह संभव ही नहीं। इसके लिए महाभारत के पात्रों एवं घटनाओं को वाह्य जगत नहीं,बल्कि आंतरिक जगत से संबद्ध करना पड़ेगा। महाभारत के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः,मामकाः पाण्डवाश्चैव किम् कुर्वत् धनन्जयः' के साथ अंतिम अध्याय के अंतिम श्लोक 'यत्र योगेश्वरः कृष्ण यत्र पार्थो धनुर्धरः, तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' श्लोक का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो 'अहिंसा' के मूल स्वभाव का दिग्दर्शन होने लगता है। प्रथम श्लोक अंधत्व है, अपना-पराया का भाव है तो अंतिम श्लोक श्रीकृष्ण जैसा विवेक, संविधान एवं अर्जुन जैसा कार्यपालक प्रवृत्ति का सूचक है।

दरअसल मनुष्य के लिए सामाजिक विद्वानों ने 'मैन इज ए सोशल एनिमल' मुहावरे का प्रयोग किया है। इसका अर्थ 'मनुष्य एक सामाजिक पशु है' निकलता है। वास्तव में मन की प्रवृत्तियां ही पशु रूप में विद्यमान हैं। चींटी से लेकर शेर तक की प्रवृत्ति मन में विराजती है। जब भी पशु प्रवृत्ति जागृत होती है तब माननीय बनाने वाले मन को पीड़ा तो होती ही है। पीड़ा के उत्पन्न होते ही हिंसा का भाव जागृत होने लगता है। धर्मग्रंथों में भूत-प्रेत तथा पिशाच का उल्लेख किया गया है। मन में आंतरिक प्रीति को छोड़कर वाह्यप्रीति के प्रति लालसा भ्रांति-प्रवृत्ति है। इसे ही भूत-प्रेत कहा जा सकता है।

हिंदी साहित्य के विद्वान मनीषी आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी शब्द सागर में पिशाच का अर्थ खून-पीने वाले राक्षस से किया है। मन में उत्पन्न होने वाले काम-क्रोध, मद-लोभ के भाव तत्क्षण खून पीने लगते हैं। कोई भी युग रहा हो,उसमें दैत्यों का उल्लेख मिलता है। ये सारे दैत्य आंतरिक से लेकर वाह्य जगत में प्रकृति को क्षति पहुंचाने वाले भाव और आचरण ही कहे जा सकते हैं।

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन अहिंसा के खिलाफ सत्याग्रह का ही रहा है। मन की सत्ता में कुविचारों के भाव जागृत न हों,इसके लिए उन्होंने साधना की। महल छोड़कर उनकी साधना का आशय पंचभौतिक शरीर रूपी महल को सुख पहुंचाने से मोह छोड़कर आत्मा को ईश्वरत्व की श्रेणी में रखने की साधना है। 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत' आदर्श वाक्य का यही संदेश है कि जो प्रवृत्ति आत्मा के उच्च स्वरूप को बाधक पहुंचाए,उस कार्य से विरत रहना चाहिए।

हाईस्कूल में शीतल और इंटर में रजित जिला टॉप

चौधरी सुघर सिंह इंटर कॉलेज के सर्वाधिक छात्र-छात्राएं प्रदेश की मेरिट में, हाईस्कूल में 89.70 और इंटर में 87.73 परीक्षार्थी रहे सफल

सुघर सिंह इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के टॉपर्स के साथ निदेशक। अमृत विचार

अंकलीकर इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक विशुन कुमार।

शिवाजी शिक्षा निकेतन के टॉपर्स के साथ प्रधानाचार्य सुदामा लाल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार दोपहर को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया। हाईस्कूल में का परीक्षाफल 89.70 और इंटरमीडिएट का 87.73 प्रतिशत रहा है। इंटर में पूरे प्रदेश में जिले को 12वां स्थान प्राप्त हुआ है। चौधरी सुघर सिंह इंटर कॉलेज जसवंतनगर के इंटरमीडिएट के 29 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट में स्थान प्राप्त करके रिकार्ड कायम किया है।

चौधरी सुघर सिंह इंटर कॉलेज के इंटर के छात्र रजित कुमार ने यूपी मेरिट में टॉप 4 तथा जिले का टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। मेरिट में इंटरमीडिएट के 3 छात्राओं ने यूपी टॉप 5 में, एक छात्रा ने यूपी की टॉप 6 में, 12 छात्र छात्राएं यूपी की टॉप 7 में, 4 छात्र छात्राएं यूपी की टॉप 8 में, 5 छात्र छात्राएं यूपी की टॉप 9 में और 7 छात्र छात्राएं यूपी की टॉप 10 में शामिल हैं। हाईस्कूल की एक छात्रा ने टॉप 9 में स्थान बनाया है। हाईस्कूल में सुघर सिंह इंटर कॉलेज की ही छात्रा शीतल ने जिला टॉप किया है।

हाईस्कूल में 23551 पंजीकृत में से 21884 छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिसमें 19630 परीक्षार्थी सफल हुए। इंटरमीडिएट में 20522 पंजीकृत में से 19408 परीक्षार्थी सम्मलित हुए। जिसमें 17026 परीक्षार्थी सफल रहे।

अर्चना मेमोरियल के उदय प्रताप जिले की मेरिट में

इटावा। अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य असरा अहमद ने बताया कि विद्यालय के लगभग एक सैकड़ा छात्र-छात्राएं ऑनर्स के साथ उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उदित प्रताप सिंह ने 95 .4 व प्रतिशत अंक पाकर जिले की मेरिट सूची में स्थान बनाते हुए विद्यालय में टॉप किया। इंटरमीडिएट में छात्रा शिखा कुमारी ने 95 .2 प्रतिशत द्वितीय, खुशी त्रिपाठी ने 90 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया पाल ने 89 .6, पुष्पेंद्र पाल ने 89 .2, कंचन शर्मा ने 86 .8 प, फुजेल खान ने 86 .8, सोनम राजपूत ने 86 .4, जानवी गुप्ता ने 86, हर्ष यादव ने 86 ,सुधांशु मौर्य ने 85 .4, नैंसी वर्मा ने 85, दिव्या यादव ने 84, ओम तिवारी ने 82 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय की छात्रा नंदनी कुमारी ने 91.8 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। आयुष सिंह ने 91.5 द्वितीय, कुणाल गुप्ता ने 91 तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक डॉ. विवेक यादव एवं प्रधानाचार्या असरा अहमद ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ अध्यापक प्रमोद, कुशल पाठक , विवेक गुप्ता, प्रमिला ,नीता तिवारी,सुमन,रश्मि सक्सेना ,राधेश्याम , अमिता मिश्रा, मोहम्मद ताजीम ,विपिन उपस्थित रहे।

नवनीत को गणित में शत-प्रतिशत अंक

इटावा। आचार्य आदि सागर अंकलीकर इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के छात्र नवनीत केसरवानी ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त करके 94 .34 के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशा कुमारी 87 .05 द्वितीय और वंशिता 86 .5 के साथ प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इंटरमीडिएट में प्रिंस कुमार 86 .8 के साथ प्रथम, रिचा राजपूत 80 .8 द्वितीय तथा दिव्या वर्मा 79 .4 के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रबंधक विशुन कुमार चौधरी तथा प्रधानाचार्या सोहिनी ने बच्चों को शील्ड देकर माला पहनाकर प्रोत्साहित किया। विभा यादव, अचला वर्मा, राज किशोर वर्मा, शिखा अग्रवाल, कंचन वर्मा, बीना वर्मा, महविश नजर, श्रुति यादव, विपिन कुमार, सुमित यादव, चेतन सिंह, अविनाश बाथम, अंशिका सक्सेना, वासिफ खान, शीला शर्मा, पूजा यादव आदि उपस्थित रहे।

परीक्षाफल घोषित होने की खुशी में झूमते छात्र-छात्राएं।

इटावा पब्लिक स्कूल के टॉपर्स के साथ प्रबंधक नौरतन सिंह।

सरस्वती इंटर कॉलेज मोतीझील के टापर्स के साथ प्रबंधक संतोष कुमार।

सरस्वती इंटर कॉलेज के सभी विद्यार्थी पास

इटावा। सरस्वती इंटर कॉलेज मोतीझील का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा| सभी छात्र व छात्राओ ने ससम्मान परीक्षाफल प्राप्त किया| इंटरमीडिएट परीक्षा में सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान रुचि यादव 88 .6, द्वितीय दिव्य प्रताप सिंह तथा तृतीय स्थान तनिष्का वर्मा ने प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान मानसी साधिका, 92 .16,,द्वितीय सजल सिंह और तृतीय सहज सिंह ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी एवं प्रबंधक संतोष हयारण, बाल कल्याण समिति के मंत्री पदम सिंह नरुका ने सभी छात्रों को बधाई दी।

आईएएस बनना चाहते हैं रजित

रजित पिता राजीव कुमार के साथ।

जसवंतनगर। चौधरी सुघर सिंह इंटर कालेज के छात्र रजित कुमार ने 97 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टाप किया है। छात्र रजित अब स्नातककी पढ़ाई पूरी करके आईएएस बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं। ग्राम धरवार निवासी उनके पिता राजीव कुमार की कीटनाशक की दुकान है। मां पुष्पा देवी ग्रहणी है। रजित रोज 6 से 7 घंटे तक पढाई करते थे। उनका कहना है कि मेहनत के बल पर सब कुछ हासिल किया जा सकता है। सभी शिक्षकों और माता पिता को अपनी सफलता का श्रेय दिया।

अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

इटावा पब्लिक इंटर कॉलेज का परिणाम रहा शानदार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भरथना चैराहे के निकट इटावा पब्लिक इंटर कॉलेहज अशोकनगर का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम शानदार रहा। इंटर में दीप्ती यादव ने 95 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाईस्कल में प्राचीपाल ने 86 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । इंटरमीडिएट में शानदार प्रदर्शन करने वालों में रागिनी शर्मा, सुमित शाक्य, दिव्या, अभिजीत बाथम, गणेशबाबू, अभिषेक कुमार, चित्रांश चैहान, करन चैहान, आकांक्षा यादव, आकाश प्रजापति शामिल रहे। वहीं हाईस्कूल में शानदार प्रदर्शन करने वालों में तनुज शाक्य, रेनू पाल, अर्जित शर्मा, आर्यन शाक्य, देवांश गुप्ता, संस्कार, साहित्य, आयुष, प्रिया यादव, स्नेहा मौर्या, लक्ष्मी शर्मा, रिचा गुप्ता, अनुष्का, रूद्र प्रताप, मयंक शर्मा, विवेक यादव ,मेघा शर्मा ,चित्रा, खुशी, अरमान,सनी यादव, दीपक राजपूत, सुहानी रहें। प्रतिभाशाली बच्चों को चेयरमैन नौरतन सिंह यादव और डायरेक्टर विवेक यादव ने शुभकामनाएं दीं।

शिवाजी शिक्षा निकेतन में आशु और दृष्टि रहीं टॉपर

इटावा। शिवाजी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज इटावा के छात्र -छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में इंटरमीडियट में कुल 205 विद्याथी पंजीकृत थे। जिसमे से 30 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 90 से 94 फीसदी के बीच में अंक प्राप्त किए। इंटरमीडियट परीक्षा में विद्यालय में आशु यादव ने 93 .4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, कपिल 92 .4 पाकर द्वितीय तथा आदित्य प्रताप ने 91 .4 प्रतिशत अक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 136 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमे से 40 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 90 से 94 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की छात्रा दृष्टि तिवारी ने 94 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, आयुष कुमार ने 93 .8 प्रतिशत द्वितीय तथा प्रार्थना राठौर ने 93 .3 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक शिव प्रसाद यादव, उप प्रबंधक विनीत यादव तथा प्रधानाचार्य सुदामालाल राजपूत ने बधाई दी।

युवक ने ट्रेन से कटकर जान दी

जसवंतनगर। क्षेत्र के गांव जनकपुर में घरेलू कारणों से परेशान एक युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। इस घटना को लेकर गांव में शोक की लहर है।

ग्राम जनकपुर निवासी सत्येंद्र कुमार (32) पुत्र राम ब्रिज यादव के घर मे शुक्रवार को शाम पूजा का कार्यक्रम था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग खाना-पीना खाकर घर चले गए। तभी किसी बात को लेकर घर में सत्येंद्र की परिवार के लोगों से कहा सुनी हो गई। इस पर वह गुस्सा होकर घर से चला गया और दुर्गापुरा के सामने दिल्ली हावड़ा मार्ग पर ट्रेन के सामने कूद कर अपनी जान दे दी। जानकारी मिलने पर गांव व परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कांग्रेस देश से सपा और बसपा प्रदेश से होंगी साफ : डिप्टी सीएम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस और सपा बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरे देश से और सपा, बसपा प्रदेश से साफ हो जाएंगे। उन्होंने सपा नेता प्रो. रामगोपाल यादव के पंचर जोड़ने वाले बयान पर कहा कि वे उनकी गाली का जवाब कमल के फूल से देंगे।

यहां भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस चुनाव में समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और एनडीए की 400 से अधिक सीटें आएंगी। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने और एक देश एक चुनाव जैसे कार्यो के लिए 400 से अधिक सीटें आना जरूरी है।

जनसभा में भाग लेते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. रामशंकर कठेरिया।

- **केशव मौर्य बोलेः प्रो. रामगोपाल की गाली का कमल के फूल से देंगे जवाब**

उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ा दें तो एनडीएम 400 के पार पहुंच जाएगा। मैनपुरी व इटावा सीट के साथ उत्तर प्रदेश के 80 में 80 सीट बड़े अंतर से भाजपा जीतने जा रही है।

जनसभा में उपस्थित जनसमुदाय। अमृत विचार

जनसभा के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री मौर्य ने रामलला पर सपा नेता प्रो. रामगोपाल यादव के बयान पर कहा रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने वालों को रामभक्त चुनाव में जवाब देंगे। सपा नेता सांसद प्रो. रामगोपाल यादव उनके संबंध में दिए गए पंचर जोड़ने बाले बयान पर कहा कि प्रोरामगोपाल यादव अपराध के मामले में पीएचडी की है। जो अच्छा गुंडा माफिया बदमाश होगा वो सपा में होगा।

उन्होंने कहा कि वे गाली का जबाब कमल के फूल से देंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सयुंक्त रैली पर कहा कि 2017 में भी इन लोगो ने एक साथ रैली की थी सपा 47 और कांग्रेस 11 सीट पर सिमट गई थी। सभा की अध्यक्षता कर्मचारी नेता इं. हरि किशोर तिवारी ने और संचालन विमल भदौरिया तथा शिवाकांत चौधरी ने किया। सांसद व प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कामकाज का ब्योरा दिया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

सभा में राज्यमंत्री अजीत पाल, औरैया विधायक गुडिया कठेरिया, इटावा विधायक सरिता भदौरिया, भाजपा की जिला प्रभारी कमलावती सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक लाखन सिंह राजपूत, जयवीर सिंह भदौरिया, केके राज, प्रशांत राव चौबे, विमल भदौरिया, अमित तिवारी मानू, रोहित शाक्य, सीपू चौधरी, ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव, गणेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राएं

रजित, चौ सुघर सिंह कालेज जसवंतनगर 97 .2 प्रतिशत

आस्था बघेल चौ सुघर सिंह कालेज 97 प्रतिशत

यशी चौ सुघर सिंह कॉलेज 96 .8 प्रतिशत

आकाश चौ सुघर सिंह कॉलेज 96 .6 प्रतिशत

आयुष कुमार चौ सुघर सिंह कालेज 96 . 6 प्रतिशत

मोनू बघेल चौ सुघर सिंह कॉलेज 96 .6 प्रतिशत

आकांक्षा चौ सुघर सिंह कॉलेज 96 .6 प्रतिशत

अक्षिता चौ सुघर सिंह कॉलेज 96 .6 प्रतिशत

अंशिका धाकरे चौ सुघर सिंह कॉलेज 96 .6 प्रतिशत

बालक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव सिरसा की मडैया में अपहरण के बाद आठ वर्षीय बालक की हत्या कर उसके शव को गांव से पांच सौ मीटर की दूरी पर जंगल में एक गड्ढे में दबा देने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त छुरा भी बरामद कर लिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 15 अप्रैल 2024 को सिरसा गांव निवासी मुलायम सिंह पुत्र मुन्शीलाल ने थाना जसवन्तनगर पर अपने 08 वर्षीय पुत्र ओमजी उर्फ लकड़ी के गुम हो जाने के सम्बन्ध में अपहरण का केस दर्ज कराया था। 19 अप्रैल को ओमजी का शव गांव से पांच सौ मीटर की दूरी पर जंगल से बरामद किया गया था। छानबीन के दौरान गांव में अपनी ननिहाल में आए एक युवक का नाम प्रकाश् में आया। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुवे अपनी टीम के साथ उसकी तलाश में जुटे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि लवकुश पुत्र हजूरी सिंह निवासी गूडा थाना खेडा राठौर जिला आगरा ग्राम किरतपुर के सामने कचौरा घाट के पास कहीं भागने की फिराक में खडा है। इस सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बालक की हत्या करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त छुरा सिरसा की मढ़ैया के पास से बरामद किया गया । एसएसपी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया।

ट्रेन पर चढ़ते समय गिरने से मां-बेटा जख्मी

इटावा। मैनपुरी जिले के बेबर थाना क्षेत्र के गांव हरजा पुर निवासी सुनीता पत्नी राजवीर सिंह अपने दो साल के बेटे आदित्य के साथ फरक्का अप ट्रेन से जाने के लिए इटावा आई थी ट्रेन के आने पर वह ट्रेन में चढने लगी तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वह बच्चे सहित गिर पडी जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन प्रस्तुत करते डॉ. रामशंकर कठेरिया।

डॉ. राम शंकर का भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में सांसद डॉ. राम शंकर कठेरिया ने शनिवार को जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मोती झील मैदान पर जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे।

जनसभा स्थल से सांसद डॉक्टर राम शंकर कठेरिया दोपहर बाद करीब 2:30 बजे नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने जिलाधिकारी न्यायालय में जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सदर विधायक सरिता भदौरिया, प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व सिकंदरा के विधायक अजीत पाल तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत उनके साथ रहे। सांसद ने अपनी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि पिछला चुनाव सपा बसपा मिलकर लड़ी थी तब भी जनता ने भाजपा को विजय दिलाई थी इस बार तो सपा बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं इसलिए भाजपा प्रत्याशी के रूप में उनकी विजय सुनिश्चित है। उनकी विजय का आंकड़ा भी पिछले चुनाव की तुलना में अधिक बढ़ जाएगा। इससे पूर्व सभा स्थल पर बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता जुटे तथा नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

कृषि भूमि, आगरा में आवास तथा रिवाल्वर के मालिक हैं भाजपा प्रत्याशी

इटावा। डॉक्टर राम शंकर कठेरिया ने अपनी संपत्ति का ब्योरा भी दिया है। इसके मुताबिक संसद के पास 8 लाख 2000 रुपये नगद है जबकि उनकी पत्नी के पास चार लाख 42 हजार 355 रुपये नगद हैं। सांसद के पास सोने की चेन व अंगूठी, पत्नी मृदला कठेरिया के पास सोने की आभूषण हैं। सांसद के पास एक रिवाल्वर भी है। सांसद के पास कई स्थानों पर कृषि योग्य भूमि है । आगरा में मौजा कुबेरपुर, मौजा एत्मादपुर सहित आगरा में कई स्थानों पर कृषि भूमि है ।

सार-संक्षेप

बाल विवाह पर रोक लगाने के दिए निर्देश

इटावा। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोकने के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित समस्त खंड विकास अधिकारियों, थानाध्यक्ष व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति तथा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड आदि विभिन्न विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को अपने अधिकार क्षेत्र में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए अपने अधीनस्थों को निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की कोई घटना आपके अधिकार क्षेत्र में घटित होती है तो इसकी सूचना तत्काल उनके मोबाइल नंबर 75180 24056 पर या सोहन गुप्ता संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के मोबाइल नंबर 9286613689 या महिला हेल्पलाइन 181 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर उपलब्ध कराएं।

हाईटेंशन लाइन के करंट से बच्चा झुलसा

ताखा, इटावा। ताखा तहसील क्षेत्र के कुदरैल गांव में राकेश बाल्मीकि के घर के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन का करंट घर में आने से उसका आठ साल का बेटा रुद्र झुलस गया। पीड़ित परिवार टीन शेड डालकर गुजर-बसर कर रहा है। इसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली हुई है। घर के बाहर खेल रहे बच्चे ने लोहे के गेट को खोला तो करंट की चपेट में आ गया, जिससे बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने बच्चे को गेट से हटाकर निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पीड़ित पिता ने बताया कि टीन शेड में हाईटेंशन लाइन का तार हवा चलने पर स्पर्श कर गया जिससे करंट घर में आने से बच्चा झुलस गया। जेई सतेंद्र कुमार ने बताया कि लाइन पहले से निकली हुई है। उसी के नीचे मकान बना लिया जिसकी सूचना पीड़ित परिवार ने नहीं दी।

नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में कानपुर की महिला यात्री की मौत

इटावा। नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस से बेटी के साथ इलाज के लिए दिल्ली जा रही एक महिला की ट्रेन में ही मौत हो गई । इटावा जंक्शन पर ट्रेन रुकने के बाद शव को उतारा गया। महिला यात्री की मौत के चलते ट्रेन लगभग 20 मिनट तक इटावा जंक्शन पर खड़ी रही। न्यू जलपाईगुड़ी सेआनंद विहार जा रही गाड़ी संख्या 2505 अप नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कोच नंबर वी-5 में कानपुर के विश्व बैंक बर्रा की रहने वाली 49 वर्षीय उमा तिवारी अपनी बेटी ज्योति पांडे के साथ इलाज के लिए दिल्ली जा रही थी। कानपुर से ट्रेन निकलने के बाद उमा तिवारी की तबीयत बिगड़ी और टीटी स्टाफ ने इसकी सूचना टूंडला कंट्रोल को दी ।इटावा जंक्शन पर ट्रेन शाम 4 :45 बजे आकर रुकी यहां पर रेलवे के डॉक्टर पहुंचे और उन्होंने महिला को मृत घोषित कर दिया ।जीआरपी ने महिला के शव को उतारा लेकिन बेटी का अन्य परिवारी जनों के द्वारा पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया गया इसके बाद जीआरपी ने शव को लिखा पड़ी करके के सुपुर्द कर दिया ।

प्रभातफेरी | जन्म कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन हुआ पंचपरमेष्ठी विधान

जन-जन तक पहुंचाया महावीर स्वामी का संदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन सुबह 7 बजे नगर की सड़कों पर प्रभातफेरी निकालकर महावीर स्वामी का संदेश जिओ और जीने दो, आपस में मैत्री भाव रखना जन-जन तक पहुंचाया गया। प्रभातफेरी जैन मंदिर डांडा से शुरू होकर नगर के स्थित मंदिर का भ्रमण करते हुए वाह अड्डा पर समाप्त हुई।

संयोजक जितेन्द्र जैन हैप्पी एवं वैभव जैन ने बताया कि प्रभातफेरी में सबसे आगे जैन भजनों एवं पचरंगा ध्वजो से सजा हुआ वाहन चल रहा था। विधान प्रतिष्ठाचार्य पं. अजित जी अलवर राजस्थान द्वारा पंच परमेष्ठी पूजन विधान संपन्न कराया गया। सपना उत्सव गार्डन में गर्भ कल्याणक एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत किए गए।

प्रभात फेरी में अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री अरूण जैन, शुभम जैन, रोविन जैन, शेखर जैन, रीतेश जैन, शैलेन्द्र जैन, वैभव, कल्लू, अंकित, अवनीत, जैकी, विनोद जैन, सुनील, पंकज, प्रभास, आकाश, अर्पित, स्पर्श, अक्षत, विकास, श्रवण कुमार आदि शामिल रहे।

प्रभातफेरी निकालते जैन समाज के युवक। अमृत विचार

शोभायात्रा आज

मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने बताया कि महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत भव्य शोभायात्रा रविवार को निकाली जाएगी। जिसमें प्रात : 7 .30 बजे जिनेंद्र अभिषेक एवं नित्य पूजन के पश्चात 9 बजे महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महामहोत्सव की शोभायात्रा बाह अड्डा से शुरू होकर शहर में भ्रमण करेगी। समापन शोरावाल इंटर कॉलेज पर होगा।

इंटर में शिवांगी व हाईस्कूल में काजल जिला टॉपर, मेधावियों के गांव व स्कूलों में जश्न का माहौल

बेटियों नें दिखाया दम, जिले में लहराया परचम

बेटियों की कामयाबी पर फूले नहीं समा रहे माता-पिता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

प्रधानाचार्य गीता चतुर्वेदी के साथ इंटरमीडिएट की जिला टॉपर शिवांगी।

अमृत विचार। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला टॉप करने पर शिवांगी अवस्थी व हाईस्कूल में काजल ने जिले के गौरव को बढ़ाया है। शिवांगी नें चौधरी विशम्भर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज औरैया व काजल नें करुणा हायर सेकेंडरी स्कूल रठगांव, बिधूना का नाम भी ऊंचा किया है। शिवांगी नें 482 (96.4 प्रतिशत) अंक पाकर सफलता प्राप्त की। जिसकी वजह से स्कूल में जश्न का माहौल है। शिवांगी के जिला टॉपर घोषित होते ही बच्चे खुशी से उछल पड़े और उन्होंने उसे को हाथों-हाथ लेकर खुशी का इजहार किया।

इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता चतुर्वेदी ने कहा कि शिवांगी अवस्थी ने जहां अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय का भी गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि शिवांगी बहुत ही होनहार है। अपने बेटी की कामयाबी पर शिवांगी के घर वाले भी फूले नहीं समा रहे हैं। शिवांगी का कहना है कि वह आईआईटी करके इंजीनियर बनना चाहती है।वहीं काजल नें हाईस्कूल परीक्षा में 96.5 प्रतिशत अंक पाकर जिले में टॉप किया। उसके पिता मिथलेश कुमार भी फूले नहीं समा रहे हैं। काजल के राठगांव स्थित स्कूल में भी जश्न जैसा वातावरण है।

इंटर में जिले में दूसरा स्थान पर आदित्य को माला पहनाती दादी।

रिया को तिलक करती मां।

इंटर में जिले में 10वें स्थान पर रही आभा शाक्य।

इंटर में जिले में सातवें स्थान पर रहा तय्यब रजा।

इंटर के टॉपर

इंटर में चौधरी विशंभर इंटर कॉलेज औरैया की शिवांगी अवस्थी ने सबसे अधिक 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टाप किया। दूसरे स्थान पर अंकुर यादव 96.20 प्रतिशत सीबीएस मेमो इंटर कॉलेज एरवा कटरा, आदित्य 96.20 प्रतिशत श्री राजपाल सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज कुदरकोट, तीसरे स्थान पर अंशिका गौतम 96 प्रतिशत चौधरी विशंभर सिंह इंटर कालेज औरैया, श्रेया 96 प्रतिशत सेंट सांईनाथ इंटर कॉलेज दिबियापुर, आयुष सोनी 96 प्रतिशत शारदा इंटर कॉलेज बिधूना, वैष्णवी तिवारी 96 प्रतिशत सीएमएस इंटर कॉलेज भटौली बिधूना, चौथे स्थान पर प्रियंका कुमारी 95.80 प्रतिशत चौधरी विशंभर सिंह इंटर कालेज औरैया, शिवेंद्र कुमार 95.80 प्रतिशत सेंट सांईनाथ इंटर कॉलेज दिबियापुर, पांचवे स्थान पर शिखा कुमारी 95.40 सोनली सहोदरा देवी इंटर कालेज बेला, छठवें स्थान पर शिवांगी 95.20 प्रतिशत चौधरी विशंभर सिंह इंटर कॉलेज औरैया, अविनाश 95.20 प्रतिशत एसवीएम इंटर कालेज दिबियापुर, अविनीश शाक्य 95.20 प्रतिशत एमए इस्लामिया इंटर कालेज बिधूना, सातवें स्थान पर सुहानी भदौरिया 94.80 प्रतिशत श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज बिधूना, साक्षी 94.80 प्रतिशत श्री गोपाल इंटर कॉलेज औरैया, रुचि कुमारी 94.80 प्रतिशत शारदा इंटर कॉलेज बिधूना, गुलशन 94.80 प्रतिशत, माही सिंह सेंगर 94.80 प्रतिशत सीएमएस इंटर कॉलेज भटौली बिधूना, पलक चौहान 94.80 प्रतिशत श्री गोपाल इंटर कॉलेज कीरतपुर बिधूना, आठवें स्थान पर अनुराधा 94.60 प्रतिशत श्री गोपाल इंटर कॉलेज औरैया, श्रद्धा 94.60 प्रतिशत चौधरी विशंभर सिंह इंटर कॉलेज औरैया, अनन्य 94.60 व गौरी कुशवाहा 94.60 प्रतिशत एसवीएम इंटर कालेज दिबियापुर, नौवें स्थान पर स्नेहा 94.40 प्रतिशत चौधरी विशंभर सिंह इंटर कालेज औरैया, आशीष कुशवाहा 94.40 प्रतिशत श्री राधा कृष्णा इंटर कॉलेज फफूंद, दिव्यांशी 94.40 प्रतिशत एसवीएम इंटर कालेज दिबियापुर, सौम्या कुमारी 94.40 प्रतिशत सेंट साईनाथ इंटर कॉलेज दिबियापुर, रिया कुमारी 94.40 प्रतिशत डॉ लोहिया इंटर कॉलेज औरैया, आकर्ष 94.40 प्रतिशत शारदा इंटर कॉलेज बिधूना, सोना सेंगर 94.40 प्रतिशत सीएमएस इंटर कॉलेज भटौली बिधूना, दसवें स्थान पर आभा सिंह शाक्य 94.20 प्रतिशत एस गांधी इंटर कॉलेज एरवा कटरा, देवांश तिवारी 94.20 प्रतिशत एसवीएम इंटर कॉलेज दिबियापुर, रितिका शर्मा 94.20 प्रतिशत एसपी शिवानंद इंटर कॉलेज दिबियापुर रहे।

इंटर में जिले में दूसरा स्थान पर अंकुर यादव।

हाईस्कूल के टॉपर

जिले में हाईस्कूल में जिला टाप करुणा हायर सेकंडरी स्कूल रठगांव बिधूना की काजल ने सबसे अधिक 96.50 प्रतिशत, दूसरे स्थान पर आर्यन यादव 96.33 प्रतिशत सेंट साईनाथ इंटर कॉलेज दिबियापुर, अनामिका 96.33 प्रतिशत बाल विकास संस्थान बाबरपुर, तीसरे स्थान पर अभिषेक कुमार 96.17 प्रतिशत, दिशा चतुर्वेदी 96.17 प्रतिशत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर, चौथे स्थान पर राखी 96 प्रतिशत, सेजल 96 प्रतिशत करुणा हायर सेकंडरी स्कूल रठगांव बिधूना पांचवें स्थान पर, नीतू 95.67 प्रतिशत, चौधरी विशंभर सिंह इंटर कालेज औरैया, शिखा 95.67 करुणा हायर सेकंडरी स्कूल रठगांव बिधूना, छठवें मो. शाजिद 95.50 प्रतिशत शारदा इंटर कॉलेज बिधूना, स्नेहा त्रिवेदी 95.50 प्रतिशत, सौम्य 95.50 प्रतिशत बीना वादिनी यूएमवी एरवा कटरा, सातवें स्थान पर मो.तैयब राजा 94.83 प्रतिशत सीबीएस मेमो इंटर कॉलेज एरवा कटरा, योगिता पाल 94.83 प्रतिशत बीना वादिनी यूएमवी एरवा कटरा, आठवें स्थान पर देवांश 94.67 प्रतिशत, सोनाक्षी तिवारी 94.67 प्रतिशत एसवीएम इंटर कालेज दिबियापुर, कंचन 94.67 करुणा हायर सेकंडरी स्कूल बिधूना, सुप्रिया चौहान 94.67 सीएमएस इंटर कॉलेज भटौली बिधूना, पुष्पेंद्र कुमार 94.67 बीना वादिनी, नौवे स्थान पर शिवानी कुमारी 94.33 करुणा हायर सेकंडरी स्कूल बिधूना, दसवें स्थान पर शिवम 94.33 ओपीजी जूनियर निबाजपुर औरैया, अनुष्का 94.33 श्री राधा कृष्णा इंटर कॉलेज फफूंद औरैया, अनुराधा 94.33 करुणा हायर सेकंडरी स्कूल बिधूना, रितेश कुमार 94.33 पंडित बाबूराम पाण्डेय एकेडमी जवंतपुर मुरादगंज रहे।

हाईस्कूल की जिला टॉपर काजल।

हाईस्कूल में जिले में दूसरा स्थान पर रही अनामिका।

बीहड़ क्षेत्र से मेधावी छात्र टॉप 10 सूची में

अयाना। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा परीक्षा वर्ष 2024 में बीहड़ क्षेत्र के विद्यालय पंडित बाबूराम पांडेय इंटर कॉलेज बीजलपुर रोड मुरादगंज औरैया में कक्षा 10 व कक्षा 12 का वार्षिक परीक्षा फल घोषित हुआ। जिसमे कक्षा 10 के छात्र रितेश सिंह ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप 10 की सूची में स्थान बनाया है।

जिले में 10वें स्थान पर रितेश का नाम।



मेधावी छात्र को माला पहनातीं जीत कुमारी दुबे। अमृत विचार

श्री रामशंकर गौरी शंकर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

फफूंद, औरैया। कस्बा फफूंद के मोहल्ला चमनगंज में श्री राम शंकर गौरी शंकर इंटर कॉलेज फफूंद का हाईस्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट का 98 प्रतिशत रहा। विदित हो की हाईस्कूल की परीक्षा में कुल पंजीकृत छात्र 135 थे जिसने 122 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। सभी परीक्षार्थी उत्तरीण घोषित हुए हैं। छात्र आदर्श कुमार पुत्र फूल सिंह 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल पंजीकृत छात्र 122 में 98% छात्र सफल हुए। 80 % छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। हाई स्कूल में प्रथम श्रेणी में उत्तरीण छात्र आदर्श कुमार को विद्यालय की संरक्षिका जीत कुमारी दुबे ने माला पहनाकर बच्चे का मनोबल बढ़ाया।

गुलजारी लाल सुखदेवी कॉलेज के बच्चों ने किया नाम रोशन

अछल्दा, औरैया। हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कस्बा के हाईस्कूल की छात्रा एवं इंटर के छात्र ने स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कस्बा के गुलजारी लाल इण्टर कालेज की कक्षा 10 की छात्रा चारु कुमारी पुत्री बसन्त कुमार ने 93.3 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12 के छात्र हितकर्ष शाक्य पुत्र मायुस प्रताप सिंह ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया स्कूल में दोनों विद्यार्थियों के उच्च अंक प्राप्त करने पर स्कूल प्रबन्धक राजेश कुमार एवं प्रधानाचार्य आराधना यादव ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है वहीं कस्बा के हरीगंज निवासी दिनेश कुमार पाण्डे की पुत्री कु. लक्ष्मी ने इंटर की परीक्षा में 93.60 अंक प्राप्त करने पर माता-पिता ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है।



लक्ष्मी को मिठाई खिलाते माता पिता।

प्रदर्शनी का निरीक्षण करते सीजीएम। अमृत विचार

आग से बचाव के लिए मॉकड्रिल करते फायरकर्मी। अमृत विचार

अग्निशमन इकाई ने आग से बचाव के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन पर शनिवार की सुबह एनटीपीसी स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन इकाई ने आग से बचाव के हैरतअंगेज प्रदर्शन किए। मुख्य अतिथि एनटीपीसी के सीजीएम जयदेव परिदा रहे।

बीते 14 अप्रैल से शुरू हुए अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन के पर मुख्य अतिथि ने कहा कि जवान अपनी जान हथेली पर रखकर आग से लोगों एवं संपत्ति को खाक होने से बचाते हैं। उन्होंने घरों में गृहिणियों से एवं कार्य स्थल पर कर्मियों से सतर्कता बरतने को कहा। समारोह में अग्निशमन कर्मचारियों को सम्मानित किया।

अग्निशमन के जवानों ने बिजली के ट्रांसफॉर्मर में लगी आग बुझाने, तेल में लगी आग बुझाने के तरीके बताए। साथ ही पानी की बौछार से तिरंगा बनाकर भी दिखाया। अभी तक में 10 फायर कॉल प्लांट एवं 28 बाहरी क्षेत्र के आसपास गांवो में जाकर आग बुझाने का कार्य किया। हाल ही में दिबियापुर नगर के गारमेंट्स के गोदाम में भीषण आग लग गई थी जिसको दीवाल तोड़कर कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया था। इसमें क्षेत्रवासियों ने फायर विंग की सराहना की थी। सीआईएसएफ फायर एसी राकेश कुमार ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान एनटीपीसी के कर्मचारी, स्कूल टीचर, छात्र, सुरक्षा स्टाफ, श्रमिकों को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट पीआर राय, एजीएम एचआर तन्मय दत्ता, सीएमओ एनटीपीसी विजय नायक, सांजोस फादर राजू, सीनियर मैनेजर आईटी अखिलेश यादव, पावर ग्रिड के अभिषेक पांडे, डीजीएम सेफ्टी विपिन पांडेय आदि मौजूद रहे।

सदाचार ही श्रीमद्भागवत कथा का मूल मंत्र : आचार्य

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर क्षेत्र के उमरी गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य ने कहा कि सदाचार ही श्रीमद्भागवत कथा का मूल मंत्र है। ऐसे में सभी को सदाचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का मौका उन्हीं भक्तों को मिलता है। जिन पर ईश्वर की असीम कृपा होती है।

कथा सुनाते व्यास।

भागवताचार्य ने कहा कि इस कलयुग में जीव आसुरी प्रवृत्ति का हो गया है। इससे पार पाने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण उत्तम साधन परीक्षित चंद्र प्रभा व ब्रजकिशोर त्रिपाठी रहे। आचार्य ने कहा कि सत्ता और शक्ति का घमंड होने पर श्रीकृष्ण ने इंद्र का घमंड चूर करने के लिए ब्रजमंडल में इंद्र की पूजा बंद करा दी। इस पर आक्रोशित इंद्र ने ब्रज मंडल में मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। जिससे ब्रजमंडल में हाहाकार मच गया।

श्रीकृष्ण ने ब्रज वासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाकर धारण कर लिया जिससे गोवर्धन पर्वत के नीचे बृजवासियों के साथ, जीव-जंतुओं की रक्षा हुई। इंद्र का भी घमंड चूर-चूर हो गया। भागवताचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण ने पूतना, अघासुर, बकासुर आदि कंस द्वारा भेजे गए विभिन्न असुरों का वध करने के बाद पापी कंस का वध किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

ईवीएम व वीवीपैट का प्रशिक्षण संपन्न

औरैया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्वक निष्पक्षता के साथ संपन्न कराए जाने के लिए चौधरी विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को तृतीय दिवस (अन्तिम दिन) में दिए जा रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में ईवीएम, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। साथ ही प्रपत्रों आदि के माध्यम से की जाने वाली गतिविधियों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान संबंधी बारीकियों से अवगत कराया गया।

अभियान चलाकर मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग तरीके अपनाए जा रहे हैं।

इसी के तहत बीहड़ पट्टी के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम सड़रापुर व भासौंन में लोगों में जागरुकता को लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर मतदाता जागरुकता सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

बीएसए अनिल कुमार के नेतृत्व व खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह की उपस्थिति में बीहड़ पट्टी के कम मतदान वाले क्षेत्र ग्राम पंचायत सरड़ापुर व भासौंन में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान में उत्साह के साथ भाग लिया। एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। बीईओ अजय विक्रम, ब्लॉक स्वीप प्रभारी बेसिक शिक्षा सत्यम दुबे, अतुल मिश्रा, बृजेन्द्र शर्मा, सहायक अध्यापक सपना दुबे, नित्यानंद शुक्ला, सर्वेश कुमार, रानी कटियार, कृष्ण प्रताप सिंह, विवेक पाल, नीलेश कुमारी, गजेंद्र सिंह, ओमेंद्र त्रिपाठी, नम्रता सहित तमामा ग्रामीण मौजूद रहे।

हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

बच्ची को टक्कर मारने वाले चालक पर केस

अछल्दा। अछल्दा थाना क्षेत्र के नगरिया गांव में 19 अप्रैल को पिकअप की टक्कर से बच्ची की मौत हो गयी थी। बच्ची के मामा विवेक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 19 अप्रैल को भांजी कशपी अपनी मम्मी के साथ शादी में आई थी। घर के दरवाजे के सामने गली में खेल रही थी तभी पिकपक के चालक संजीव कुमार पुत्र जसवन्त सिंह निवासी गासीपुर थाना अछल्दा ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

महात्मा हंसराज का जन्मोत्सव मनाते शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी। अमृत विचार

समर्पण दिवस के रूप में मनाया महात्मा हंसराज का जन्मोत्सव

औरैया। गेल डीएवी मॉडल स्कूल में शुक्रवार को डीएवी संस्थान के प्रथम प्रधानाचार्य महात्मा हंसराज जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दिन को सभी डीएवी संस्थान समर्पण दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह ने महात्मा हंसराज जी को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद विद्यालय में विशेष हवन का आयोजन किया गया। हवन में विद्यालय के समस्त अध्यापक तथा विद्यार्थी शामिल हुए। प्रधानाचार्य ने महात्मा हंसराज जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महात्मा हंसराज बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

धर्म-कर्म | चैत्र की पूर्णिमा पर लगता है विशाल मेला, मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त चढ़ाते हैं झंडा

300 वर्षों से आस्था का केंद्र ब्रह्मदेव मंदिर

संवाददाता कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। जनपद के जमौली गांव में पौराणिक ब्रह्मदेव का मेला चैत्र पूर्णिमा की भोर होते ही जयकारों के साथ शुरू हो जायेगा। सुबह होते ही मेला परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाले ग्राम जमौली के निकट स्थित बाबा ब्रह्मदेव मंदिर पर नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

मालूम हो कि यहां हर वर्ष चैत्र की पूर्णिमा को विशाल मेला लगता है। कोरोना काल के कारण पिछले दो वर्षो से यहां मेले का आयोजन स्थगित करना पड़ा। मंदिर की देखरेख करने वाले महंत ने बताया कि मंदिर के पीछे खड़ा पीपल का पेड़ लगभग 300 वर्ष पुराना है। माना जाता है कि इसी प्राचीन एतिहासिक पेड़ में बाबा ब्रह्मदेव का वास है। कहा जाता है कि जगनिक नाम का एक विदेशी व्यक्ति महोबा से कन्नौज जा रहा था और इसी रास्ते से गुजरते हुए रास्ता भूल गया। वह इसी पीपल के पेड़ के नीचे सो गया। तभी सफेद घोड़े पर सवार होकर साधु के भेष में एक महात्मा प्रकट हुए और जागनिक नाम के उस व्यक्ति को उसके गंतव्य स्थान कन्नौज पहुंचाया। वहां से लौटकर उसने सारी घटना लोगो को बताई और वहां एक छोटा सा मंदिर बनवाया। तभी से यहां श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया।

जैसे-जैसे भत्तों की मनोकामना पूर्ण होने लगी, अन्य प्रदेशों से भी लोग आने लगे और इस मंदिर पर विशाल मेला लगना शुरू हो गया। मनोकामना पूर्ण करने पेड़ पर झंडा और प्रसाद चढ़ाने आते है। बाबा ब्रह्मदेव मंदिर के निकट शनिदेव, माता दुर्गा, बजरंगबली व भोले बाबा आदि कई मंदिर है। महंत ने बताया 23 अप्रैल से यहां एक विशाल मेला लगने जा रहा है। जिसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। शासन प्रशासन को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

मेले में सजने लगीं दुकानें। अमृत विचार

सार-संक्षेप

रेड डे मनाते बच्चे। अमृत विचार

बच्चों ने तरबूज खाकर मनाया रेड डे

फफूंद (औरैया)। कस्वा फफूंद के एक्सिस पब्लिक स्कूल में नर्सरी से लेकर यूकेजी कक्षाओं के बच्चों द्वारा रेड डे का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढ़ी ने कहा कि रेड डे के माध्यम से जहां बच्चों को प्रदर्शन करने का मौका मिलता है वहीं शिक्षा पद्धति में गतिविधि मूलक शिक्षा को शामिल करने के लिए अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर यूकेजी के बच्चे और शिक्षक लाल रंग की विविध वेशभूषा में रंग बिखेर रहे थे। मंच को पूरी तरह लाल रंग के गुब्बारों से सजाया गया था।जिससे पूरा माहौल लालिमा में सराबोर दिखाई दे रहा था। इसके साथ साथ गर्मी के मौसम को देखते हुए बच्चों के लिए वाटर मेलन पार्टी का आयोजन किया गया। सभी बच्चे खिलौने, फल और लाल रंग से लिखे स्लोगनों से सुजज्जित पट्टियों से खेलते दिखे। बच्चे अपने साथ लाल रंग के पकवान भी खाने के लिए लेकर आए। सहयोगी अध्यापक मोनिका, श्रुति, अलीशा, तान्या आदि स्टाफ़ उपस्थित रहा।

शार्ट सर्किट से लगी आग, वृद्धा की जलकर मौत

बिधूना (औरैया)। शनिवार को विद्युत शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक 80 वर्षीय वृद्धा की जलकर मौत हो गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर निवासी रणवीर सिंह के घर में विद्युत शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से अचानक घर के पास रखे तोरी आदि के गट्ठों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने समूचे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान राजकुमारी पत्नी रघुवीर सिंह की आग की चपेट में आकर और मौत हो गई जबकि उनकी बहू मीना अनुराधा ने किसी तरह अपनी जान बचाई। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वृद्धा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उप जिलाधिकारी हरिश्चंद्र ने कहा कि क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कर आख्या रिपोर्ट देने को कहा गया है। आख्या रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवार को आर्थिक क्षतिपूर्ति दिलाई जाएगी।

एक नजर

करोड़ों कीमत की शराब ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत हुई कार्रवाई में एक करोड़ 47 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। एजेंसियों के जरिये बीते एक मार्च से 19 अप्रैल तक कुल 31399 .69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये हैं। इसमें 2951 .14 लाख नकद, 4061 .32 लाख की शराब, 21074 .87 लाख की ड्रग, 2156 .05 लाख की बहुमूल्य धातुएं व 1156 .30 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गई। बीते दिन अमेठी की तिलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 150 ग्राम ड्रग व बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 28 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 280 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

कांग्रेस को वोट देकर इतिहास कलंकित न करना

मुख्यमंत्री योगी ने राजस्थान की चुनावी जनसभाओं में कांग्रेस पर किया जोरदार हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चित्तौड़गढ़ और जोधपुर में योगी आदित्यनाथ ने किया रोड शो

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को दूसरी बार बतौर भाजपा के स्टार प्रचारक राजस्थान पहुंचे। भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करने के दौरान वहां योगी के निशाने पर मुख्य रूप से कांग्रेस रही।

जनता के बीच कांग्रेस पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि उन लोगों ने महाराणा प्रताप की जगह अकबर को महान बनाने का कार्य किया। कांग्रेस के लोग भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने में कोई संकोच नहीं करते। देश की आस्था पर प्रहार करने के लिए ये कहते थे कि राम हुए ही नहीं। हमें भी कांग्रेस को वोट देकर अपने इतिहास को कलंकित नहीं करना है।

शनिवार को योगी ने चित्तौड़गढ़ और जोधपुर में रोड शो किया। इसके अलावा राजसमंद में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। चित्तौड़गढ़ में जहां उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी सीपी जोशी के लिए रोड शो किया। वहीं जोधपुर में प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत के लिए जनता से वोट की अपील की।

उप्र. भाजपा मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, वहां योगी के रोड शो में बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं की भी भागीदारी देखने को मिली। बेतहाशा गर्मी में योगी की एक झलक के लिए मकानों की छत पर महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। वहीं दूसरी तरफ योगी आदित्यनाथ ने राजसमंद में विशाल जनसभा करके भाजपा प्रत्याशी महिमा विश्वेश्वर सिंह मेवाड़ के पक्ष में मतदान की अपील की।

राजस्थान के जोधपुर शहर में रोड शो करते हुए मुख्यमंत्री योगी।

लोग फिर देख सकेंगे बिजली उत्पादन व मांग की स्थिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र पावर कॉरपोरेशन के हस्तक्षेप पर वेबसाइट पर सार्वजनिक की गई रिपोर्ट

अमृत विचार : प्रदेश के लोग अब फिर उप्र स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की वेबसाइट पर बिजली उत्पादन व मांग की स्थिति देख सकेंगे। उप्र पावर कॉरपोरेशन के हस्तक्षेप पर वेबसाइट पर दैनिक प्रणाली रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है।

यूपीएसएलडीसी की वेबसाइट पर 50 साल पुरानी दैनिक ऊर्जा प्रणाली की रिपोर्ट वेबसाइट से हटा दी गई थी। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका कड़ा विरोध किया था। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना था कि पब्लिक डोमेन में जो भी रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से आम जनता के लिए रहती है, उसको छिपाना पारदर्शिता का उल्लंघन है।

अंततः पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के हस्तक्षेप और फटकार के बाद यूपीएसएलडीसी ने देर रात दैनिक प्रणाली की रिपोर्ट को वेबसाइट पर बहाल कर दिया।

23 हजार मेगावाट पार हुई बिजली की मांग

भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली की मांग 23 हजार मेगावाट पार कर गई है। शनिवार को प्रदेश की अधिकतम मांग 23,323 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 13,967 मेगावाट रही। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि निरंतर बढ़ रही मांग को देखते हुए बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को कल से चलेगा अभियान

हादसों में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के निर्देश, मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सरकार प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को प्रयासरत है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। ऐसे में परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जिलों में 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा।

इस दौरान सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराया जायेगा। कॉमर्शियल चालकों के लिए हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट पर ही रोका जायेगा।

प्रमुख कारण

ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है, इसलिये इसमें कमी लाने के लिये जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है।

समीक्षा कर होगी कार्रवाई

निर्देश है कि सभी मण्डल एवं जनपदस्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। इसके लिये सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी दिन निर्धारित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके भी सुझाव लिये जायें।

अमरोहा व गाजियाबाद में सभाएं करेंगी मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटाने को बसपा प्रमुख मायावती रविवार को अमरोहा और गाजियाबाद के चुनावी सभाएं संबोधित करेंगी। लोकसभा चुनावों में एनडीए व इंडिया गठबंधन के खिलाफ बसपा अकेले लड़ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने बताया कि बसपा कई राज्यों में चुनाव लड़ रही है, उप्र. में प्रत्याशियों के समर्थन में पार्टी प्रमुख की सभाएं तय समय पर संपन्न होंगी। बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय के उद्देश्य से ही पार्टी ने किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है और पार्टी अपने लोगों के ही तन, मन, धन के बल पर चुनाव लड़ रही है। गाजियाबाद में प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर के पक्ष में और अमरोहा में मुजाहिद हुसैन के लिए चुनावी सभा संबोधित करेंगी।

प्रत्येक तस्कर के जिम्मे थी नौ-नौ लाख कीमत की विदेशी सिगरेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गिरफ्तार हुए छह तस्करों में दो की अग्रिम जमानत खारिज

▸▸ 27 तस्कर पुलिस की पकड़ से दूर, तलाश जारी

अमृत विचार : शारजाह से तस्करी कर सामान लखनऊ लाते समय कस्टम अधिकारियों द्वारा पकड़े गए छह तस्करों में दो की अग्रिम जमानत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी। चार की याचिका पर सुनवाई होनी है, जबकि 27 तस्कर अब भी फरार हैं। फरार तस्करों की तलाश लगातार जारी है।

पहली अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट पर उड़ान संख्या 6ई-1424 से उतरे यात्रियों को संदेह के आधार पर कस्टम अधिकारियों द्वारा रोका गया था। उन यात्रियों में से एक भब्बलपुरी टांडा बदिल रामपुर निवासी मो. रफीक था, जिसकी तलाशी से साढ़े 46 हजार रुपये तथा बैग की तलाशी से सिगरेट की 56 हजार स्टिक्स (मूल्य आठ लाख, 40 हजार) बरामद हुआ था। दूसरा तस्कर अब्दुल बसीर टांडा बदिल रामपुर का निवासी ही है। अब्दुल बसीर के पास से एक लाख तीन हजार रुपये नकद बरामद हुआ था, जबकि 8,61,000 मूल्य के 57,400 स्टिक्स सिगरेट बरामद हुए थे। सिगरेट की तस्करी करने वाले तस्करों की संख्या कुल 35 थी, जिसमें से छह गिरफ्तार हुए बाकी फरार हो गए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने उक्त दोनों तस्करों की जमानत खारिज कर दी है।

सक्रिय था सिंडीकेट

अधिकारियों ने बरामद सिगरेट पैकेटों का निरीक्षण करके यह बताया कि उन पर वार्निंग लेबल सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) नियम 2018 (कोट्पा) के मानकों के अनुसार अंकित नहीं थी। एयर कस्टम्स सीसीएसआई, एयरपोर्ट अमौसी की आख्या के अनुसार अभियुक्त व सह अभियुक्त के पास से बरामद सिगरेटों का कुल मूल्य तीन करोड़ तीन लाख 63 हजार रुपये है। यह एक सिंडीकेट गिरोह है, जो वाणिज्यिक मात्रा में विदेशी मूल की सिगरेटों की भारत में तस्करी करता है।

भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

सपा प्रदेश कार्यकारणी के पूर्व सदस्य भाजपा में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में भाजपा अपना परिवार बढ़ाने में जुटी हुई है। भाजपा महानगर कार्यालय में शनिवार को सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमेश मिश्रा समेत अन्य ने भाजपा का दामन थाम लिया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी को सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व पार्षद प्रत्याशी समीर मिश्रा, धीरज, अर्पित दीक्षित जिला सचिव समाजवादी छात्र सभा, सुनील मालानी, प्रशांत तिवारी आदि शामिल हैं।

हर मतदाता को मतदेय स्थल तक पहुंचाने का करें प्रयास : नीरज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत को विश्व गुरु बनाने का यज्ञ चल रहा है और इसको सफल बनाने में हम सबको आहुति देनी होगी। 20 मई को प्रयास करना होगा कि हर मतदाता को मतदेय स्थल तक पहुंचाकर मतदान कराया जाए।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने उक्त बात पूर्व पार्षदों और अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में कही। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में अनुसूचित वर्ग को भी मिला है। आपके साथ अनुसूचित समाज के प्रत्येक व्यक्ति के घर- घर जाएंगे और उपलब्धियां को बताएंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि अनुसूचित समाज की सभी बस्तियों में प्रभावी मतदाताओं से संपर्क करना है और सभी को उनके वोट की अहमियत बताते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है।

कर्मचारी संगठन के लोगों को बायोमेट्रिक हाजिरी में मिलेगी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कर्मचारी संगठनों की मांगों के शीघ्र निस्तारण के सरकार ने दिये निर्देश

अमृत विचार : सरकारी विभागों में कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र ही निस्तारण किया जायेगा, इतना ही नहीं कर्मचारी संगठनों की होने वाली निर्धारित बैठकों को लेकर पदाधिकारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति में भी छूट मिलेगी। इसके लिए अपर मुख्य सचिव डॉ.देवेश चतुर्वेदी ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिये गये हैं।

राज्य सरकार के अधीन संचालित अधिकांश विभागों में उपस्थिति दर्शाने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू हो चुकी है। कई विभागों में कर्मचारियों ने क्षेत्रीय कार्य व्यवस्था तहत उक्त का विरोध भी किया था। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपनी दिक्कतों से राज्य सरकार को अवगत कराया था। संगठन पदाधिकारियों का कहना था कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय समय पर अक्सर विभागों में आना जाना पड़ता है। इसके लिए पदाधिकारियों ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस में निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज करने में असमर्थता जताई थी। उक्त समस्याओं को ध्यान में रखकर शासन द्वारा कर्मचारी संगठनों की मांगें के निस्तारण करने व बायोमेट्रिक उपस्थिति में छूट प्रदान करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

हनुमान जयंती को लेकर निर्देश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर डीजीपी ने व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा

अमृत विचार : पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने 23 अप्रैल को मनाए जाने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि समस्त हनुमान मन्दिरों, धर्मस्थलों तथा जुलूसों के मार्ग व महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भ्रमण करते हुए सम्बन्धित धर्म गुरुओं, प्रबंधकों व आयोजकों के साथ स्थानीय मजिस्ट्रेट तथा अन्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। थानों के त्योहार रजिस्टर की प्रविष्टियों का अध्ययन कर समस्त आयोजनों के आयोजकों से वार्ता कर यदि किसी प्रकार की समस्या प्रकाश में आती है तो उसका त्वरित समाधान कराया जाय। किसी नयी परम्परा की अनुमति न दी जाय। श्रद्धालुओं के आवागमन व जुलूसों के मार्गों पर प्रभावी यातायात प्रबन्ध, गश्त, पिकेट व अन्य व्यवस्था तत्काल कर ली जाय। सभी जुलूसों में बॉक्स फॉर्मेट में राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में ड्यूटी लगायी जाये तथा छोटे से छोटे जुलूसों के साथ भी आवश्यकतानुसार पुलिस की व्यवस्था की जाए।

भाजपा का पहला शो फ्लॉप हो गया : अखिलेश यादव

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम की हवा ने सब पलट दिया है। भाजपा का पहला शो फ्लॉप हो गया है। भाजपा को कोई वोट नहीं देना चाहता है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी कहानी अब कोई नहीं सुनना चाहता है। अखिलेश यादव शनिवार को मेरठ लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। तीन काले कानून लाकर किसानों के खिलाफ कानून बनाया था। किसानों ने भाजपा सरकार के काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया। हजारों किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा सरकार काले कानून वापस लेने पर मजबूर हुई।

वर्ग पहेली-46

बाएं से दाएं

1. जिसे किसी चीज़ की लत हो, अभ्यस्त, व्यसनी।
2. 1. दरवाज़े के दोनों कपाटों के मध्य फ़र्श पर लगाई गई लकड़ी, देहरी, ड्योढ़ी, चौखट 2. नपुंसक, नामर्द 3. गूलर नाम का एक फल तथा उसका वृक्ष 4. एक प्राचीन जाति 5. एक प्रकार का कोढ़।
4. 1. कोमल, नाज़ुक, मुलायम 2. मनोहर, सुंदर, सुहावना, बहुत अच्छा, उत्तम 3. दक्ष, होशियार, चतुर, प्रवीण।
6. दक्षता।
9. (पुराण) सात पाताल लोकों में से एक।
10. 1. गले लगाना, आलिंगन करना 2. छूना, पकड़ना 3. मिलने पर उपहार देना।

ऊपर से नीचे

1. हर्ष
2. 1. भारी उलटफेर, उलट-पुलट, क्रमभंग 2. हलचल।
3. रचयिता, रचना करने वाला।
5. 1. सौरमंडल के ग्रहों में सातवां ग्रह 2. सप्ताह का आख़िरी दिन, शनिवार।
7. टीन का गिलास जिसपर चमकदार रोगन या लुक लगाया गया हो; टीन का पात्र जिसपर चीनी मिट्टी आदि की कलई हो।
8. 1. आसवन करने की क्रिया 2. काढ़ा 3. प्रसव।



वर्ग पहेली -45 का हल

1 फुँ	क	ना	■	2 फ़	रे	बी
■	■	■	■	रा	■	■
■	■	3 ज़	■	मो	■	4 चु
5 अ	6 म	र	7 को	श	■	ल
■	8 स	र	ला	■	■	चु
■	नू	■	9 ह	य	शा	ला
10 चो	ई	■	ट	■	■	ना

सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			3			4
	2		7		9			1
	6			4			9	
	3				5	7		
		7				2		
6		4	8				5	
	7			5			8	
5			2				3	
	4			1		6		

सुडोकू -124 का हल

9	3	5	6	4	2	1	7	8
1	6	4	8	3	7	5	2	9
8	2	7	9	1	5	4	6	3
5	7	6	3	2	8	9	1	4
2	1	9	5	6	4	8	3	7
4	8	3	1	7	9	6	5	2
3	9	2	4	5	1	7	8	6
7	4	1	2	8	6	3	9	5
6	5	8	7	9	3	2	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22 अप्रैल 01 .11 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 17 .08 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज शत्रु आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी। आपको क्रोध करने से बचना चाहिए। अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है। संतान को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं।

मिथुन — आज मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी।

कर्क — आज रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा।

सिंह — आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। गुरु तुल्य लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

कन्या — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ाएगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाएंगे।

तुला — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे।

वृश्चिक — आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य की समस्याओं का निवारण हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

धनु — आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

मकर — आज दोस्तों के साथ मनोरंजन भरा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचार जन्म लेंगे। अजनबियों पर भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। ऑनलाइन लेन-देन आपको सावधानी पूर्वक करना चाहिए। वैवाहिक जीवन को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से ज्यादा शेयर न करें।

मीन — आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा,जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कौन करे कुर्बानी — दोपहर : 12 .00
- मेला — रात : 07 .04

SONY PIX
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10 .46
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09 .00

SONY SMAX
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 09 .56
- एनिमल — रात : 09 .06

ZEE CINEMA
- वीरे दी वेडिंग — सुबह : 10 .15
- दिल धड़कने दो — रात : 07 .15

colors CINEPLEX
- मासूम — सुबह : 09 .00
- ओएमजी 2 — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात :09 .06 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

भाजपा ने 2019 में जीती थीं 25 सीटें, इस बार जद (एस) के साथ मिलकर कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की कोशिश

कर्नाटक में खरगे के साथ कांग्रेस सरकार की हांडी पर चढ़ेगी गारंटी

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से14 सीटों पर मतदाता 247 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डालकर करेंगे। राज्य की शेष 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इस बार सबसे ज्यादा 29 उम्मीदवार बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर हैं, जबकि दक्षिण कन्नड़ सीट पर सबसे कम नौ उम्मीदवार मैदान में हैं।

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की गृह राज्य होने के साथ कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, जो अपनी गारंटी के कारण सत्ता में आई थी। ऐसे में कांग्रेस पर जहां विधानसभा चुनाव जैसी सफलता दोहराने का भारी दबाव है, वहीं भाजपा एक बार फिर 2019 की तरह राज्य में भगवा लहर बनाने के लिए राम मंदिर, मोदी की गारंटी, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार दे रही है।

कर्नाटक में 14-14 सीटों पर होने वाले दो चरणों के पहले चुनाव में जिन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, उनमें भाजपा से तेजस्वी सूर्या, सोमन्ना, डॉ. सीएन. मंजूनाथ और पीसी मोहन जबकि कांग्रेस से डीके सुरेश, मंसूर अली खान, केवी गौतम और सौम्या रेड्डी तथा जनता दल (एस) से पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी प्रमुख हैं। भाजपा इस बार जनता दल (एस) के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 25 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि जनता दल (एस) तीन सीटों पर मैदान में है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई हावेरी से, जगदीश शेट्टार बेलगाम से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों नेता लिंगायत समुदाय से आते हैं। जनता दल (एस) से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी कुमारस्वामी मांड्या से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

17 लोस क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।

06 कांग्रेस ने महिलाओं को दिया है लोकसभा चुनाव का टिकट

02 भाजपा ने दिया है महिलाओं को लोकसभा चुनाव का टिकट

32.14 लाख मतदाताओं के साथ बेंगलूरू उत्तर देश का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है।

247 उम्मीदवार 14 सीटों पर हैं, इनमें 226 पुरुष और 21 महिलाएं हैं



मैसूर में राज परिवार बनाम आम आदमी के बीच दिलचस्प संघर्ष

मैसूर लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रताप सिम्हा का टिकट काटकर पूर्व राजपरिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार को उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के एम लक्ष्मण वोक्कालिगा कर रहे हैं। मैसूर में लोग इसे राज परिवार बनाम आम आदमी की लड़ाई बता रहे हैं। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का विश्वासपात्र माना जाता है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। सिद्धारमैया मैसूर जिले की ही वरुणा विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा और जनतादल एस ने भी यहां ताकत झोंक रखी है।

10% मतदाता जिन्होंने विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया था, लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को देखना चाहते प्रधानमंत्री

ये रहे प्रमुख मुद्दे

राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, जातीय समीकरण, सूखा, बेंगलुरू बम विस्फोट, भाषा विवाद

तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से मिल रही मजबूत चुनौती

बेंगलुरु दक्षिण 1991 से भाजपा का गढ़ रहा है। यहां इस बार मुकाबला काफी रोचक है। इस सीट से भाजपा के तेजतर्रार युवा नेता और सांसद तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस उम्मीदवार सौम्या रेड्डी मजबूत चुनौती दे रही हैं। 40 वर्षीय सौम्या परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी हैं और जयनगर की विधायक रह चुकी हैं। वह महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव में सौम्या को केवल 16 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा जबकि तीन पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में तेजस्वी सूर्या ने यहां से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को 3.31 लाख मतों के अंतर से हराया था।

2.88 करोड़ लोग 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 14 सीटों पर करेंगे मतदान।

03 पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई (हावेरी), जगदीश शेट्टार (बेलगाम) और एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) से चुनाव लड़ रहे हैं

इन सीटों पर 26 को पड़ेंगे वोट

उडुपी, चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराज नगर, बेंगलुरु की चार सीटों के अलावा चिकबालापुर और कोलार में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे।

वोक्कालिगा, लिंगायत के साथ दलित व कुरबा वोटर आधी से ज्यादा सीटों पर निर्णायक

कर्नाटक में माना जाता है कि वोक्कालिगा और लिंगायत समाज का जिस पार्टी की तरफ झुकाव होता है, वही पार्टी चुनाव में आगे निकलती है। राज्य में लिंगायत समुदाय की आबादी 17 फीसदी से अधिक है, जबकि वोक्कालिगा समुदाय की जनसंख्या करीब 12 फीसदी हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक यह दोनों समुदाय मिलकर करीब एक दर्जन सीटों पर हार-जीत तय करते हैं। इन दोनों समुदायों के अलावा 17 फीसदी दलित, 8 फीसदी कुरुबा और 7 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के मतदाता भी कई लोकसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका में हैं।

विधानसभा और लोकसभा में वोटिंग पैटर्न अलग

- 2019 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीतकर भगवा फहराया था। कांग्रेस और जेडीएस एक-एक सीट पर सिमट कर रह गए थे। लेकिन पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कर्नाटक के मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अलग-अलग तरीके से मतदान करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट करने वाले लगभग 10 फीसदी मतदाताओं का कहना है कि उन्होंने राज्य की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को हटाने के लिए कांग्रेस को वोट दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए पहली पसंद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का निशान कमल है।

- लिंगायत संत की चुनौती में फंसे भाजपा के दिग्गज केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी :

धारवाड़ लोकसभा सीट पर 2009 से केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी लगातार जीत रहे हैं। लेकिन इस बार उन्हें लिंगायत संत दिंगलेश्वर महास्वामी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। 2019 के चुनाव में प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस के विनय कुलकर्णी को दो लाख वोटों से हराया था। इस बार कांग्रेस ने युवा नेता विनोद आसुति को मैदान में उतारा है। लेकिन जोशी कांग्रेस से ज्यादा लिंगायत संत की चुनौती से परेशान हैं। लिंगायत भाजपा के वोटर माने जाते हैं।

2019 का यह था दलीय जनादेश

दल	प्राप्त सीट	मत मिले	मत प्रतिशत
भाजपा	25	1,80,53,454	51.4
कांग्रेस	01	1,12,03,016	31.9
जनतादल (एस)	01	33,97,229	9.7
निर्दलीय	01	13,67.841	3.9
अन्य	00	11,17,142	3.2

2014 में किस दल को कितनी सीटें, कितने वोट

दल	प्राप्त सीट	मत मिले	मत प्रतिशत
भाजपा	17	1,33,50,285	43.0
कांग्रेस	09	1,26,66,530	40.8
जनता दल (एस)	02	34,06,465	11.0
अन्य	00	11,32,068	3.6
निर्दलीय	00	4,83,513	1.6

पंजाब के चुनाव में बसपा बनाने में लगी चौथा कोण

- फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा सीट से भी पार्टी ने घोषित किए उम्मीदवार
- पिछले चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़कर बसपा ने पाए थे 3.52 प्रतिशत वोट

चंडीगढ़। पंजाब में इस बार के लोकसभा चुनाव पिछली बार 2019 से काफी अलग हैं। इस बार अधिकतर सीटों पर मुकाबला दो नहीं बल्कि चतुष्कोणीय होने के आसार हैं। इसकी वजह यह है कि राज्य में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ शिरोमणि अकाली दल के साथ ही बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। 1996 के बाद यह पहली बार होगा कि एनडीए के सबसे पुराने घटकों में से एक बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल राज्य में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो दिल्ली और हरियाणा में साथ लड़ने वाली कांग्रेस और आप पार्टी के रास्ते भी पंजाब में अलग-अलग होंगे। 2022 का विधान सभा चुनाव अकाली दल और बसपा ने मिलकर लड़ा था, पर लोकसभा में दोनों के बीच बात नहीं बन पाई है।

पंजाब में पिछला लोकसभा चुनाव बसपा ने तीन सीटों पर लड़ा था और उसका वोट शेयर 3.52 प्रतिशत रहा था। इस चुनाव में वह पंजाब लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ चुनाव में मैदान में उतरी थी, जबकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 1.9 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया था, तब पार्टी ने सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस बार बसपा पंजाब में होशियारपुर, फिरोजपुर, संगरूर, पटियाला और जालंधर सीटों पर पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शनिवार को पार्टी ने पंजाब के फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के केन्द्रीय समन्वयक विपुल कुमार ने कहा कि गुरबख्श सिंह चौहान और राज कुमार जनोत्रा क्रमशः फरीदकोट और गुरदासपुर से चुनाव लड़ेंगे।

पंजाब की अन्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। गुरबख्श सिंह चौहान फरीदकोट में बसपा जिला प्रमुख हैं, जबकि गुरदासपुर के उम्मीदवार राज कुमार जनोत्रा अखिल भारतीय महाशा एकता मंच के अध्यक्ष हैं। बसपा के संस्थापक स्व. कांशीराम ने गुरदासपुर से चार बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। अब 30 साल बाद बसपा ने एक बार फिर महाशा समुदाय से गुरदासपुर में उम्मीदवार चुना है।

डिजिटल कैंपेनिंग में भाजपा व कांग्रेस ने खर्च किए 33 करोड़

● युवाओं और पहली बार वोट देने वालों को लुभाने के लिए गूगल पर विज्ञापन की होड़

नई दिल्ली। राजनीतिक दल इस बार लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा फोकस नए और फर्स्ट टाइम वोटर्स पर कर रहे हैं। उन तक पहुंच बनाने के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। यही वजह है कि उनके चुनाव प्रचार बजट का बड़ा हिस्सा डिजिटल कैंपेनिंग पर खर्च हो रहा है। पहले चरण के मतदान के लिए भाजपा ने गूगल पर विज्ञापन में 14.7 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने इस प्लेटफॉर्म पर 12.3 करोड़ रुपये का प्रचार किया। तमिलनाडु में चुनाव लड़ने वाली द्रमुक ने गूगल विज्ञापन पर 12.1 करोड़ रुपये खर्च किया।

पहले चरण के चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी एजेंडे, नीतियों, घोषणापत्र और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए 36.5 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए गूगल और मेटा को प्रमुखता दी गई।

समर्थकों के साथ विक्ट्री निशान बनातीं अभिनेत्री ईशा देओल। अमृत विचार

सोशल मीडिया : प्रियंका ने बोला बेरोजगारी और महंगाई पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पार्टी की नीतियों का जमकर बखान किया है। उन्होंने लिखा है कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इस तरह की सभी समस्याओं का समाधान कांग्रेस के पास है।

इन समस्याओं का समाधान कांग्रेस के घोषणा पत्र में है जिसमें देश के बेरोजगार युवकों के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियों का खजाना खोलने, गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसी कई योजनाओं का वादा किया गया है।

बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का स्थायी समाधान कांग्रेस के पास है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये, 30 लाख सरकारी नौकरियां, एजुकेशन लोन माफी, भूमिहीनों को जमीन, शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप, एमएसपी की गारंटी, किसानों की कर्जमाफी और हमारी ऐसी तमाम घोषणाओं को लेकर पूरे देश की जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद से देख रही है। जनता जीतेगी, कांग्रेस जीतेगी। भारत जीतेगा।

मोदी मैजिक

बेंगलुरू में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में समर्थकों का उत्साह सिर चढ़कर बोला। महिलाओं ने जमकर मोदी का परिवार प्ले कार्ड लहराए।

मथुरा की गलियों में मां के लिए घूमीं ईशा व अहाना

● बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर बेटियों ने मांगे हेमा के लिए वोट

मथुरा

अमृत विचार: प्रदेश की मथुरा लोकसभा सीट में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के साथ उनकी दोनों बेटियां अभिनेत्री ईशा देओल और अहाना देओल भी चुनाव प्रचार करने यहां पहुंचीं तो शाम को गृहमंत्री अमित शाह और जयंत चौधरी ने सभा को संबोधित किया। अभिनेत्री ईशा देओल ने शनिवार को बहन अहाना के साथ सबसे पहले वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी मंदिर में प्रभु के दर्शन किए। इसके बाद मथुरा की गलियों में घूम-घूमकर अपनी मां के लिए वोट मांगे। दोनों ने कहा कि मथुरा में विरासत और पर्यटन को संरक्षित किया गया है। इस जगह का बहुत विकास हुआ है। मथुरा के लोग चाहते हैं कि उनकी मां हेमामालिनी फिर जीतें और मथुरा में ही रहें। उन्हें अभी यहां के लिए बहुत कुछ करना है।

जयंत बोले, हेमा के साथ फिल्म बने '15 साल बाद'

- हेमा मालिनी के समर्थन में हुई सभा में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने हेमा मालिनी के साथ फिल्म की बात छेड़ी तो समर्थक खुश होकर शोर मचाने लगे। जयंत ने कहा, हेमा मालिनी का मैं भी बचपन से फैन हूं। 2009 में वह मेरे चुनाव प्रचार में आई थीं। फिर हम आमने-सामने चुनाव लड़े। 15 साल हो गए हैं, अगर मेरी और उनकी कोई फिल्म बने तो उसका टाइटल होता '15 साल बाद'। क्योंकि 15 साल बाद मैं हेमा जी के लिए प्रचार करने आया हूं।

सारण संसदीय सीट | बिहार के इस लोकसभा क्षेत्र में नई नहीं है लालू परिवार और राजीव प्रताप के बीच चुनावी जंग

रूडी की हो पाएगी हैट्रिक या रोहिणी आचार्य बनेंगी नई सांसद

पटना

बिहार प्रांत की सारण लोकसभा सीट हॉट सीट के रूप में गिनी जा रही है। इस सीट पर जहां लालू प्रसाद यादव ने अपनी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी पर दांव खेला है। लगातार दो बार से इस सीट पर जीत दर्ज कर रहे रूडी की हैट्रिक हो पाएगी या पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में जुटीं रोहिणी उन्हें हराकर सांसद बनेंगी यह तो वक्त बताएगा लेकिन यहां मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है। यूं कहें तो इस बार रूडी के लिए भी जीत बहुत आसान नहीं दिख रही है क्योंकि लालू प्रसाद यादव लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

राजीव प्रताप रूडी।

रोहिणी आचार्य।

सारण संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होगा। नामांकनकी प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। फिलहाल मैदान में भाजपा और राजद उम्मीदवार ही दिखाई दे रहे हैं। नामांकन शुरू होने के बाद तय होगा कि यहां कोई और दल या निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में आते है या नहीं। पहले इस सीट का नाम छपरा था तब यह कांग्रेस की गढ़ हुआ करती थी। 1977 में पहली बार लालू प्रसाद यहां से सांसद बने। 1989 व 2004 में भी वे यहां से जीते। 2008 में परिसीमन के बाद इसका नाम सारण हुआ और 2009 में जब चुनाव हुआ तो लालू फिर यहां से सांसद बने। इससे पहले छपरा सीट पर 1996 और 1999 में राजीव प्रताप रूडी सांसद बने थे। 2014 और 2019 में वे मोदी लहर में भी जीते। इस बार उनका मुकाबला रोहिणी आचार्य से है। रोहिणी जहां लोगों को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा और जदयू का गठजोड़ स्वार्थ वाला है। पीएम मोदी संविधान बदलकर दलितों और पिछड़ों को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर देंगे तो रूडी डोर टू डोर कैंपेन में पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर शांत न हो इसका भी वे ख्याल रख रहे हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें से चार पर राजद और दो पर भाजपा काबिज है।

2019 का परिणाम

भाजपा प्रत्याशी
राजीव प्रताप रूडी – 4,99,342 मत

राजद के प्रत्याशी
चंद्रिका राय – 3,60,913 मत

राजपूत व यादवों के गढ़ में दलित-वैश्य भी नहीं कम

- इस संसदीय क्षेत्र में यादव और राजपूतों की संख्या बहुत ही ज्यादा है। इसके साथ ही वैश्य और दलित मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। लालू प्रसाद को लगता है कि वे 10 फीसद मुसलमानों के और यादव वोटों के सहारे यहां के रण को इस बार जीत लेंगे। हालांकि दलितों और राजपूतों में अच्छी पैठ के कारण ही रूडी ने 2014 में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी तो 2019 में उनके समधी को यहां से हराया था।

एक नजर

मध्य प्रदेश के बैतूल में बस पलटने से पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल

बैतूल (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में शनिवार तड़के बस पलटने से उसमें सवार पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि ये जवान चुनावी ड्यूटी के बाद अपने गृह जिले राजगढ़ लौट रहे थे, तभी भोपाल-बैतूल राजमार्ग पर बरेठा घाट के पास उनकी बस पलट गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शालिनी परस्ते ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के चार बजे हुई। बस में 40 जवान सवार थे, जिनमें से पांच पुलिसकर्मी और बाकी होम गार्ड थे। ये छिंदवाड़ा में चुनावी ड्यूटी करने के बाद राजगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बस पलट गई। गंभीर घायल आठ कर्मियों का इलाज बैतूल के जिला अस्पताल में चल रहा है और चोटिल कर्मियों का उपचार शाहपुर अस्पताल में हो रहा है। रास्ते में आए एक ट्रक से टकराने से बचने में बस पलट गई।

ओडिशा में नौका पलटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई सात

भुवनेश्वर। ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी से पांच और शवों के मिलने के साथ ही नौका पलटने की घटना में मारे गए लोगों की संख्या शनिवार को सात हो गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम नाव पलटने के तुरंत बाद तलाश अभियान शुरू करने वाले ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल तथा अग्निशमन सेवा के कर्मियों ने महानदी से पांच और शव बरामद किए हैं। नदी के हीराकुंड जलाशय से पांच और शव बरामद किए गए। हादसे में मारे गए सभी लोग पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के थे। यह हादसा तब हुआ जब 50 लोग बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर में दर्शन कर नौका से लौट रहे थे।

बीएसएफ ने अमृतसर में आधा किलो हेरोइन और ड्रोन बरामद किया

जालंधर। बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले में आधा किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को बीएसएफ के खुफिया विंग को अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में खेप के साथ ड्रोन की सूचना मिली। बीएसएफ ने संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सैनिकों ने एक पैकेट हेरोइन (वजन - 500 ग्राम) के साथ ड्रोन मिला। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था और ड्रोन से एक छोटी टॉर्च भी जुड़ी मिली। यह बरामदगी अमृतसर के नेस्था गांव से सटे खेत में हुई। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में हुई है।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और वहां से कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि खोजबीन और घेराबंदी के दौरान अरनास उपमंडल के दलास बरनेली क्षेत्र में आतंकवादियों के इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। विश्वसनीय जानकारी के बाद यह खोजबीन शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि आतंकी ठिकाने से दो डेटोनेटर, एके असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक बैटरी और कुछ तार मिले हैं। रियासी जिले की एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा कि इलाके में खोजबीन अभियान अब भी जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी नापाक मंसूबे को नाकाम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमेठी के बाद वायनाड सीट भी हारेंगे साहबजादे: मोदी

कांग्रेस नेता को 26 अप्रैल के बाद करनी होगी किसी सुरक्षित सीट की तलाशी

नांदेड़, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हार जाएंगे और उन्हें उसके बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने लोगों से महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

मोदी ने नांदेड़ रैली में कहा कि पता चलता है कि चुनाव के पहले चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेठी से हार के बाद साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे। उन्हें 26 अप्रैल के बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संदर्भ में कहा

● महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की प्रधानमंत्री ने की अपील

कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए क्योंकि उनमें चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों और गरीबों के विकास में बाधक रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी का नहीं है। यह कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है। वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप वोट देकर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं बल्कि आप देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मैं विपक्ष के पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूं। आपका (विपक्षी नेता) चुनाव हारना तय है लेकिन आपको कभी मौका मिलेगा। आपको भी मतदाताओं से मतदान की अपील करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को चुनाव परिणाम के बाद वे एक-दूसरे से और लड़ेंगे। मोदी ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम नहीं होता तो अफगानिस्तान से आए सिखों का भविष्य क्या होता।

नेहा हत्याकांड: कर्नाटक के गृह मंत्री ने छात्रा के परिजनों से मांगी माफी

● जी परमेश्वर ने नेहा और आरोपी फैयाज में रोमांटिक रिश्ते होने का संकेत दिया था

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उसके माता-पिता से अपनी पिछली टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। डॉ. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि अगर मेरे बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मुझे गहरा खेद है।

गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणियों में नेहा और आरोपी फैयाज के बीच 'रोमांटिक रिश्ते' होने का संकेत दिया गया था, जिससे विवाद खड़ा हो गया था और इसकी कड़ी आलोचना हुई थी। फैयाज की मां मुमताज ने भी नेहा के शोक संतप्त परिवार से सार्वजनिक माफी मांगी है और अपराध में अपने बेटे की कथित भूमिका के लिए पश्चाताप व्यक्त किया है।

इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेहा की मां गीता ने कहा कि उनसे मेरी बेटी को वापस लाने के लिए कहें। मैं अपनी बेटी का इंतजार कर रही हूं, आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए, उसे फांसी दी जानी चाहिए, हम अपनी बेटी को जानते हैं, दोनों में कोई रिश्ता नहीं था। क्या हमारी बेटी को नहीं पता था कि वह किस धर्म से है? हमने हमेशा एक साथ समय बिताया और उसने मेरे साथ सब कुछ साझा किया। नेहा के पिता ने लगातार इस मामले को लव जिहाद के रूप में संदर्भित किया है।

उल्लेखनीय है कि हुबली शहर के कॉलेज परिसर में नेहा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद छात्रों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए फैयाज का पीछा करके उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था। इस घटना के बाद लोग नेहा के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

कर्नाटक को जिहादी देश कहने पर विवादों में घिरे विपक्ष के नेता नेता

बेंगलुरु। कर्नाटक में विपक्ष नेता आर अशोक के राज्य को जिहादी देश कहने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। अशोक ने शुक्रवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने के बाद कहा कि जब से सिद्दाधारमैया सरकार सत्ता में आयी है, कर्नाटक एक जिहादी देश बन गया है और हिंदुओं के जीवन को कम महत्व दिया गया है। उन्होंने डीजे हल्ली दंगों से संबंधित मामलों को वापस लेने और कुकर बम मामले में संदिग्धों को बरी करने के सरकार के प्रयास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त होने का आरोप लगाया। अशोक ने हत्याओं में 31 प्रतिशत की वृद्धि, डकैतियों में 41 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले वर्ष में 17 हजार साइबर अपराध के मामलों के पंजीकरण का हवाला देते हुए अपराध दर में वृद्धि की ओर इशारा किया।

सिसोदिया की जमानत पर कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते दोनों मामलों में अंतरिम जमानत याचिका भी दायर की है। हालांकि सिसोदिया के वकील ने शनिवार को अदालत को बताया कि नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित किए जाने के कारण वह याचिका निरर्थक हो गई है। सीबीआई तथा ईडी का आरोप है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए।

आबकारी नीति घोटाला

● सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश 30 अप्रैल को सुना सकते हैं फैसला

गवाह बनने के बाद रेड्डी ने भाजपा को दिया 50 करोड़ : संजय

नई दिल्ली। आप ने शनिवार को आरोप लगाया कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी सरथ रेड्डी ने सरकारी गवाह बनने के बाद भाजपा को 50 करोड़ रुपए दिए। आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय टीवी चैनल पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया और भाजपा पर रिश्वतखोरी के लगे आरोपों को छुपाने का प्रयास किया। जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने मुख्य घोटालेबाज बताया, उसी ने भाजपा को करोड़ों रुपए की रिश्वत दी है।

हाईकोर्ट सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाला पर सुनाएगा फैसला

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट 2016 की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प. बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उम्मीदवारों के चयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित याचिकाओं और अपीलों पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। कोर्ट के आदेश पर जांच कर रही सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति देबांग्सु बसाक व न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की पीठ सोमवार को इस पर फैसला सुनाएगी।

गारंटी योजनाओं पर विजयेंद्र की टिप्पणियों के बाद निर्वाचन आयोग पहुंची कांग्रेस

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने शनिवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर सिद्धरमैया नीत सरकार की गारंटी योजनाओं पर प्रदेश भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के बयान पर कार्रवाई की मांग की।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कांग्रेस ने कहा कि मांड्या और चिक्कबल्लापुर में 17 अप्रैल की जनसभाओं में विजयेंद्र ने राज्य सरकार की पांच गारंटी की आलोचना की थी। इनमें गृहज्योति, गृहलक्ष्मी, युवानिधि, शक्ति योजना और अन्नभाग्य शामिल हैं। कांग्रेस ने पत्र में आरोप लगाया कि उन्होंने दलील दी कि इन गारंटी से राज्य सरकार दिवालिया हो गई। यदि कर्नाटक में भाजपा को वोट मिला तो वह चुनाव के बाद पांच गारंटी को रोक देंगे। विजयेंद्र ने मांड्या और चिक्कबल्लापुर के लोगों को धमकी भी दी। वियजेंद्र का बयान आदर्श आचार संहिता, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से विजयेंद्र पर कार्रवाई की मांग की है।

शंभू स्टेशन पर चौथे दिन भी धरना जारी अंबाला-अमृतसर रूट पर 54 ट्रेनें रद

अंबाला, एजेंसी

पंजाब के पटियाला जिले के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का पटरियों पर धरना चौथे दिन भी जारी रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 54 ट्रेन शनिवार को रद कर दी गईं।

अधिकारियों ने कहा कि किसानों के प्रदर्शन से शनिवार को 54 ट्रेनें रद कर दी गईं। प्रदर्शन के कारण तीन दिन में 380 ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। किसान संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पटियाला जिले के शंभू में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि जब तक तीनों किसानों को रिहा नहीं किया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। दोनों संगठन सरकार पर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

नाबालिग से गैंगरेप के जुर्म में दोषी युवक को उम्रकैद

पटना। पटना व्यवहार न्यायालय की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ गैंगरेप में एक युवक को उम्रकैद की सजा के साथ 25 हजार का जुर्माना लगाया है। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के शिवलोक को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के तौर पर पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने नाबालिग बालिका से अश्लीलता कर विडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर उसे दुकान में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया था।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-1000 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1175
चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 880

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	85850
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75900
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56500-56700
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	76,150
सोना रवा	76,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74800
सिल्वर (पक्की)	832 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	75,800
चांदी आभूषण	84,200

कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2300-2400, आरआर 21-2450-2500, गेहूं फारम 2550-2600, जौ 2000-2100, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200-2400, चना 5800-5900, अरहर 9000-10000, मसूर 5500-5600, मटर 3700-4000, उड़द हरा 11000-11800, उड़द काला 6000-8000, मूंग 8500-8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चना दाल 7200-7300, मटर दाल 4950-5050, मसूर मलका 7150-7200, मसूर दाल 7350-7400, उड़द दाल 9500-13000, उड़द धोवा 10700- 13250, मूँगदाल 9500-10500, मूँग धोवा 10000-11500, अरवा 2000-2300, बासमती न01. 8500-10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02. 6500-7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, लाही 4900-5000, अलसी 4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11500- 12700

केंद्र का लक्ष्य देश को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाना : सीतारमण

घरेलू बाजार के साथ ही निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह एलन मस्क के प्रधानमंत्री मोदी की बैठक रद करने पर सवाल का जवाब दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक न केवल भारत के लिए, बल्कि यहां से निर्यात करने के लिए भी

आएं और उत्पादन करें। हम नीतियों से विनिर्माताओं और निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी के दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है।

सीतारमण ने कहा कि जब बड़ी कंपनियां भारत आने में रुचि दिखाती हैं, तो हम उनके लिए यहां आने और निवेश को आकर्षक बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। उस प्रक्रिया में, अगर चर्चा करने के लिए कुछ भी होगा, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। हमने जो भी किया है, नीति के जरिए किया है। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया है ताकि भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया जा सके।

अर्थव्यवस्था में गुजरात का योगदान 8.3%

अहमदाबाद। वित्त मंत्री ने कहा कि गुजरात जीडीपी में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है जबकि इसकी आबादी पांच प्रतिशत है। गुजरात को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का फायदा मिल रहा है। अहमदाबाद में गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) द्वारा आयोजित विकसित भारत एट 2047 में वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति सरकार आशावान और प्रतिबद्ध है। 2014 में मोदी सरकार आने से पहले देश में मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी और पूंजी का पलायन हो रहा था। मोदी सरकार ने निर्णायक सुधारों से अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दी और सबके प्रयास से आज भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है।

एनर्जीज ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज किए पेश

नई दिल्ली। सोलर सेल बनाने वाली कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। हैदराबाद स्थित कंपनी आईपीओ के तहत 1,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। प्रवर्तकों और निवेशकों की ओर से 2.82 करोड़ तक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगी। कंपनी आईपीओ से पहले 300 करोड़ तक के शेयर बड़े निवेशकों को जारी कर सकती है। यदि ऐसा किया जाता है, तो निर्गम का आकार कम हो जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की परिचालन आय 1,428 करोड़ रुपये थी, जबकि बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर, 2023 तक यह आंकड़ा 2,017 करोड़ रुपये रहा।

आभूषण निर्यात 12.17 % घटकर 2.65 लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी

देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में

● अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार से उद्योग प्रभावित

कोविड-19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा। इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपये था। कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रह गया, जो 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था।

जब दुनिया तनाव में है, भारत प्रगति कर रहा : सीआईआई

कोलकाता, एजेंसी

● भारत में सेवा और विनिर्माण, दोनों ही क्षेत्रों में बड़े अवसर है मौजूद

प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है। पुरी आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं। पुरी ने कहा कि सीआईआई के पास दशकों से बनी एक समृद्ध विरासत है। हम निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था और उद्योग के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त भारत का है। देश में कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं, और वैश्विक कारक हमें आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। देश ऐसे समय में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव में है। पुरी ने कहा कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं और यहां प्रतिभा का बड़ा भंडार है। उन्होंने कहा कि जहां तक आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल परिवर्तन का सवाल है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभांश भी है। सेवा और विनिर्माण, दोनों क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं।

विश्व बैंक ने जी-20 अध्यक्ष के तौर पर भारत की प्रशंसा की

वाशिंगटन। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान कई प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। भारत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत ने 9-10 सितंबर तक नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुख मतभेदों को दूर करते हुए आम सहमति से 37 पेज के घोषणा पत्र को अपनाया और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के मौके पर बताया कि वैश्विक स्तर के लिए प्रासंगिक कई मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 में भारत की अध्यक्षता की सराहना हो रही है। मौजूदा लोकसभा चुनाव से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में शामिल नहीं हो रही हैं।

देश की जीडीपी 3.7 लाख करोड़ डॉलर, 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ डॉलर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

● वर्तमान समय में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत

भारत के वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था बनने की उम्मीद के बीच 10 वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद के बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने के अनुमान के मद्देनजर इस अवधि में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स द्वारा सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में सर्राफ एंड पार्टनर्स के संस्थापक एवं प्रबंध पार्टनर मोहित सर्राफ ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अभी भारत का सकल घरेलू उत्पाद 3.7 लाख करोड़ डॉलर का है जो 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। इसको पाने के लिए 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। इस दिशा में काम जारी है लेकिन गति बनाए रखने की जरूरत है ताकि इसको हासिल कर सके। सोसायटी ऑफ इंडियल लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन ने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर मामले लंबित है लेकिन इस मामलों को मध्यस्थता से निटपाया जा सकता है। अधिकांश मामलों में कहीं न कहीं सरकार आती है और सरकार नीतियों में खामियों की वजह से मामलों का निपटान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए लेकिन उनके स्थान पर तर्कसंगत कानून भी बनाये जाने की आवश्यकता है।

कंगाल पाकिस्तान ने आईएमएफ के सामने फैलाए हाथ

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है।

हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व और मध्य एशिया के लिए जारी अपने नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए।

2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

3 बिलियन डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में होगा पूरा

आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है। वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके। वहीं, आईएमएफ ने कहा है कि नए ऋण पैकेज के लिए बातचीत हो रही है वह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सुधारों को प्राथमिकता देने के लिए नाकाफी है।

रोजगार के मोर्चे में राहत, फरवरी में ईपीएफओ से जुड़े 15.48 लाख सदस्य

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच रोजगार के मोर्चे पर सरकार के लिए राहत भरी खबर आई है। शनिवार 20 अप्रैल को जारी ईपीएफओ के प्रोविजनल पेरोल डेटा के मुताबिक फरवरी, 2024 में ईपीएफओ में 15.48 लाख सदस्य जुड़े हैं। डाटा के मुताबिक फरवरी के महीने में ईपीएफओ में 7.78 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। डेटा का एक उल्लेखनीय पहलू ये है कि इसमें 18-25 उम्र के युवाओं का दबदबा रहा है, जो कुल नए सदस्यों का महत्वपूर्ण 56.36 फीसदी है।

सदस्यों में ज्यादातर युवा जुड़े

ईपीएफओ के डाटा से पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा हैं। इसमें मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल डाटा ये भी दर्शाता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए हैं। दरअसल इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली थी और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले ऑर्गनाइजेशन में फिर से शामिल हो गए। इन्होंने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने जमा किए पैसों को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना है। इससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई और उनकी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हुआ।

पिछले साल की तुलना में हुई बढ़ोतरी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से नवंबर, 2023 में लगभग 13.95 लाख लोग जुड़े हैं। इनमें से 7.36 लाख लोग युवा हैं। ईपीएफओ के आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अधिक है। ईपीएफओ आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2023 के दौरान लगभग 7.36 लाख नए सदस्यों ने नामांकन किया है। नए शामिल हुए सदस्यों में 18-25 वर्ष के युवाओं का आंकड़ा सबसे ज्यादा 57.30 फीसदी है।

2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं शामिल

पेरोल डेटा का विश्लेषण से पता चलता है कि 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके अलावा, फरवरी महीने के दौरान कुल महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही है। उद्योग-वार डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि मासिक आधार पर उद्योगों में लगे प्रतिष्ठानों जैसे कंप्यूटर के निर्माण, मार्केटिंग सर्विसिंग और उपयोग में लगे प्रतिष्ठान, सड़क मोटर परिवहन, ऑटोमोबाइल सर्विसिंग, कपड़ा आदि में कारोबार करने वाली कंपनियों से सबसे ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। ईपीएफओ के डाटा के मुताबिक कुल शुद्ध सदस्यों में से, लगभग 41.53 फीसदी अतिरिक्त विशेषज्ञ सेवाओं (मैनपावर सप्लायर्स, सामान्य ठेकेदारों, सुरक्षा सेवाओं, विविध गतिविधियों आदि) से हैं।

एक नजर

यरूशलम में ईश्वर को लिखी सैकड़ों चिट्ठियां, ताकि जंग बंद हो

तेल अवीव। यरूशलम के अल अक्सा मस्जिद की पश्चिमी दीवार यहूदियों का पवित्र धार्मिक स्थान है। पश्चिमी दीवार को यहूदियों के पवित्र टेंपल माउंट का हिस्सा माना जाता है। यहां इस्लाम और ईसाई धर्म के पवित्र धार्मिक स्थल हैं। यहां लोगों ने जंग बंद करने के लिए ईश्वर को चिट्ठियां लिखी हैं।

ट्रंप की सुनवाई के दौरान कोर्ट के बाहर आत्मदाह वाले युवक की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर खुद को आग लगाने वाले युवक की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने कहा कि अस्पताल उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्ट पॉन्ड पार्क इलाके में पहुंचे व्यक्ति के पास कुछ पर्चे थे। व्यक्ति ने ये पर्चे इधर-उधर फेंके और फिर खुद को आग लगा ली। पुलिस ने कहा कि कुछ दिन पहले फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क आए व्यक्ति ने पार्क में घुसने के लिए सुरक्षा चौकियों पर कोई सेंधमारी नहीं की थी।

मणिपुर में मतदान केंद्रों पर गोलीबारी के मामले में 3 गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले में एक मतदान केंद्र के पास गोलीबारी की घटना में शामिल होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्ति इंफाल पूर्वी जिले के मोइरंगकम्पु साजेब में गोलीबारी की घटना में शामिल थे। इस घटना में शुक्रवार को एक व्यक्ति घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी गोलीबारी करने के बाद चार पहिया वाहन से मौके से फरार हो गए थे और उन्हें घटनास्थल से पांच किलोमीटर से भी कम दूरी पर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

पंजाब के फाजिल्का में सवा दो किलोग्राम हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फाजिल्का जिले से दो किलो 220 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। बीएसएफ जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैनिकों ने 2.220 किलोग्राम हेरोइन सफलतापूर्वक बरामद की है।

विश्व में तीसरे युद्ध की आहट, अब इराक पर ड्रोन से हमला, दो सैन्य अड्डे तबाह

अमेरिका और इजराइल का हमले से इनकार, तीन लोग घायल

बगदाद, एजेंसी

इराक के सैन्य अड्डों पर जबरदस्त हवाई हमले हुए हैं। ये हमले बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में आधी रात को एक अज्ञात विमान द्वारा किए गए, जिसमें दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी हुई है। हवाई हमले ड्रोन के जरिए किए गए और दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) की ओर से इस्तेमाल किए गए सैन्य अड्डे पर हुए हैं। इन हमलों में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जबकि घटनास्थल तबाह हो गया है।

इराकी अर्धसैनिक हश्द शाबी बल बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में ये हमला हुआ। हमले में दों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें में एक हश्द शाबी बलों का गोला-बारूद का गोदाम तबाह हो गया और दूसरा हमला टैंक मुख्यालय पर हुआ। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से सूत्र ने कहा कि बगदाद से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व में मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में पुख्ता जानकारी अभी नहीं है।

इराक पर हमले को लेकर अमेरिका और इजराइल दोनों ने इनकार किया है। दोनों देशों ने कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले अमेरिका ने ही ऐन-अल-असद हवाई अड्डे पर एक हमले को नाकाम किया था। यहां अमेरिका और अन्य देशों के सैन्य बल मौजूद हैं।

सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जा रही है जांच: इराक की सुरक्षा समिति

बगदाद के दक्षिण में बेबीलोन गवर्नरेट में सुरक्षा समिति के सदस्य मुहन्नाद अल-अनाजी के अनुसार, विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए।

बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है। ईरान को संदेह है कि यह धमाके कहीं न कहीं इस्राइल की साजिश है। हालांकि, इजराइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएमयू एक इराकी अर्धसैनिक समूह है जो ज्यादातर शिया ईरान द्वारा समर्थित है। पीएमयू स्थानीय प्रशासन से संबद्ध है और ईरान में शिया के साथ मजबूत संबंध हैं जो लंबे समय से इराकी राजनीति पर हावी है। बता दें, ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इजराइल पर लगाया था।

टेस्ला के मालिक मस्क ने रद किया भारत दौरा

नई दिल्ली, एजेंसी

टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा टाल दिया है। बताया गया है कि मस्क ने खुद इस दौरे को कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया। बता दें कि मस्क सोमवार को ही भारत आकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से यात्रा टाल दी।

मस्क ने इसे लेकर एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे टेस्ला के प्रति जिम्मेदारी के चलते भारत दौरा टालना पड़ रहा है। लेकिन मैं इस साल ही भारत आने का मौका देख रहा हूं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने मस्क के दौरे के टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है।

दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली इसलिए भारत दौरा रद कर दिया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित करने को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार पर कटाक्ष किया और लोकसभा चुनाव का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए दावा किया कि इस अमेरिकी अरबपति ने भी दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है। मस्क ने शनिवार को कहा कि उनकी भारत यात्रा कंपनी संबंधी भारी दायित्वों के कारण टाल दी गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा मस्क एक निवर्तमान प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) से मिलने के लिए भारत आ रहे थे। उन्होंने भी अब दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और अपनी यात्रा स्थगित करने का फैसला किया है।

अमेरिका ने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने वाली संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

- चीन की तीन समेत चार कंपनियां खतरनाक हथियार बनाने में कर रही थीं मदद

पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका ने लंबी दूरी और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी चीजों की आपूर्ति करने वाली चीनी और बेलारूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, चीन की तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड और बेलारूस की मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट समेत चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। ये कंपनियां उन गतिविधियों में लीन थी, जिससे खतरनाक हथियारों को बनाने में मदद मिल रही थी। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा मिसाइल बनाने में ये कंपनियां मदद कर रही थी। मिलर ने कहा कि अमेरिका कोई भी गलत कदम को रोकने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। बता दें कि चीन हमेशा से पाकिस्तान का सहयोगी रहा है और इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों को उपलब्ध कराता रहा है। इनमें से एक कंपनी मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट ने पाकिस्तान के लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए विशेष वाहन चेसिस की आपूर्ति की। विदेश विभाग की फैक्टशीट के अनुसार, ऐसी चेसिस का उपयोग पाकिस्तान के एनडीसी द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए लॉन्च सपोर्ट उपकरण के रूप में किया जाता है, जो एमटीसीआर बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए जिम्मेदार है।

दोषियों को दी गई जमानत के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंची सौम्या की मां

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाई कोर्ट ने उम्र कैद के सजा पाए चारों को 12 फरवरी को दी थी जमानत

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को दी गई जमानत के खिलाफ माधवी विश्वनाथन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की शीर्ष अदालत की पीठ सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को निलंबित कर दिया और दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित होने तक सभी को जमानत दे दी। दोषियों को राहत देते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि वे 14 साल से हिरासत में हैं। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों दोषियों द्वारा दायर अपील पर जवाब देने को कहा था। कपूर, शुक्ला और मलिक को 2009 के जिगिशा घोष हत्याकांड में भी दोषी ठहराया गया था और वे अब भी जेल में हैं। बता दें, सौम्या की 30 सितंबर 2008 को दक्षिणी दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या तब हुई, जब वह आफिस से घर लौट रही थीं।

माउंट रुआंग ज्वालामुखी फटा

जकार्ता: उत्तरी इंडोनेशिया के सुलावेसी में माउंट रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट के चलते सुनामी की चेतावनी और सर्वोच्च लेवल-4 का अलर्ट जारी किया गया। राख आसमान में 3 किमी तक फैल गई। मानाडो के सेम रातुलांगी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा है। इससे हजारों विदेशी यात्री फंस गए हैं। 1100 किमी दूर मलेशिया के किनाबालू एयरपोर्ट की उड़ाने भी बाधित हुई है। ● एजेंसी

ताइवान की हवाई सीमा में चीन की घुसपैठ, कई क्षेत्रों में घुसे लड़ाकू विमान और ड्रोन

ताइपे, एजेंसी। चीन और ताइवान के बीच नए युद्ध को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच खबर है कि चीन ने ताइवान की हवाई सीमा में घुसपैठ की है। ताइवान की एक न्यूज एजेंसी का कहना है कि उसके हवाई क्षेत्र में चीन द्वारा लड़ाकू विमानों और ड्रोन की सहायता से घुसपैठ की गई है। इनमें चीन के जे-16 लड़ाकू विमान, शानक्सी वाई-8 विमान और ड्रोन सहित 21 चीनी सैन्य विमान शामिल हैं। इनमें से 17 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य या उसके विस्तार की मध्य रेखा को पार कर लिया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट की गई है। इसमें बताया गया है कि ताइवान के क्षेत्र में चीन के जे-16, वाई-8 विमान और ड्रोन समेत पीपल्स लिबरेशन आर्मी के 21 विमानों द्वारा घुसपैठ की गई है। इनमें से 17 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में गश्त की।

उ. कोरिया ने सबसे खतरनाक क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

सियोल, एजेंसी

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने फिर हथियारों का परीक्षण किया है। उसने पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र से एक सुपर-लार्ज क्रूज मिसाइल वारहेड और एक नई एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का परीक्षण किया।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा किसी भी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उत्तर कोरिया अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने में जुटा है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया के अनुसार, रणनीतिक क्रूज मिसाइल ह्वासल-1 आरए-3 के लिए तैयार वारहेड और प्योलज्जी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने इससे पहले दो फरवरी को ऐसे ही परीक्षण किए थे, लेकिन उस समय क्रूज मिसाइल या विमान रोधी मिसाइलों के नाम नहीं बताए गए थे। केसीएनए ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण उत्तर कोरिया की नियमित सैन्य प्रगति गतिविधियों के तहत थे और आसपास की स्थिति से इसका कोई लेनादेना नहीं है।

सर्वेक्षण न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल ने किया सर्वे, दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी थी राष्ट्रपति की लोकप्रियता

बाइडन की लोकप्रियता में इजाफा, ट्रंप से 1% ही पीछे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल के सर्वे के मुताबिक बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में अंतर घटकर एक फीसदी रह गया है। जो दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी था।

लोगों से पूछा गया था कि राष्ट्रपति चुनाव आज हों तो आप किसे वोट देंगे? फरवरी में 48 फीसदी लोग ट्रंप के साथ और 43 फीसदी लोगों ने बाइडन का समर्थन किया था। लेकिन अब दोनों नेताओं में लोकप्रियता को लेकर मात्र एक फीसदी की अतंर रह गया है। बता दें इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दोनों नेता एक बार फिर आमने-सामने नजर आ सकते हैं। हालिया हुए सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई।

जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया।

अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टकोण था। हालांकि, चुनाव को लेकर सभी राष्ट्रीय सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत के अनुसार ट्रंप राष्ट्रपति बाइडन से 0.8 प्रतिशत से आगे हैं।

बाइडन को वोट देने वाले डेमोक्रेट वोटर्स में लोकप्रियता बढ़ी

- राष्ट्रपति बाइडन लोकप्रिय होने के साथ डेमोक्रेट वोटर्स में भी ज्यादा पॉपुलर हुए हैं।

- 2020 में बाइडन को वोट देने वाले 89 फीसदी डेमोक्रेट्स का कहना है कि आज वोटिंग हो तो वे बाइडन को वोट देंगे, फरवरी में यह आंकड़ा 83 फीसदी ही था, जो अब 6 फीसदी बढ़ा है।
- ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी में समर्थकों में लोकप्रियता घटी है। फरवरी में 97 फीसदी रिपब्लिकन साथ थे, जो अब 3 फीसदी घटकर 94 फीसदी बचे हैं।

अपराधों की जांच के लिए संदशखालि पहुंची सीबीआई

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई टीम महिलाओं के खिलाफ कथित अपराधों और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच के लिए शनिवार को पश्चिम बंगाल के जिले के संदेशखालि पहुंची। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, संदेशखालि के सुंदरीखालि इलाके में पीड़ितों के घर पहुंचे कर उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की, उनके आरोपों के बारे जानकारी हासिल की है।

अधिकारी ने कहा कि टीम ने संदेशखाली थाने और जांच के संबंध में स्थानीय पुलिसकर्मियों से बात की है। उन्होंने बताया कि, हम महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के संबंध में ग्रामीणों से बात करने के लिए संदेशखालि में हैं। हम उनके आरोपों को लिख रहे हैं।'' कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की पिछले सप्ताह सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। संदेशखालि में इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पांच जनवरी को कथित राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखालि पहुंचे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था।